ARBIT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com



Mayush - Heartsick | "Jo apni ma ko yad kar ansu bahaye wah mayush (one who weeps while remembering her mother is heartsick)." | Foot and Ankle Exercises | Youth Day | Stay Warm & Healthy This Monsoon | Raindrops on roses & whiskers on kittens.......

# क्या ममता बनर्जी भी मायावती की राह पर हैं?

## मायावती की भांति ममता बनर्जी भी मोदी के प्रति ''सॉफ्ट'' होती जा रही हैं तथा विपक्ष की नेतागिरी करने का लोभ त्यागती जा रही हैं

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 अगस्त। राजनैतिक हल्कों में इस समय इस बिन्दु पर गहन बहस चल रही है कि क्या पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी धीरे-धीरे किन्तु पक्के तौर पर उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के रास्ते का अनुसरण कर रही हैं।

अगर इन दोनों नेताओं के तौर-तरीकों पर बारीक नजर डाली जाये, तो एक रोचक पैटर्न सामने आता है जिसमें बहुत सारी सभावनाएं नजर आती हैं। ममता और मायावती दोनों ही बड़ी मेहनत और धैर्य के जरिये इस ऊँचाई पर पहुंची हैं तथा अपने-अपने दलों की ऐसी सर्वोच्च नेता बन गई हैं, जिन्हें पार्टी का कोई अन्य नेता चुनौती नहीं दे सकता।

ये दोनों उग्र नेता, हमेशा अपने राजनैतिक प्रतिद्वंद्वी का सीधे मुकाबला करती रही है, अब उन मुद्दों पर भी भाजपा तथा उसके नेतृत्व के प्रति नरम होती जा रही हैं, जिन मुद्दों का विरोध करते हुये, ये दोनों पहले जबरदस्त तरीके से दहाड़ रही होतीं थीं।

जहां भाजपा के प्रति मायावती की खामोशी तथा विनीत रूख 12 मार्च, 2019 के बाद शुरू हुआ, जब आयकर अधिकारियों ने उनके पूर्व सचिव नेतराम पर संदिग्ध टैक्स चोरी को लेकर छापे मारे थे, वहीं ममता का विनम्र रूख हाल ही में उस समय सामने आया, जब वाजपेयी सरकार में वित्त तथा विदेश मंत्री रहे यशवंत सिन्हा को हाल ही में हुये राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष का उम्मीदवार घोषित कर दिया गया था।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- कुछ समय पूर्व, जब वे दिल्ली आईं तो राष्ट्रपति मुर्मु से औपचारिक भेंट करके, केवल प्र.मंत्री मोदी से मिलने गयीं, किसी विपक्ष के नेता से नहीं मिलीं। जबकि इससे पहले दिल्ली यात्रा में उन्हें विपक्ष के नेताओं के बीच बैठकर नेतागिरी करने का खासा चाव था।
- ममता बनर्जी के ''सॉफ्ट'' होने के और भी प्रमाण हैं, उनके स्वयं के द्वारा प्रस्तावित विपक्ष के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को मझधार में छोड़कर राष्ट्रपति चुनाव में तृणमूल का अजीबोगरीब रूख।
- इसी प्रकार उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में भी ममता बनर्जी ने अपनी राह के सबसे बड़े कांटे, भाजपा के उम्मीदवार जगदीप धनखड़ की खिलाफत का रूख छोड़, मतदान नहीं करने का निर्णय लिया।
- मायावती को प्रमुख रूप से भाजपा के प्रति सहानुभूति पूर्ण व मैत्री का रूख तब शुरू हुआ, जब उनके चहेते आई.ए.एस. अफसर नेतराम के घर इन्कम टैक्स विभाग ने छापा मारा। नेतराम मायावती के मुख्यमंत्री काल में मु.मंत्री कार्यालय में प्रमुख सचिव की हैसियत से पांच साल काम कर चुके थे।
- ममता बनर्जी का रूख भी बदलने लगा जब से दार्जीलिंग में उनकी राज्यपाल धनखड़ व आसाम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा से मुलाकात हुई। ममता बनर्जी को यह स्पष्ट मैसेज दिया गया कि, वे अपनी राजनीति प्रदेश स्तर तक सीमित रखें। उनके लगभग आधा दर्जन मंत्रियों व अन्य नजदीकी पार्टी के नेताओं के पास आय से कई गुना अधिक सम्पत्ति रखने का पक्का मामला व कागजात इन्कम टैक्स व अन्य केन्द्रीय जांच एजेंसियों के पास हैं।

## उपराष्ट्रपति धनखड़

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 अगस्त। जगदीप धनखड़ ने बुधवार को भारत के राष्ट्रपति और राज्यसभा के पदेन सभापति बन गए। सुप्रीम कोर्ट के जाने-माने वकील और पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल धनखड़ को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति तथा राज्यसभा के पदेन सभापति जगदीप धनखड़ को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ दिलवाई।

## आंध्र को नोटिस

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 अगस्त। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाय.एस. जगनमोहन रेड्डी सरकार को लंदन की आर्किटैक्ट फर्म

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र सरकार से जवाब मांगा है कि, अमरावती की राजधानी क्षेत्र का मास्टर प्लान बनाने वाली कम्पनी लंदन आर्किटैक्ट को बकाया भुगतान क्यों नहीं किया गया।

# 'चुनाव के समय रेवड़ियाँ बांटना गलत'

## सुप्रीम कोर्ट ने यह कहा, पर ऐसा करने वाली राजनीतिक पार्टियों पर प्रतिबंध लगाने से इंकार किया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 अगस्त। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इस बात से इन्कार कर दिया कि चुनावों में मतदाता को रिझाने के लिए मुफ्त सौगात (फ्रीबीज़) देने की घोषणा करने वाली पार्टियों की मान्यता रद्द कर दी जाए। मुख्य याचिकाकर्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने यह प्रार्थना की थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने सख्त शब्दों में कहा कि राजनैतिक दलों का मुफ्त सौगात बांटना एक गंभीर मामला है। इस संस्कृति पर रोक लगाई जानी चाहिए।

सुनवाई अगले बुधवार यानि 17 अगस्त को होगी, याचिका में मांग की गई थी। यह मामला विशेषज्ञ समिति को सौंपा जाए और वह असंगत सौगात बांटने पर विचार करे। इस विचार का सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी समर्थन किया। कोर्ट का कहना है कि सभी पक्षों की राय सुनने के बाद फैसला किया जाएगा कि विशेषज्ञ समिति का गठन हो या ना हो।

चीफ जस्टिस एन.वी. रमना ने कहा कि ''मैं मुफ्त सौगात देने वाली पार्टियों की मान्यता रद्द करने के क्षेत्र में जाना नहीं चाहता क्योंकि यह अलोकतांत्रिक है। आखिरकार हम लोकतंत्र हैं।''

जनकल्याणकारी योजनाओं और मुफ्त सौगातों में संतुलन बनाने की अपील करते हुए सी.जे.आई. रमना और जस्टिस कृष्ण मुरारी की दो सदस्यीय बैंच ने कहा कि यह सारी राशि इन्फ्रास्ट्रक्चर यानि बुनियादी ढांचे के विकास पर करनी चाहिए। उन्होंने कहा यह एक गंभीर विषय है, जिन्हें यह मिल रहा वे इसे चाहते हैं और हमारा लोक कल्याणकारी राष्ट्र है। कुछ लोग कह सकते हैं कि वे कर दे रहे हैं और इस राशि का इस्तेमाल विकास कार्यों में होना चाहिए। इसलिए इस मुद्दे की समीक्षा करने वाली प्रस्तावित कमेटी दोनों पक्षों को सुनेगी।

आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि याचिकाकर्ता के भाजपा से संबंध है और वह उन कल्याणकारी योजनाओं का विरोध करना चाहता है जिन्होंने समाज के कमज़ोर वर्गों का कायापलट कर दिया है इन योजनाओं को वे जानबूझ कर ''फ्रीबी'' (मुफ्त रेवड़ी) कह रहे हैं।

आम आदमी पार्टी की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने पैरवी की और कहा कि मुफ्त शिक्षा, पेयजल और हैल्थकेयर प्रदान करना सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है लेकिन कॉरपोरेट कर्ज माफ करना ''फ्रीबी'' (रेवड़ी) है।

आम आदमी पार्टी, जिसने उपाध्याय की पी.आई.एल. में हस्तक्षेप किया है, ने मांग की है कि लोक कल्याणकारी योजनाओं और मुफ्त सौगात में अंतर होना चाहिए तथा मुफ्त सौगात का नियमन किया जाए। कोर्ट ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- आप की तरफ से बहस कर रहे अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि, ''रेवड़ियाँ'' बांटना गलत है, पर फ्री शिक्षा, पीने का पानी व स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रेवड़ियाँ बांटना नहीं है, यह ''वैलफेयर स्टेट'' की जिम्मेवारी है।
- सिंघवी ने यह भी कहा कि, जो वकील पार्टियों पर इन कामों के लिये प्रतिबंध लगाने की बात कर रहे हैं, वो भाजपा का खेल खेल रहे हैं तथा आप सरकार की इन ''वैलफेयर स्कीम'' को बंद करवाना चाहते हैं, क्योंकि ये लोकप्रिय हैं।
- सुप्रीम कोर्ट ने एक विशेष समिति गठित करने का भी आदेश दिया, जो दोनों पक्षों को सुनकर अपनी रिपोर्ट व सिफारिश देगी कोर्ट में।

## बार एसोसिएशन

जयपुर, 11 अगस्त (का.सं.)। प्रदेश की किसी बार एसोसिएशन के सदस्य ने यदि एक से ज्यादा जगह पर बार एसोसिएशन में वोट डाला तो न तो वो किसी पद पर चुनाव लड़ पाएगा और ना ही अपना वोट डाल सकेगा। इसके अलावा उसकी सदस्यता भी तीन साल के लिए निलंबित हो जाएगी। प्रदेश में अधिवक्ताओं की नियामक संस्था बार काउन्सिल ऑफ राजस्थान (बी.सी.आर.) ने सितंबर 2017 के हाईकोर्ट

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- हाई कोर्ट ने कहा, बार एसोसिएशन के सदस्य अगर एक से अधिक बार एसोसिएशन के चुनाव में वोट देते हैं तो उनकी सदस्यता तीन साल के लिए निलम्बित कर दी जाएगी।

# तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बीरभूम के जिलाध्यक्ष भी गिरफ्तार

## अनुब्रत मंडल ने अपने आप को अपने विशाल बंगले में बंद कर लिया, जब सी.बी.आई. सैन्ट्रल रिज़र्व पुलिस के सिपाहियों को लेकर उनके निवास पर पहुंची, गिरफ्तार करने

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 अगस्त। इसमें चौंकने जैसी कोई बात नहीं है। कुछ गंभीर गलत कारनामों के चलते, तृणमूल कांग्रेस के एक और वरिष्ठ नेता को गिरफ्तार किया जाना आजकल के सामान्य चलन का हिस्सा मात्र है। अणुब्रत मंडल, जो बीर भूम जिले के टी.एम.सी. अध्यक्ष तथा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बहुत करीबी नेता हैं, को आज उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया।

सत्तारूढ़ पार्टी ने मंडल की गिरफ्तारी के खिलाफ बहुत बड़ा विरोध प्रदर्शन किया तथा कहा कि यह सरकार का अस्थिर करने की कोशिश है।

गिरफ्तारी बड़े नाटकीय तरीके से हुई, क्योंकि मंडल ने स्वयं को अपने विशाल आवास में बंद कर लिया था तथा सारे दरवाजे अंदर से लॉक कर लिये थे। सी.बी.आई. उन्हें गिरफ्तार करने के लिये केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस की बहुत बड़ी टुकड़ी अपने साथ लेकर गई थी क्योंकि बंगाल पुलिस सी.बी.आई. का सहयोग नहीं कर रही थी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस को सी.बी.आई. साथ में इसलिये ले गयी, क्योंकि राज्य की पुलिस ने सहयोग करने से मना कर दिया था।
- अनुब्रत मंडल व उनके ''साथियों'' पर बंगलादेश मवेशी भेजने का आरोप है, सी.बी.आई. का कहना है, उसके पास पुख्ता प्रमाण हैं।

# वरिष्ठ वकील व सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट धांधली रहित नहीं है!

## दुष्यन्त दवे ने उदाहरण के रूप में कहा कि, कौन सा मुकदमा, कौन सी बैंच सुनेगी तथा यह मुकदमा कब सुनवाई के लिये लगेगा, इसमें काफी गड़बड़ी होती है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 अगस्त। सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ एडवोकेट दुष्यन्त दवे, जिन्हें यहां वकालत करते हुए तीन दशक से अधिक समय हो गया, तथा जो सर्वोच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके हैं, ने सुझाव दिया है कि बैंच को सौंपा गया काम ऑटोमेटिक तथा कम्प्यूटराइज़्ड होना चाहिये, जिससे कि इस काम में मानवीय पसंद/नापसंद की गुंजाइश नहीं रहे। यह जिम्मेदारी रोस्टर के नियन्ता के रूप में मुख्य न्यायाधीश द्वारा नहीं किया जाना चाहिये।

''लाइव लॉ'' वेब मैग्ज़ीन को दिये

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- दुष्यन्त दवे ने कहा कि, अगर धांधली नहीं होती तो, कैसे एक धनाढ्य, औद्योगिक घराने के नौ मामले सदा न्यायाधीश अरूण मिश्रा की बैंच में ही क्यों लगे। जब इस औद्योगिक घराने के पहले चार मुकदमों में न्यायाधीश अरूण मिश्रा की बैंच ने ही निर्णय सुनाये, तो मैंने (दुष्यन्त दवे) जून 2019 को इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट को पत्र लिखा। पर उसके बाद मुख्य न्यायाधीश गोगोई ने इसी घराने के पांच और मामले न्यायाधीश मिश्रा की बैंच को भेजे। क्या यह संयोग था कि, न्यायाधीश गोगोई की पुस्तक का विमोचन समारोह आयोजित हुआ जिसमें इस घराने के लोगों को बड़े आदर व प्रेम से आगे ही आगे बिठाया गया था।
- दुष्यन्त दवे ने यह भी कहा कि, केस की कब सुनवाई होगी, इसका निर्णय मनमाने ढंग से बड़े-बड़े वकीलों की वरिष्ठता आदि को ध्यान में रखकर होता है, इसका सबसे ज्यादा खामियाजा युवा, नये वकीलों को होता है, जिनके महीने में दो केस ही होते हैं और यह कहना संभव नहीं होता कि, ये केस कब लगेंगे। बड़े-बड़े वकील, जिनके महीने में पचार केस होते हैं, तुरंत अपने मुकदमों को लगवा लेते हैं।



## विचार बिन्दु

आत्मा के आनंद रूपी सामंजस्य का बाहरी रूप दया है। –विलियम हैज़लित

# मातृभाषा का अर्थ और औचित्य, संविधान की आठवीं अनुसूची के संदर्भ में

'राजस्थान मातृभाषा वास्ते' महाराजा गजेन्द्रसिंह ने एक अपील निकाली और राजस्थानी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किये जाने की चर्चा कर भाषाई विवाद खड़ा किया और विधानसभा ने दिनांक 25.8.2003 को राजस्थानी यथा ब्रज, ढूंढाडी, मारवाडी, बागडी, हाडौती, शेखावाटी आदि को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने का एक संकल्प (प्रस्ताव) पारित किया। यहीं से राजस्थानी भाषा का विवाद प्रारम्भ हुआ। राजस्थान शब्द आजादी के बाद सुनने को मिला, इससे पूर्व रजवाडों की भूमि को राजपूताना नाम से जाना जाता था। विभिन्न रियासतों के विलय के बाद, राजपूताना को राजस्थान कहा जाने लगा।

भाषाई सर्वेक्षण होकर सन 1914 में एक पुस्तक प्रकाशित हुई थी जिसका नाम था 'लिग्निस्टिक सर्वे ऑफ इण्डिया'। उसमें राजपूताना की तत्कालीन रियासतों में बोली जाने वाली बोलियों के नाम दिये हैं, किन्तु उसमें कहीं भी राजस्थानी भाषा अथवा बोली का उल्लेख नहीं मिलता। यह सच है मारवाडी, ब्रज, बागडी, मेवाडी, हाडौती, शेखावाटी आदि बोलियां राजपूताना के अलग-अलग भागों में बोली जाती रही हैं, किन्तु राजस्थानी नाम की बोली तो आज भी कहीं नहीं बोली जाती। कोटा, बूंदी, झालावाड में हाडौती बोली, बोली जाती थी। मारवाडी केवल 5 जिलों में बोली जाती है। बागडी केवल डूंगरपुर में बोली जाती थी हाडोती में बागडी को न तो समझ सकता है और न बोल सकता है। ब्रज क्षेत्र में ब्रज बोली जाती थी। सन 1949 में राजस्थान उच्च न्यायालय की भाषा हाईकोर्ट ऑर्डिनेन्स द्वारा हिन्दी घोषित की गई थी। स्कूलों में हिन्दी पढ़ाई जाती थी।

स्वाधीनता प्राप्त करने के बाद संविधान निर्मात्री कमेटी ने संविधान बनाने के हेतु 29.8.1947 को ड्राफ्ट कमेटी का गठन किया। उसने संविधान का ड्राफ्ट फरवरी 1948 में बनाया। देश की राजभाषा (राष्ट्र भाषा) के संबंध में कमेटी में गम्भीर वाद विवाद व चर्चायें हुईं, लगभग 300 संशोधन पर विचार हुआ, और इस आधार पर राजभाषा का चेप्टर संविधान का महत्वपूर्ण अंग बना। इस संबंध में संविधान के अनुच्छेद 120, 348, 351, 210, व अनुसूची 8 का अध्ययन अति आवश्यक है। ये सभी प्रावधान भाषाओं से संबंध रखते हैं और बोली से इनका कोई संबंध नहीं है। साहित्य व भाषा सनातन है और बोलियां तो प्रत्येक 12 कोस पर बदलती रहती है।

संविधान निर्मात्री कमेटी ने संविधान और राजभाषा के चेप्टर को बहुत ही कुशलता से ड्राफ्ट किया है। इसकी विषय वस्तु को माननीय गोपाल स्वामी आयंगर के शब्दों में इस प्रकार अभिव्यक्त किया गया है:-

"हम सबने जो अन्तिम निर्णय लिया है वह है कि हमने हिन्दी का राजभाषा के रूप में अंगीकार किया है..... जब हम कोई लक्ष्य प्राप्त करते हैं तो हमें अंग्रेजी की जिसे हमने अपनाया था, उसे विदाई देनी होगी। हिन्दी को अंग्रेजी के स्थान पर अंगीाकर करने का काम हमने किया है। अंग्रेजी के स्थान पर हिन्दी को लाने का हमारा महत्वपूर्ण निर्णय है। हमें कुछ वर्षों तक अंग्रेजी का प्रयोग चालू रखा है, रखना होगा कि समय के बाद हिन्दी पूर्ण रूप से उसका स्थान ले ले"।

हिन्दी राष्ट्रभाषा होगी 14.9.1949 को घोषणा की गई थी। दुर्भाग्य था कि संसद में राजभाषा अधिनियम 1963 संविधान लागू होने के 13 वर्षों के बाद बनाया और नियम 13 वर्षों के बाद 1976 में बने जबकि यह प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 368 के प्रतिकूल थी और संविधान के मूल ढांचे को खण्डित करने वाली थी। संविधान के लागू होने के 15 वर्ष बाद राजभाषा अधिनियम 1963 में सन 1968 में एक संशोधन लाया गया कि जब तक देश की सभी विधान सभायें प्रस्ताव पारित कर यह निर्णय न ले लें कि अंग्रेजी का प्रयोग समाप्त कर दिया जावे, हिन्दी को राजभाषा बनाने तक अंग्रेजी का प्रयोग चालू रहेगा। इस संशोधन से वीटो का अधिकार विधान सभाओं को दे दिया गया जबकि अनुच्छेद 343 के अनुसार 26 जनवरी 1965 को हिन्दी राजभाषा (राष्ट्रभाषा) स्वत: ही घोषित हो चुकी थी। अनुच्छेद 120 ने स्पष्ट कर दिया कि 15 वर्षों के बाद अंग्रेजी के स्थान पर हिन्दी संसद की भाषा होगी। संसद ने भी स्पष्ट कर दिया है लिंक भाषा हिन्दी होगी और प्रत्येक सांसद अपनी क्षेत्रीय भाषा का प्रयोग कर सकता है। हाँ विशिष्ट परिस्थितियों में अंग्रेजी का प्रयोग भी हो सकता है। सन 1968 का संशोधन असंवैधानिक व अवैध है और वीटो का अधिकार निरंकुश है।

**आज हिन्दी जन जन की भाषा हो चुकी है, देश हिन्दी बोलता है। हिन्दी की फिल्में देखता है। हिन्दी यूएनओ की भाषा होने जा रही है। अतः कुछ बोलियों को राजस्थानी कह कर आठवीं अनुसूची में शामिल करने की बात हिन्दी के हित में नहीं है, और न भारतीय संविधान के अनुरूप है।**

सभी राज्यों ने अपने राज्य के लिये, राजस्थान के लिये राजस्थान राजभाषा अधिनियम 1956 में ही बन गया था और राज की भाषा धारा 3 के अनुसार हिन्दी घोषित की गई। राजस्थान हिन्दी भाषाी राज्य है यहां सम्पर्क भाषा हिन्दी है, फिर हिन्दी को हटाकर अंग्रेजी को लाने का तो कोई औचित्य नहीं है।

सन 2021 में एक समाचार पढ़ा था कि एक रिट याचिका (पीआईएल) राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर में पेश की गई थी उसमें राजस्थानी यानि राजस्थान की बोलियों को अनुसूची 8 में शामिल करने की प्रार्थना की थी और अभी कुछ दिनों पूर्व ही संसद में एक प्राइवेट बिल इसी हेतु प्रस्तुत किया है जिसमें भी वहीं प्रार्थना है। यों तो वह अवैध है, निरंकुश है व अमान्य है देश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 लागू है। इस अधिनियम व नियमों में तथा देश की शिक्षा नीति में यह आवश्यक घोषणा की गई है कि बच्चों की प्रारम्भिक शिक्षा उनकी मातृभाषा में होनी चाहिये। राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर में डीबी स्पेशल अपील रिट नं. 19/2022 के केस स्टेट ऑफ राजस्थान व अन्य बनाम स्कूल डेवेलपमेंट कमेटी श्री हरीसिंह स्कूल व अन्य में यह स्पष्ट कर दिया है कि मातृभाषा का अर्थ है हिन्दी।

कुछ दिन पूर्व ही उच्च न्यायालय जोधपुर के समक्ष एक पिटीशन एकल पीठ में पेश की गई थी, उसमें महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल को लेकर एक निर्णय दिया गया है। एकल पीठ के समक्ष यह प्रार्थना की थी कि अंग्रेजी माध्यम की स्कीम संविधान, आरटीआई एक्ट 2009 के तहत अवैध है। एकल पीठ ने यह भी माना कि बच्चे की प्रारंभिक शिक्षा उसकी मातृभाषा में होनी चाहिये तथा स्कूल के क्षेत्र में हिन्दी माध्यम से संचालित स्कूल है व अन्य कोई स्कूल नहीं है अत: स्कूल को हिन्दी से अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में बदलना उचित नहीं है एकल पीठ के निर्णय के विरूद्ध खण्डपीठ में उक्त अपील की गई थी। इस अपील की सुनवाई न्यायाधीश संदीप मेहता व न्यायाधीश कुलदीप माथुर की खण्डपीठ में की गई। खण्डपीठ ने एकल पीठ के निर्णय के हस्तक्षेप उचित नहीं समझा और निर्णय दिनांक 27.07.2022 में यह करार दिया कि अंग्रेजी माध्यम से स्कूल संचालित करना है तो दूसरी पारी में किया जावे और हिन्दी माध्यम स्कूल को लगातार संचालित किया जावे और 15 दिन में जो अन्य विद्यार्थी हिन्दी माध्यम में प्रवेश लेना चाहें तो उन्हें प्रवेश देवें। इस प्रकार के आदेश से खण्डपीठ ने अपील का निस्तारण कर दिया। खण्डपीठ के निर्णय के विरूद्ध सुप्रीम कोर्ट में अपील होगी इसकी पूरी सम्भावना है। अत: विषय के गुण दोष पर कुछ नहीं कहना ही उचित है। केस में केवल विवाद बिन्दु इतना ही था कि प्रत्येक राज्य में प्रारंभिक शिक्षा राज्य की घोषित भाषा में दी जावेगी। इसका अर्थ है संविधान की आठवीं अनुसूची वह प्रावधान है जो प्रत्येक प्रान्त के लिये अपनी राजभाषा घोषित करता है और वहीं प्रान्त के लोगों की मातृभाषा है। राजस्थान में सभी जिलों में हिन्दी बोली जाती है और वही कामकाज की भाषा है और मातृभाषा है। इसी प्रकार अन्य राज्यों की अपनी अपनी राजभाषा है और हिन्दी लिंक भाषा है, जिसने अंग्रेजी के स्थान पर आसीन किया गया है। हिन्दी का कोई विरोध प्रान्तीय भाषाओं से नहीं है। अंग्रेजी विदेशी भाषा है, वह मातृभाषा नहीं है। अन्य भाषाओं की तरह यानी फ्रेन्च, जर्मनी आदि की तरह वह देश में पढ़ाई जा सकती है, किन्तु प्रारंभिक शिक्षा तो मातृभाषा में ही होगी, जिसका उल्लेख आठवीं अनुसूची में है। बोलियों के लिये आठवीं अनुसूची में कोई स्थान नहीं है। देश का प्रत्येक प्रान्त अपने राज्य की भाषा का साहित्य सृजन कर सकता है, इसमें कोई टकराव नहीं है। बोलियों में भी कई बोलियां प्रान्तों में ऐसी हैं, उनका साहित्य हो सकता है। वर्तमान में (जहां तक राजस्थान का संबंध है) मारवाडी राज्य के केवल पांच जिलों में बोली जाती है, हाडौती कोटा, बूंदी, झालावाड जिलों में बोली जाती है, इस प्रकार इन बोलियों को राजभाषा नहीं माना गया है। राजस्थान ऑफिशियल लेंग्वेजेज एक्ट 1956 के अनुसार राज्य की भाषा हिन्दी है, इस प्रकार विधान सभा के दिनांक 25.8.2003 के प्रस्ताव के अनुसार ब्रज, ढूंढाडी, मारवाडी, बागडी, शेखावाटी आदि को हम हिन्दी नहीं कह सकते न इन्हें सामूहिक रूप से राजस्थानी कह सकते हैं।

यह मान्य सिद्धान्त है कि किसी भी अन्य देश की विदेशी भाषा के माध्यम में शिक्षा प्रदान नहीं की जा सकती। हिन्दी सदियों से राजकाज और जन जन की भाषा रही है। ईस्ट इण्डिया कम्पनी के शासन काल में भी हिन्दी का शासन हेतु व्यवहार होता था। जैसा ऊपर कहा है 1949 में राजस्थान उच्च न्यायालय की भाषा हिन्दी रखी गई थी। सन्तों, देशभक्तों, समाज सुधारकों, स्वतंत्रता सेनानियों ने राष्ट्रीय एकता को अक्षुण्ण रखने के हेतु हिन्दी को ही माध्यम माना था।

जुलाई 2021 को नई शिक्षा नीति का एक वर्ष पूरा हो चुका है। इस अवसर पर पीएम नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की है कि आठ राज्यों में 14 इंजीनियरिंग कॉलेजों में हिन्दी, तामिल, तेंलगु, मराठी, बंगाली में इंजीनियरिंग पढ़ाई जावेगी।

आज हिन्दी जन जन की भाषा हो चुकी है, देश हिन्दी बोलता है। हिन्दी की फिल्में देखता है। हिन्दी यूएनओ की भाषा होने जा रही है। अत: कुछ बोलियों को राजस्थानी कह कर आठवीं अनुसूची में शामिल करने की बात हिन्दी के हित में नहीं है, और न भारतीय संविधान के अनुरूप है। प्रारंभिक शिक्षा तथाकथित राजस्थानी यथा ब्रज, ढूंढाडी, मेवाती, मारवाडी, हाडोती, शेखावाटी आदि को मातृभाषा मानकर शिक्षा देना असंभव है। राजपूताने में भी प्रारंभिक शिक्षा हिन्दी में ही दी जाती थी। आज के युवक अंग्रेजी की पीछे पागल हो रहे हैं वे बोलियों को क्या हिन्दी को भी नहीं समझ रहे हैं। हिन्दी के प्रति यही उदासीनता रही तो 100 वर्ष बाद हिन्दी समझने वाले मुठ्ठी भर रह जावेंगे एक उत्कृष्ट वैज्ञानिक भाषा का अन्त हो सकता है। वर्तमान में हिन्दी बोलने वाले एक दर्जन से अधिक देश हैं। हिन्दी बोलने वाले 80 करोड़ से अधिक हैं। हिन्दी दुनिया की दूसरी सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा है। तथाकथित राजस्थानी भाषा यथा प्रान्त की बोलियों को राजस्थानी भाषा का राज्य मानने पर राज्य के 9 करोड़ हिन्दी बोलने वालों की संख्या कम हो जावेगी। फलस्वरूप हिन्दी को विश्व भाषा बनाने का सपना ही टूट जावेगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट, जयपुर**

# पूंजीवादी अर्थनीति और साम्प्रदायिक राजनीति का वाहक बनता जा रहा है आदिवासी नेतृत्व

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी नेतृत्व क्या करे? आदिवासी समुदाय के जल, जंगल, जमीन एवं मानव अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के संकल्प को दोहराने के लिए प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने पहली बार 1994 में 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के रूप में मनाए जाने का संकल्प लिया था। जल, जंगल और जमीन के असली हकदार इस देश के आदिवासी हैं । आदिवासियों के लिए कानूनन अनुसूचित जनजाति शब्द प्रयुक्त किया है।

2011 की जनगणना के मुताबिक इंडिया की साढ़े आठ प्रतिशत आबादी आदिवासी समुदाय की है। राजस्थान में साढ़े तेरह प्रतिशत आबादी आदिवासी लोगों की है। आदिवासी आबादी की बहुलता की दृष्टि से बांसवाड़ा प्रथम, डूंगरपुर द्वितीय एवं प्रतापगढ़ जिला तृतीय स्थान पर है। भील, मीना, डामोर, गरासिया, धानका, कोकना, पटेलिया, काठोड़ी, नाईकड़ा , सेहरिया राजस्थान की प्रमुख आदिवासी जातियां हैं।

आदिवासियों के अधिकार, कल्याण एवं उन्नित के लिए संवैधानिक प्रावधान हैं। शिक्षा एवं रोजगार के लिए अनेक सरकारी योजनाएं चल रही हैं। एसटी सब प्लान है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम भी बना हुआ है लेकिन आदिवासी समुदाय का बड़ा हिस्सा शिक्षा एवं विकास की दृष्टि से आज भी बदतर स्थिति में है।

राजस्थान पुलिस की ताजा क्राइम रिपोर्ट के मुताबिक अनुसूचित जनजाति पर अत्याचारकी घटनाओं में राजस्थान में पिछले 10 वर्षों में 67 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। अनुसूचित जनजाति पर अत्याचार के वर्ष 2011 में 1263 प्रकरण दर्ज हुए थे जो 2021 में बढ़कर 2121 हो गए। इनमें 67 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। 2019 से 2021 के 3 वर्षों में अनुसूचित जनजाति पर अत्याचार की घटनाओं में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

आदिवासी क्रूर पूंजीवादी और अर्द्ध सामंती शोषण के शिकार हैं। जल,जंगल और जमीन के हक से बेदखल कर दिए जा रहे हैं। पूंजीपति और धनी किसानों के लिए सस्ती और बंधुआ मजदूरी के स्त्रोत बन गए हैं। वन



डॉ.रमेश बैरवा

अधिकार कानून को कमजोर कर आदिवासियों को बेदखल किया जा रहा है। कॉरपोरेट परस्त नीतियों के कारण आदिवासियों के अस्तित्व एवं अस्मिता पर हमला हो रहा है।

आदिवासी महिलाएं दैहिक शोषण का शिकार हो रही हैं। आदिवासी संस्कृति और विशिष्ठ पहचान खतरे में है। मजदूर, किसान, महिला, दलित जैसे मेहनतकश व वंचित तबकों की तरह आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों पर हमले बढ़ते ही जा रहे हैं। दक्षिण राजस्थान में आदिवासियों के हालात तो और भी बदतर हैं। हिन्दुकरण के नाम पर आदिवासियों को सांप्रदायिक एवं हिंसक बनाया जा रहा है। मीणा समुदाय की पहचान पर उपजा विवाद इसका उदाहरण है।

यह अच्छी बात है कि आदिवासी समुदाय के हकों के लिए आवाज भी उठ रही है। वे लोग जो हर किस्म के शोषण के खिलाफ हैं। जो इंडिया को सही मायने में समतामूलक समाज बनाना चाहते हैं।

अपनी विशिष्ठ पहचान एवं संस्कृति को बचाए रखने तथा अपनी जिंदगी को बेहतर बनाने की खातिर आदिवासी समुदाय के बीच जागरूकता आई है। आदिवासी अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए संघर्ष तेज कर रहे हैं। अमीर परस्त शासनतंत्र आदिवासी समुदाय की एकजुटता को तोड़ने का प्रयास करता है।

उन्हें जायज अधिकारों से वंचित करता है। कई बार तो क्रूर तरीके से दमन भी करता है। आदिवासी अस्मिता एवं विशिष्ट पहचान की आड़ में कुछ आदिवासी संगठन कट्टरता फैला रहे हैं।

यह भी गौरतलब है कि आदिवासी नेतृत्व का बड़ा तबका आदिवासियों को उनके जल, जंगल और जमीन के पुश्तैनी हक से वंचित और विस्थापित करने वाली पूंजीवादी अर्थनीति और साम्प्रदायिक राजनीति का वाहक बनता जा रहा है। समस्त शोषित पीड़ित तबकों की एकता एवं साझा संघर्ष का विरोधी है। जबकि फौरी जरूरत आज पूंजीवादी अर्थनीति और विभाजन की सांप्रदायिक राजनीति के खिलाफ आदिवासी एवं गैर आदिवासी तबकों की साझा एकता एवं संघर्ष की है। किसी आदिवासी नेता के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, बड़ा अधिकारी बन जाने से मात्र से ही आदिवासियों को शोषण से मुक्ति नहीं मिलेगी।

विषमता, भेदभाव, शोषणमूलक व्यवस्था में प्रतिनिधित्व के नाम पर भागीदारी से ही काम नहीं चलेगा। बुनियाद बदलाव अत्यंत जरूरी हैं और बुनियादी बदलाव तभी आ पाएगा जब आदिवासी के हक में नीतियां बने और इनका फायदा आदिवासी अभिजन को नहीं बल्कि आदिवासी आमजन को मिले। क्या ऐसा किया जाएगा?

**डॉ.रमेश बैरवा,.**
**विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान**
**राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर**

# जेल में बंद भाइयों को बहनों ने बांधा रक्षा सूत्र

अजमेर, (कास)। अजमेर शहर सेंट्रल जेल में अपराध की सजा काट रहे कैदी भाइयों की कलाई पर बहनों ने राखी बांध कर भाई की रिहाई की दुआ मांगी। इस मौके पर भाई-बहनों की आंखों से आसूं भी छलक पड़े। बहनों ने भाइयों के सुखी जीवन की कामना की।

■ **सीआरपीएफ के जवानों को भी महिला मोर्चा की बहनों ने रक्षा सूत्र बांधे**

रक्षाबंधन के पर्व पर देशवासियों की रक्षा करने वाले सीआरपीएफ के जवानों को महिल ा मोर्चा की बहनों ने कल ाई पर रक्षा सूत्र बांध कर उनके जीवन की मांग कामना की।



**अजमेर सेंट्रल जेल में कैदी भाइयों को मिठाई खिलाती बहने।**

प्राचीन सिन्धी शिव मन्दिर गंज परिसर में जन सेवा समिति, अजयमेरू सेवा समिति, व्यापारिक एसोसिएशन गंज और पूज्य सिन्धी पंचायत अजमेर के तत्वावधान में सर्वधर्म प्रतिनिधियों द्वारा रक्षा बंधन कार्यक्रम आयोजित कर कौमी एकता व भाई चारे की मिसाल पेश की।

इसी प्रकार रक्षाबंधन के पर्व पर पंचशील निवासी प्रतिष्ठा तोलानी अपने मुस्लिम भाई राहिल हुसैन को राखी बांध कर सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश की। तोलानी पिछले 8 वर्षों से राखी बांधती आ रही है।

अजमेर में गुरुवार को सेंट्रल जेल प्रशासन ने कैदी भाइयों व उनकी बहनों के लिए विशेष इंतजाम किए। जेल व जिला पुलिस ने जेल सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करते हुए अतिरिक्त जाब्ता भी तैनात किया। जेल के मुख्य द्वार पर जेल प्रशासन ने राखी बांधने की व्यवस्था की, जहां सलाखों के पीछे बैठे भाई को बहन ने राखी बांध मिठाई खिलाई। इस दरमियान बहन-भाइयों की आंखें भी छलक उठी।

# मजबूत इरादा लेकर हज के लिए पैदल निकले केरल के शिहाब चित्तूर



**जून माह से केरल के मन्नपुराम से पैदल हज पर निकला शिहाब चित्तूर पुर कस्बे में पहुंचा।**

भीलवाड़ा, (निसं)। अल्लाह का घर देखने की तमन्ना हर मुसलमान की होती है लेकिन हजारों किलोमीटर पैदल चलकर हज पर जाना हर किसी के बस की बात नहीं लेकिन जब इरादे मजबूत हो तो मंजिल भी आसान हो जाती है। ऐसा ही नेक और मजबूत इरादा लेकर हज के लिए निकले है केरल के शिहाब चित्तुर।

शिहाब की रजा (मर्जी) और जिद अल्लाह का घर पैदल जाकर देखने की है। युवा शिहाब चित्तुर जून माह में केरल के मन्नपुराम से पैदल हज पर निकले जो पुर की सरजमीन पर पहुंचे और पुर कच्ची बस्ती स्थित एक नीजि निवास पर ठहरे। इस दौरान केरल के शिहाब ने बताया कि मैं जून माह से केरल के मन्नपुराम से पैदल हज पर निकला। इस दौरान जगह-जगह पर मेरे चाहने वालों ने मेरा इस्तकबाल किया, पर भीलवाड़ा की सरजमीन पुर में यहां के बाशिंदो व पुलिस-प्रशासन ने जो व्यवस्था की वह वाकई में सभी जगहों सें अलग दिखाई दी। यहां पर हजारों की तादाद में बच्चे, बुजुर्ग व औरतें मौजूद थे। इसके बाद भी अंजुमन कमेटी पुर, लैब्बक कमेटी, पठान समाज व गरीब नवाज कमेटी के साथ पुर थाने के पूरे स्टॉफ ने मिलकर जो व्यवस्था कायम की वह काबिले तारीफ थी। इसके लिए में और मेरी टीम की तरफ से इन सभी का तहेदिल से शुक्रिया अदा करता हुं।

# हाथ में तिरंगे के साथ पेड़ों को राखी बांधी



**रायला क्षेत्र के ईरांस ग्राम में पर्यावरण प्रेमी युवाओं ने पेड़ों के रक्षा सूत्र बांधे।**

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के रायला क्षेत्र के ईरांस ग्राम में पर्यावरण प्रेमी युवाओं ने हाथों में तिरंगा झंडा लिये रक्षाबंधन का पर्व अनोखे अंदाज में मनाया।

वहीं पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर पालन पोषण करने का भी संकल्प लिया। पर्यावरण प्रेमी नेहरू युवा मंडल अध्यक्ष सांवर जाट, कोषाध्यक्ष मुकेश जाट, रमेश गिरी, भगवती लाल सुथार, बाबूलाल जाट, राजेन्द्र जाट, गोविन्द राम, मुकेश कुमार, पुखराज जाट, शंभूलाल रेबारी, रणजीत गुर्जर हर साल पेड़ पौधों के संरक्षण का काम कर रहे हैं ।

अध्यक्ष जाट ने बताया कि करीब 3 साल पहले ग्राम पंचायत के चारागाह परिसर में ग्राम पंचायत ईरांस व नेहरू युवा संगठन के सहयोग से छायादार एवं फलदार पौधे लगाए थे। इन पौधों को हर साल रक्षा सूत्र बांधकर पालन पोषण कर रहे हैं।

पहले जो छोटे पौधे थे अब बड़े वृक्ष बन गए हैं जिसमें वट वृक्ष सहित कई पीपल, गुलमोहर, कदम्ब, अशोक सहित कई तरह के पौधे शामिल हैं। पर्यावरण प्रेमियों ने कहा कि छायादार पेड़ों को हर साल रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का त्योहार मनाते हैं, ताकि पर्यावरण का संरक्षण किया जा सके।

## राशिफल शुक्रवार 12 अगस्त, 2022



पंडित अनिल शर्मा

सावन मास, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, शुक्रवार, विक्रम संवत 2079, धनिष्ठा नक्षत्र रात्रि 1:36 तक, सौभाग्य योग दिन 11:33 तक, बव करण प्रात: 7:06 तक, चन्द्रमा आज दिन 2:44 से कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-मकर, मंगल-वृष, बुध-सिंह, गुरू-मीन, शुक्र-कर्क, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज राजयोग सूर्योदय से प्रात: 7:04 तक है। आज सावनी पूर्णिमा, सत्य व्रत, संस्कृत दिवस, जीवतंतिका पूजन, वरद लक्ष्मी व्रत है। पंचक दिन 2:44 से आरम्भ होगा। आज प्रतिपदा तिथि का क्षय हुआ है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:38 तक, लाभ-अमृत 7:38 से 10:54 तक, शुभ 12:32 से 2:10 तक, चर 5:25 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:00, सूर्यास्त 7:03

### मेष


अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। दिन के मध्यान्ह पश्चात आर्थिक/वित्तीय समस्या का समाधान हो सकता है।

### वृष


नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। दिन के मध्यान्ह पश्चात व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

### मिथुन


अपनी योजना को सीमित रखें। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आर्थिक समस्या अभी बनी रहेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।

### कर्क


व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है।

### सिंह


स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### कन्या


व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। धन प्राप्त हो सकता है। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

### तुला


घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृश्चिक


परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### धनु


आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। शुभ कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

### मकर


मन:स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य शीघ्रता से बनने लगेंगे। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### कुंभ


घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### मीन


आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

# रिमझिम फुहारों के बीच बहनों ने भाई की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र




रक्षाबंधन पर रोडवेज बसों में सुबह से महिलाओं की भीड़ रही।



रक्षाबंधन पर ब्रह्मा कुमारी बहनों ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया को राखी बांधकर आशीर्वाद दिया।

**जयपुर।** सावन की घटाटोप और रिमझिम फुहारों के बीच शहर भर में बहन-भाई के अटूट स्नेह का पावन पर्व रक्षाबंधन श्रावणी पूर्णिमा गुरुवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर अक्षत तिलक लगाकर उनकी कलाइयों पर राखी के प्रतीक के रूप में प्यार बांधा। इस पर भाइयों ने अपनी बहनों को रक्षा की प्रतिज्ञा के साथ उन्हें यथासंभव उपहार भेंट किए। राखी के एक दिन पहले बुधवार को त्योहारी सजावट से निखरे बाजारों में राखी, मिठाइयों की दुकानों पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने जमकर खरीदारी की। शहर भर में राखियों की स्टॉल्स पर बहनों को खरीदारी करते देखा गया।

उल्लेखनीय है कि दिन भर भद्रा होने के कारण राखी बांधने के शुभ मुहूर्त का असमंजस बना रहा, लेकिन अधिकतर लोगों ने सुबह और शाम के शुभ और श्रेष्ठ मुहूर्त में ही राखी बंधवाई। हालांकि राखी बंधवाने का सिलसिला दिन भर चला। ज्यादातर लोगों ने सुबह पूर्णिमा तिथि शुरू होने के बाद ही श्रवण कुमार का पूजन कर और घर के पूजा कक्ष में भगवान को रक्षा सूत्र अर्पित कर राखी बंधवा ली। क्योंकि रात्रि 9 बजे तक इंतजार करना व्यवहारिक नहीं था, लेकिन कर्मकांड में अधिक विश्वास

- **रक्षाबंधन पर पूरे दिन असमंजस बरकरार रहा**

रखने वाले घरों में रात्रि 9 बजे के बाद ही रक्षाबंधन मना। इन दोनों के मध्य तीसरा विकल्प अधिक नजर आया।

कई बहनें राखी, मिठाई, नारियल सहित अन्य उपहार लेकर दिन में ही भाई के घर पहुंच गई, लेकिन राखी बांधी नहीं। भाइयों ने राखी लेकर रात्रि में भद्रा टलने के बाद बेटी या परिवार की अन्य कन्याओं से राखी बंधवाई। बच्चों में राखी का भारी उत्साह देखने को मिला। राखी बंधवाने के लिए बच्चे उत्साहित नजर आए। खिलौना राखी बच्चों की खास पसंद रही। वही बुजुर्गों की कलाई पर पारंपरिक राम राखी और डोरा राखी सजी।

रक्षाबंधन पर घरों में विशेष पकवान बने खीर, चूरमा, दाल, बाटी का ठाकुर जी को भोग लगाया गया। धार्मिक संस्थाओं और सामाजिक संगठनों की ओर से सामूहिक रूप से रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे के राखी बांधी।

ज्यादातर लोगों ने रक्षाबंधन पर्व की शुरुआत मंदिर से की। मंदिर की रेलिंग और दरवाजों पर राखी बांधकर भगवान से परिवार की रक्षा की कामना की। महिलाओं ने मंदिर दर्शन करने आए अन्य महिलाओं के चूड़े पर रखी बांधी। ज्यादातर मंदिरों में यही दृश्य नजर आया। शहर के आराध्य गोविंद देव जी मंदिर में 12 अगस्त को ठाकुरजी को राखी अर्पित की जाएगी। यहां दर्शन करने आए श्रद्धालुओं में गुरुवार को ही राखी अर्पित कर दी।

चित्रकूट, वैशाली नगर स्थित श्री स्वामीनारायण मंदिर अक्षरधाम में रक्षाबंधन के पावन पर्व राखियों से सजी ठाकुरजी की श्रृंगार झांकी व झूला आकर्षण का केन्द्र रहे। अनेक श्रद्धालुओं ने इस श्रृंगारिक झांकी के दर्शन किए।

# प्रदेश के 21 जिलों में मिले 658 नए करोना संक्रमित

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** प्रदेश के 21 जिलों में गुरुवार को 658 नए करोना संक्रमित मिले है, जबकि 517 रोगी रिकवर भी हुए है। दिनोंदिन बढ़ते संक्रमण के कारण राज्य में एक्टिव केस बढ़कर 4 हजार 299 पहुंच चुके है।

- **इनमें सर्वाधिक 214 रोगी जयपुर में तथा 142 मरीज अलवर जिले में मिले हैं।**
- **प्रदेश में एक्टिव केस बढ़कर करीब 4300 हुए, इनमें 1400 तो जयपुर जिले के हैं।**

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक गुरुवार को सबसे ज्यादा 214 करोना संक्रमित मरीज जयपुर जिले में मिले हैं। इसके अलावा 142 नए मरीजों के साथ अलवर लगातार जयपुर के पीछे-पीछे दूसरे स्थान पर है। वहीं उदयपुर में 73, भरतपुर में 62, चित्तौड़गढ़ में 39, दौसा में 23, जोधपुर में 20, बूंदी में 11, अजमेर, बांसवाड़ा और श्रीगंगानगर में 7-7, धौलपुर और झालावाड़ में 3-3, चूरू और जैसलमेर में 2-2 तथा बाड़मेर और बीकानेर में एक-एक संक्रमित मिले है।

उधर जयपुर में 43 स्थानों पर मिले 214 नए संक्रमितों के साथ यहां 286 मरीज ठीक भी हुए है। राजधानी में एक्टिव केस की संख्या मामूली घटकर 1398 रह गई है। जयपुर में सबसे ज्यादा 41 मरीज सांगानेर इलाके में मिले है। इसके बाद जगतपुरा में 12 तथा आमेर में 10 संक्रमित मिले है। शेष स्थानों पर 10 से कम संख्या रही है। जबकि 11 मरीज ऐसे भी है, जिनका एड्रेस ट्रेस नहीं हुआ है।

## 150 करोड़ रुपये से अधिक की बेहिसाब आय उजागर

**जयपुर।** आयकर विभाग ने जयपुर के एक समूह से 150 करोड़ रुपये से अधिक की बेहिसाब आय उजागर की है। वहीं 11 करोड़ रुपये से अधिक की बेहिसाब संपत्ति भी जब्त की है, जिसके 3 दर्जन से अधिक परिसरों की 3 अगस्त को जयपुर और कोटा में तलाशी ली गई थी। विभाग की ओर से प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार समूह रत्न और आभूषण, आतिथ्य और अचल संपत्ति के कारोबार में लगा हुआ है। यह आवासीय भवनों और भूमि की बिक्री पर नकद में नकद स्वीकार करके बड़े पैमाने पर कर चोरी में लिप्त पाया गया था, जो कि खाते की नियमित पुस्तकों में दर्ज नहीं किया गया था। रत्नों और आभूषणों की बिक्री से बाहर होने के साक्ष्य भी मिले हैं। तलाशी से पता चला कि इस तरह अर्जित की गई बेहिसाब आय को भूमि, एक लक्जरी होटल के निर्माण और नकद ऋण के वित्तपोषण में निवेश किया गया है।

# कांग्रेस महंगाई को लेकर बड़ा आंदोलन करेगी

**जयपुर,** (का.प्र.)। कांग्रेस "महंगाई पर चर्चा" कार्यक्रम के तहत 17 से 23 अगस्त तक ब्लॉक स्तर तक चौपाल करेगी। वहीं "महंगाई पर हल्ला बोल" के तहत 28 अगस्त को दिल्ली में होने वाली रैली में लाखों कांग्रेसजन केंद्र सरकार के खिलाफ बिगुल बजाएंगे।

इस कार्यक्रम को लेकर संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने प्रदेश कांग्रेस कमेटियों को पत्र लिखकर निर्देश दिए है कि कांग्रेस पार्टी आसमान छूती महंगाई, बेरोजगारी एवं मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लगातार लड़ाई लड़ रही है। इसी कड़ी में 5 अगस्त 2022 को देशभर में कांग्रेस पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। सभी पीसीसी ने "चलो राज भवन" कार्यक्रम किए। पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समेत सभी सांसदों ने "चलो राष्ट्रपति भवन" मार्च में हिस्सा लिया और गिरफ्तारी दी। कार्यसमिति सदय और वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं के साथ "प्रधानमंत्री आवास घेराव" में शामिल हुए।


Regional Office (Jaipur-North)
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD
OPP.ROAD NO 5, VIA, SIKAR ROAD, JAIPUR
Phone: 0141-2850100 e-mail rorpcb.jaipur @gmail.com
Website:http://www.environment.rajasthan.gov.in
Regd.Post/Email Regional Officer
क्रमांक:रा.प्र.नि.मं./क्षे.का.जय (उ.)/जेपीएम1474/ दिनांक-........

**पर्यावरण स्वीकृती हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत, सरकार नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ.1533 दिनांक 14/09/2006 के प्रावधानों के अंतर्गत खनन पट्टा संख्या 37/1981 (पुराना खनन पट्टा संख्या 10/01) मै.बृज मोहन मोदी के प्रस्तावित विस्तार प्रोजेक्ट expansion in production capacity of 26500 TPA to 810890 TPA (ROM) (Dolomite 26500 TPA to 192560 TPA, Masonary Stone 577800 TPA & Waste 40530 TPA) & Addition Of crusher unit (100 TPH) at village-Ajeetpura, Tehsil-Kotputli, District-Jaipur. तहसील-कोटपूतली , जिला-जयपुर, राजस्थान के लिये पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किये गये है।
चूंकी मण्डल को उपरोक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 के अनुसार लोक सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है। अत: समस्त संबंधित को इस नोटिस के माध्यम से एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित प्रकरण के निपटारे के लिए लोक सुनवाई हेतु दिनांक 15 सितम्बर 2022 को प्रात: 11.00 बजे समुदायिक भवन, ग्राम अजीतपुरा कलां, तहसील-कोटपूतली, जिला-जयपुर में उपस्थित होकर आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है।
इस सम्बन्ध में लिखित सुझाव/आक्षेप इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 30 दिवस की अवधि में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर (उत्तर) रोड 05 के सामने, विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र, सीकर रोड, जयपुर (ईमेल-rorpcb.Jaipur@ gmail.com) के साथ-साथ मुख्यालय, 04-संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर भी प्रस्तुत किये जा सकते है।
उक्त परियोजना से संबंधित संक्षिप्त अभिलेख (कार्यपालक सार) निम्नांकित कार्यालयों में उपलब्ध है-
(1) जिला कलेक्टर, जयपुर (2) क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, जयपुर (उत्तर) (3) राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, 04-संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर (4) पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार शासन सचिवालय, जयपुर (5) जिला उद्योग केन्द्र, जयपुर (6) अतिरिक्त जिला कलेक्टर, कोटपूतली, जयपुर (7) क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार, अरावली भवन, झालाना डूंगरी, जयपुर। (8) पंचायत समिति, ग्राम-कुजोता, तहसील-कोटपूतली, जिला-जयपुर। (9) नगर पालिका, कोटपूतली, जयपुर। प्रस्तावित लोक सुनवाई वैश्विक महामारी कोविड-19 से संम्बंधित केन्द्रीय/राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर पारित निर्देशों के अनुरूप एवं अधीन रहेगी तथा सभी पुर्वावधान/सावधानियों की पालना सुनिश्चित करनी होगी।

( विजय शर्मा ) क्षेत्रीय अधिकारी

# राजस्थान सीआईडी की सूचना पर नागपुर में पकड़ा 218 किलो गांजा



- **पुलिस ने ट्रक कंटेनर को जब्त किया, चालक और खलासी फरार हुए**
- **विशाखापट्टनम से अजमेर में भारी मात्रा में गांजा तस्करी किए जाने का इनपुट मिलने पर सक्रिय हुई थी राजस्थान पुलिस**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** राजस्थान पुलिस की सीआईडी क्राइम ब्रांच की स्पेशल टीम की सूचना पर महाराष्ट्र के नागपुर जिले के करधा क्षेत्र में एक ढाबे के पास खड़े ट्रक कंटेनर से राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की नागपुर यूनिट ने 218 किलो अवैध गांजा बरामद किया है। विशाखापट्टनम से राजस्थान तस्करी कर लाये जा रहे इस गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 40 लाख रुपये आंकी गई है।

एडीजी क्राइम डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि विशाखापट्टनम से राजस्थान में अवैध गांजा तस्करी कर लाए जाने की सूचना पर सीआईडी क्राइम ब्रांच स्पेशल यूनिट के डीएसपी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ के सुपरविजन एवं इंस्पेक्टर राम सिंह के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल शंकर दयाल शर्मा तथा कॉन्स्टेबल रविंद्र सिंह, सोहन और कृष्ण गोपाल की टीम गठित कर अजमेर-चित्तौड़गढ़ की ओर रवाना की गई।

8 अगस्त को विशाखापट्टनम से राजस्थान के अजमेर जिले में भारी मात्रा में गांजा तस्करी किए जाने के इनपुट मिले। सिन्दोलिया की ढाणी, पीह, नागौर निवासी तस्कर शिवराज महावर पुत्र बुधाराम द्वारा अपने ट्रक कंटेनर से दो युवकों को विशाखापट्टनम माल की डिलीवरी लेने भेजा गया था। दोनों युवक माल की डिलीवरी प्राप्त कर शिवराज महावर के अजमेर स्थित मकान में सप्लाई देने नागपुर होते हुए लौट रहे थे।

इसी बीच सीआईडी की टीम अजमेर के पुष्कर इलाके में पहुंची और वहां शिवराज के एक साथी को डिटेन कर तस्करी के संबंध में पूछताछ करने पर ट्रक से माल आने के बारे में जानकारी मिली। साथी के पकड़े जाने की सूचना पर तस्कर शिवराज अपना मोबाइल बंद कर डिलीवरी लेने गए युवकों को कुछ समय वहीं रुक जाने की सलाह देकर भूमिगत हो गया। फास्ट टैग एवं अन्य तकनीकी सहायता से कंटेनर के नागपुर के करधा में टोल नाका क्रॉस नहीं करने की सूचना डीआरआई को दी गई। इस पर सीआईडी की सूचना पर बुधवार रात राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) नागपुर यूनिट की टीम ने करधा क्षेत्र में एक ढाबे के पास खड़े लावारिस ट्रक कंटेनर की तलाशी ली तो वह खाली मिला।

इस पर सीआईडी की टीम ने ट्रक में गुप्त स्थान बने होने की सूचना दी। एक्सपर्ट को बुलाकर दोबारा तलाशी लेने पर कंटेनर में बनाए गए गुप्त स्कीम से 218 किलो गांजा बरामद किया गया। अवैध मादक पदार्थ से भरे ट्रक कन्टेनर को जप्त कर डीआरआई द्वारा रिसीवर शिवराज महावर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। ट्रक कंटेनर का चालक और खलासी पुलिस की भनक लगते ही मौके से फरार हो गए।

## एक करोड़ बच्चे एक साथ गाएंगे देशभक्ति गीत

**जयपुर,** (का.प्र.)। 75 वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर देशभर में मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव की कड़ी में राजस्थान देशभक्ति के गीत गाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाएगा। इस रिकॉर्ड के लिए शुक्रवार सुबह 10:15 बजे प्रदेशभर में एक करोड़ स्कूली छात्र एक साथ राष्ट्रभक्ति के गीत गाएंगे।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपने पुत्र का नाम विराज से बदलकर विराज सिंह चौहान रख लिया है। भविष्य में उसे नए नाम विराज सिंह चौहान (जन्म दिनांक 25.05.2016) पुत्र विक्रम सिंह, निवासी विला नं. वी46 & वी47, वैकुंट न्यू, ईमार जयपुर ग्रींस, जयपुर-302026, राजस्थान से जाना जाएगा।

**आम सूचना** Date 8.8.2022

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे अभिभाष्य राघव माथुर पुत्र स्व. श्री रमेश बिहारी माथुर, निवासी सी-156, दयानन्द मार्ग, तिलक नगर, जयपुर का पुत्र प्रियेश माथुर हमारे अभिभाष्य के कहे में नहीं है तथा हमारे अभिभाष्य ने उक्त प्रियेश माथुर को अपने जीवन व संपत्ति से बेदखल कर दिया है तथा पूर्णत: संबंध विच्छेद कर लिये हैं। हमारे अभिभाष्य प्रियेश माथुर के किसी भी कृत्य अथवा लेनदेन के लिये उत्तरदायी नहीं हैं, प्रियेश माथुर से किये गये किसी भी लेनदेन के लिये हमारे अभिभाष्य उत्तरदायी नहीं हैं।
मुकेश दत्त माथुर (एडवोकेट) मो. नं. 94140-59424, Reg. No. R-570/78

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मकान 8/HMM/74 , इन्दिरा गाँधी नगर, जगतपुरा, जयपुर का Allotment Latter (5608 Date: 08/10/2013) खो गया है। जो कैलाश चन्द मीणा के नाम से है। जिसकी रिपोर्ट LR no- 1279393/2021 दर्ज करा दी गई है। केसंता देवी ने SBI में लोन हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति/या संस्था को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथी से 7 दिवस मे सम्पर्क करे। केसंता देवी धर्मपत्नी लक्ष्मीनारायण मीणा निवासी उदयपुरा, तहसील नांगल राजावतान, जिला दौसा, राजस्थान है।

**जयपुर हाउस बिल्डिंग को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड**
(राजस्थान सहकारी समिति एक्ट IV के अन्तर्गत पंजीकृत)
जवाहर नगर कॉलोनी, टोंक रोड, जयपुर-302018

**वार्षिक आम सभा सूचना** दि.: 11.08.2022

समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा का आयोजन दिनांक 28 अगस्त 2022 को प्रात: 10 बजे जवाहर कॉलोनी, मंदिर प्रांगण, टोंक रोड, जयपुर पर किया जा रहा है जिसमें वर्ष 2017 से 2021 तक की ऑडिट रिपोर्टों का अनुमोदन, आक्षेप पूर्ति एवं अन्य विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिया जायेगा जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य रूप से आवश्यक है। गणापूर्ति के अभाव में आम सभा उसी दिन निर्धारित समय के आधे घण्टे पश्चात आयोजित की जायेगी। लोकेश श्रीवास्तव, सचिव

# 'कनकांचल व आदिबद्री क्षेत्र में खनन कार्य पूरी तरह बंद'

**जयपुर,** (का.सं.)। खान एवं गोपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया ने कहा है कि कनकांचल और आदिबद्री क्षेत्र में खनन कार्य पूरी तरह से बंद करा दिया गया है। विभाग द्वारा पहले से संचालित 45 वैध खानों व बाद में बहाल एक खान सहित सभी 46 खानों में खनन कार्य पूरी तरह से बंद करा दिया गया है। खान विभाग, पुलिस प्रषासन, परिवहन विभाग सहित सभी संबंधित विभागों द्वारा क्षेत्र में नियमित गश्त की जा रही है।

भाया ने बताया कि सेटेलाइट इमेज 13 फरवरी 2020 को दर्शाते हुए अवैध खनन बताया जा रहा है जबकि इमेज मे दर्शाये खनन का अधिकांश भाग कनकांचल पर्वत में तहसील पहाडी के ग्राम मुंगस्का, समसलका तथा तहसील कामां के ग्राम बोलखेड़ा में पूर्व में स्वीकृत रहे खनन पट्टा क्षेत्रफल 138.86 हैक्टेयर पट्टाधारी परशुराम के क्षेत्र में है। इमेज में दर्शाये गये स्थान भी पांच से छह साल पुराने हैं। वर्तमान में इस क्षेत्र में खनन कार्य नहीं हो रहा है।

खनन मंत्री ने बताया कि इस क्षेत्र के आदिबद्री पर्वत क्षेत्र की तहसील सीकरी के ग्राम कोलरी, ककराला, बुआपुरगढी, नांगल एवं कनकांचल पर्वत क्षेत्र की तहसील पहाडी के ग्राम मुंगस्का, समसलका क्षेत्रों में खनिज मैसेनरी स्टोन के कुल 51 खनन पट्टा स्वीकृत किये गये जिनमें से 6 खनन पट्टा पहले ही खण्डित किये जा चुके हैं। वर्तमान में 45 खनन पट्टा प्रभावी है, जो वर्ष 1971 के पश्चात स्वीकृत है। इन खनन पट्टों से गत वर्ष में खनिज निर्गमन लगभग 17 लाख मीट्रिक टन किया जाकर 8 करोड़ रु. का राजस्व अर्जित किया गया है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2018-19 से 10 अगस्त तक क्षेत्र में नियमित चैकिंग की है।

**छठी पुण्यतिथि**



स्व. श्री शोभाग सिंह जी जैन (चौधरी) आप द्वारा दिये गये सुसंस्कार, निर्देशन, कर्मपरायणता हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं।
श्रद्धावनत : श्रीमती उमराव देवी (पत्नी), उषा-उम्मेद सिंह बोरदिया, रजनी-राजेश (हिम्मत), सुमिता-चितरंजन सिंह (पुत्र-पुत्रवधु) एवं समस्त परिवार।

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।




# बेणेश्वर धाम बना टापू, 50 से ज्यादा लोग फंसे

## साबला-बांसवाडा और वालाई पुल पर बह रहा 4 से 8 फीट पानी

**डूंगरपुर, (निसं)।** बेणेश्वर धाम इस मानसून में दूसरी बार टापू बन गया है। रात 11 बजे बाद धाम के तीनों पुलिया पर 4 से 8 फीट तक पानी बहने लगा। इससे धाम पर आने जाने के सभी रास्ते बंद हो गए। धाम पर अभी 50 से ज्यादा लोग फंसे हुए हैं और सभी सुरक्षित हैं।

डूंगरपुर में 3 दिन से रुक-रुक कर बारिश का दौर चल रहा है। कभी तेज तो कभी धीमी बारिश से नदियों में पानी की अच्छी आवक हुई है। बेणेश्वर धाम पर बहने वाली सोम, माही और जाखम नदियां अपनी तेज रफ्तार से बहने लगी। तीनों नदियों में अच्छा पानी आने से बुधवार रात 11 बजे बाद बेणेश्वर धाम टापू बन गया। बेणेश्वर धाम पर आने-जाने वाले तीनों पुलियों पर पानी उफान पर बहने लगा। सबसे ज्यादा वालाई पुल पर 8 फीट बांसवाड़ा पुल पर 6 फीट और साबला पुल पर 4 फीट पानी बह रहा है। धाम के पुल पर पानी शुरू होते ही साबला, निठाउवा और बांसवाड़ा पुलिया पर पुलिस किनारों पर तैनात कर दी गई है। ताकि कोई भी लोग पानी के बीच



डूंगरपुर के वेणेश्वर धाम पर चारो ओर पानी ही पानी नजर आया।

आना-जाना नहीं कर सकें। साबला थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने बताया की बेणेश्वर धाम पर पुजारी, दुकानदार सहित 50 से ज्यादा लोग

- **साबला, निठाउवा और बांसवाड़ा पुलिया पर किनारों पर पुलिस तैनात कर दी गई है**

हैं। ये सभी लोग सुरक्षित हैं और धाम पर उनके खाने-पीने का भी पर्याप्त इंतजाम है।

डूंगरपुर में सबसे ज्यादा बारिश आसपुर में साढे 3 इंच दर्ज की गई है। जिला कंट्रोल रूम के अनुसार गुरुवार सुबह 8 बजे तक पिछले 24 घंटों में औसत 56.77 एमएम बारिश हुई है। निठाउवा में सवा 3 इंच, डूंगरपुर में 3 इंच, गलियाकोट में ढाई इंच, फलोज में ढाई इंच, गणेशपुर में ढाई इंच, साबला में 2 इंच, देवल में 47 एमएम, कनबा में 4० एमएम, सागवाडा में 43 एमएम, धंबोला में 45 एमएम, वैंजा में 4० एमएम, चिखली में 28 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई है।

## मर्डर के मामले का पर्दाफाश

**जालोर, (कासं)।** जालोर पुलिस ने हत्या के प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुये मालियो का गोलिया करावडी में हुए मर्डर का 48 घण्टे के अन्दर पर्दाफाश कर प्रेम प्रंसग के चलते पडौस में रहने वाले रिश्तेदार प्रेमी को गिरफ्तार किया। स्व. भगवती उर्फ पवनी की हत्या का अंजाम देने वाले आरोपी प्रेमी पांचाराम (22) पुत्र किशनाराम जाति विश्नोई निवासी मालियों का गोलिया करावडी को गिरफ्तार कर हत्या के राज का पर्दाफाश किया।

- **मुलजिम पांचाराम का मृतका भगवती के साथ पिछले काफी समय से प्रेम प्रसंग था**

मामले में पुलिस कार्यवाही के दौराने घटनास्थल का निरीक्षण, एफ.एस.एल. व एमओबी टीम को मौके पर बुलाया जाकर साक्ष्य संकलन व आवश्यक तकनिकी आधार पर अनुसंधान किया जाकर साक्ष्य संकलित किये गये। अनुसंधान के बाद आरोपी पांचाराम को दस्तयाब किया जाकर गिरफ्तार किया गया। मुलजिम पांचाराम का मृतका भगवती उर्फ पवनी के साथ पिछले काफी समय से प्रेम प्रसंग था, पांचाराम उससे पिछा छुड़वाना चाहता था। 8 अगस्त 2022 की रात्री मे मृतका पांचाराम के घर चली गई जिसे बातों में उलझाकर वह उसे सुनसान रास्ते पर लेकर आया एवं उसके साथ मारपीट कर मृतका के पेटीकोट से उसका गला व मुंह दबाकर हत्या कर दी तथा सबूत मिटाने के लिए लाश को सड़क के पास कच्चे रास्ते पर ले जाकर डाल दिया।

# अब लेक्चरर की जंबो ट्रांसफर लिस्ट एक-दो दिन में

**बीकानेर,(कासं)।** प्रदेशभर में सोलह सौ से ज्यादा प्रिंसिपल के ट्रांसफर करने के बाद शिक्षा विभाग ने कमोबेश इतने ही लेक्चरर को भी एक से दूसरे स्थान पर भेजने की तैयारी कर ली है। ट्रांसफर लिस्ट एक-दो दिन में माध्यमिक शिक्षा निदेशालय से जारी हो सकती है। वहीं प्रिंसिपल ट्रांसफर की एक और तबादला सूची जारी होगी, जिसमें चार सौ के आस-पास प्रिंसिपल इधर से उधर हो सकते हैं।

शिक्षा विभाग अब तक प्रिंसिपल की लिस्ट ही जारी कर सका है, जबकि लेक्चरर की लिस्ट में बार-बार संशोधन हो रहा है। माना जा रहा है कि अब इस लिस्ट को भी अंतिम रूप दे दिया गया है। रक्षा बंधन के कारण जयपुर में जमे शिक्षा निदेशालय के अधिकारी बीकानेर आ गए हैं। ऐसे में ये काम दो दिन के लिए अटक गया है। शुक्रवार को लिस्ट जारी हो सकती है। अगर ऐसा नहीं हुआ

- **बड़ी संख्या में लेक्चरर शहर से गांवों में भेजे जा रहे हैं**

तो फिर पंद्रह अगस्त के बाद ही लेक्चरर को इधर से उधर किया जाएगा। माना जा रहा है कि पहली सूची में करीब डेढ़ हजार लेक्चरर के नाम होंगे। इसमें अधिकांश को सुविधाजनक स्थान मिलेगा, वहीं बड़ी संख्या में लेक्चरर शहर से गांवों में भेजे जा रहे हैं।

खासकर शहर और शहर के निकटस्थ कस्बों में जमे लेक्चरर को दूरस्थ गांवों में भेजा जा रहा है। जिन गांवों में इसी साल सब्जेक्ट शुरू किए गए हैं, वहां भी लेक्चरर भेजे जा रहे हैं। अधिकांश नए स्कूल व सब्जेक्ट्स ग्रामीण स्कूलों में खुले हैं, ऐसे में शहरों से गांवों में जाने वालों की संख्या अधिक है। माना जा रहा है कि 16 या 17 अगस्त को प्रिंसिपल की दूसरी लिस्ट आएगी, जिसमें चार सौ से पांच सौ नाम हो सकते हैं। लंबी-चौड़ी सिफारिशों के बाद भी कोई प्रिंसिपल ट्रांसफर से वंचित रह गया है या फिर कांग्रेस विधायकों के एरिया में कोई रह गया है तो उन्हें भी ट्रांसफर का लाभ देने की तैयारी हो रही है। ग्रेड सेकंड और मंत्रालयिक कर्मचारियों के ट्रांसफर करने के लिए भी शिक्षा विभाग तैयारी में जुट गया है। सभी जिलों में इनकी लिस्ट भी तैयार हो रही है। पहली तैयारी जिला शिक्षा अधिकारी स्तर पर हो रही है लेकिन बाद में ये सूची शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला के पास जाएगी। वहीं से लिस्ट को अंतिम रूप दिया जाएगा। क्षेत्र के विधायक व अन्य कांग्रेस नेताओं की सिफारिशों को महत्व दिया जा रहा है।

# मास्टर प्लान के अनुरूप ही निर्माण हटाने की मांग

## दर्जनों लोगों ने सभापति व आयुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे में नगर परिषद् द्वारा मास्टर प्लान 2011 के अनुरूप सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने के लिए निर्माण हटाने का कार्य किया जा रहा है। आपको बता दें कि परिषद् द्वारा मुख्य चौराहे से अग्रसेन तिराहे तक सडकों की चौड़ाई 80 फीट व पूतली कट से बानसूर मोड़ पर पूर्वा सिनेमा तक की चौड़ाई 60 फीट की जा रही है, जिसमें सर्वप्रथम मुख्य चौराहे से पुरानी नगर पालिका तिराहे व शनि मंदिर से सरदार स्कूल तक के निर्माण हटाने के क्रम में अभी तक 68 संरचनाओं को परिषद् द्वारा ध्वस्त किया गया है। जबकि उक्त दोनों मार्गों पर आमजन स्वयं के स्तर पर भी निर्माण हटा रहे हैं। प्रशासन द्वारा कि गई कार्यवाही के बाद परिषद् के कुछ कर्मचारियों व पार्षदों द्वारा दुकानों की तुड़ाई के बाद निकले लेन्टर के सरियों पर भी नजर है जिसको लेकर वे लगातार कबाडियों को सीधा माल उठा कर नगर परिषद् के आदेशों का हवाला देते हुए सरियों को बेच कर अपनी जुगत बिठा रहे है। अभियान का दूसरा चरण स्वतंत्रता दिवस के बाद शुरू होने की सम्भावना है।

इसी बीच स्थानीय नागरिकों ने मास्टर प्लान के अनुरूप ही निर्माण हटाने की मांग की है। इसको लेकर कजोड़मल शेरावत, योगेश कसाना, संदीप सोनी, जयराम सैनी, महावीर सैनी व जीतु सोनी ने गुरूवार को सभापति पुष्पा सैनी के नाम सभापति प्रतिनिधि एड. दुर्गाप्रसाद सैनी व पालिका आयुक्त फतेह सिंह मीणा के नाम जेईएन अनिल जोनवाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मास्टर प्लान को खेतड़ी रियासतकालीन नक्शे के अनुरूप ही लागू करने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया कि परिषद् द्वारा पूर्व में सडकों की चौड़ाई में बाधा बन रहे निर्माणों को चिन्हित किया गया था। लेकिन बाद में बिना किसी नियम व मानदण्ड के सरदार स्कूल रोड़ पर स्कूल की बाउण्ड्रीवॉल को शामिल करते हुए दोनों तरफ निर्माण हटाने के लिए चिन्ह लगा दिये गये है जो कि नियम विरूद्ध है।

# अवैध हथियार सहित पटवारी को गिरफ्तार किया

**जालोर, (कासं)।** जालोर जिले की सांचौर पुलिस ने गुरुवार को अवैध हथियार पिस्टल मय पांच जिंदा कारतूस व पटाखे व बारूद बरामद कर पटवारी को गिरफ्तार किया। अभियुक्त सरकारी कर्मचारी मण्डल सांचोर में पदस्थापित है। प्रवीणकुमार थानाधिकारी सांचौर के नेतृत्व में गठित टीम को रात्री गश्त में सूचना मिली की बोकडीयावास कस्बा सांचोर में एक व्यक्ति खड़ा है, जिसके पास अवैध हथियार हो सकता है। उक्त विश्वसनीय सूचना पर पुलिस जाब्ता मौके पर पंहुचा। जहां पर अभियुक्त अशोक कुमार पुत्र लादुराम जाति विश्नोई निवासी बलाना पुलिस थाना सांचोर हाल पटवारी, पटवार मण्डल



सांचौर पुलिस ने पटवारी को अवैध हथियार व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।

सांचोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी पिस्टल मय 05 जिंदा कारतुस व सात सुतली बम पटाखे व 05 प्लास्टिक डिब्बी में भरा बारूद बरामद किया गया। विस्फोटक अधिनियम में मामला दर्ज कर मुलजिम से प्रकरण मे हथियार खरीद फरोख्त के संबंध में पुछताछ जारी है।

# विधवा महिला से 36 लाख की धोखाधड़ी

**अजमेर, (कास)।** शहर के आदर्श नगर थाने क्षेत्र में भवन निर्माण करवाने के नाम पर 36 लाख 45 हजार रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपी द्वारा भवन निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग करते हुए काम को पूरा नहीं किया गया। पीड़ित महिला ने इस संबंध में आदर्श नगर थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। आदर्श नगर थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

आदर्श नगर थाना पुलि स के अनुसार थाने पर अशोक विहार कॉल ोनी निवासी मिथिलेश सोनी पत्नी बृजेश कुमार ने थाने पर शिकायत दर्ज करवाई की तुषार मिश्रा और गौरव शर्मा निवासी अजमेर द्वारा उनके भवन निर्माण में घटिया क्वालिटी का मैटेरियल उपयोग में लेते हुए कार्य किया जा रहा था।

इसे लेकर पीड़िता ने उन्हें इस बारे में आकर्षित भी किया। लेकिन आरोपी द्वारा उन्हें विश्वास दिलाते हुए कहा कि वह सही निर्माण कर देंगे और मटेरियल भी बदल देंगे। लेकिन आरोपियों ने घटिया क्वालिटी से निर्माण कार्य जारी रखते हुए उनसे लगभग 36 लाख 45 हजार रुपए की राशि ले ली लेकिन निर्माण को पूरा नहीं किया गया और पीड़िता के साथ धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता ने इस संबंध में दोनों आरोपियों के खिलाफ आदर्श नगर थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है।

# कुंड में डूबे युवक को एसडीआरएफ की टीम ने पांच घंटे बाद निकाला



स्थानीय गोताखोरों की मदद से एसडीआरएफ की टीम ने शव को कुंड से बाहर निकाला।

**स्वरूपगंज, (निसं)।** स्वरूपगंज थाना क्षेत्र के काछोली गांव के पास आबू की पहाडियों में गंगाजलिया कुंड में गहरे पानी में युवक डूब गया। सूचना पर सरूपगंज पुलिस मौके पर पहुंची और सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने पांच घंटे की मशक्कत के बाद युवक के शव को बाहर निकलवाकर सरूपगंज अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मामले में शुक्रवार को मृतक के परिजन आने के बाद शव का पोस्टमार्टम होगा।

हैड कांस्टेबल भूरीसिंह ने बताया कि गुरुवार दोपहर युवक के डूबने की सूचना पर थाना प्रभारी हरीसिंह मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। मौजूद स्थानीय गोताखोर की मदद के बाद भी युवक का कोई सुराग नही लगा। युवक अपने पांच दोस्तों के साथ गंगाजलिया मे पिकनिक मनाने गया था। तीन दोस्त दूर खड़े थे तथा दो पानी मे नहा रहे थे। दोनों डूबने लगे तब वहां मौजूद जयपुर निवासी अजय शर्मा ने एक युवक को किसी तरह से बाहर निकाला तथा दूसरा युवक गहरे पानी मे डूब गया। युवक भरतपुर जिले के सिकंदरा निवासी लोकेश (26) पुत्र अर्जुन गुर्जर है। युवक वर्तमान में पिंडवाडा में रेलवे कर्मचारी के रूप में कार्यरत है। वही सूचना पर उपखंड अधिकारी हंसमुख कुमार व डीएसपी जेठूसिंह करणोत भी मौके पर पहुंचे। शाम को एसडीआरएफ की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। एसडीआरएफ की टीम व स्थानीय लोगों की टीम ने करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद गहरे पानी से युवक के शव को बाहर निकाला।

# शिक्षक भर्ती परीक्षा का सिलेबस जारी

**बीकानेर, (कासं)।** राजस्थान के लाखों अभ्यर्थियों का इंतजार खत्म हो गया है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने जनवरी में 46,500 पदों पर होने वाली शिक्षक भर्ती परीक्षा का सिलेबस जारी कर दिया है। जिसके तहत लेवल-1 और लेवल-2 की परीक्षा ढाई घंटे की होगी। परीक्षा में 300 नंबर के लिए 150 सवाल पूछे जाएंगे। जिसके गलत जवाब देने पर नेगेटिव मार्किंग भी होगी। कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा ने बताया कि जुलाई में आयोजित की गई पात्रता परीक्षा पास कर चुके अभ्यर्थी ही जनवरी में आयोजित होने वाली मुख्य परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

राजस्थान में कक्षा 1 से 5 तक के लिए तय किए गए सिलेबस में राजस्थान का भौगोलिक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक ज्ञान के साथ ही राजस्थानी भाषा को शामिल किया गया है। इसमें राजस्थान का भूगोल, इतिहास, संस्कृति और राजस्थानी भाषा, राजस्थान का सामान्य ज्ञान, शैक्षणिक परिदृश्य और निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम और सामयिक विषय भी रखे गए हैं। वहीं हिंदी, अंग्रेजी और गणित के साथ ही सामान्य विज्ञान और सामाजिक अध्ययन, सूचना तकनीकी और शैक्षणिक मनोविज्ञान को शामिल किया गया है।

शिक्षक भर्ती लेवल-2 के लिए भी परीक्षा के नंबर और संख्या लेवल-1 के बराबर ही रहेगी। इसके साथ ही सिलेबस में लेवल-1 के अधिकांश विषयों को सम्मिलित किया गया है। वहीं तृतीय भाषा में अंग्रेजी के साथ ही संस्कृत, हिंदी, पंजाबी और उर्दू को भी शामिल किया गया है। परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग भी रखी गई है। ऐसे में हर गलत जवाब पर एक तिहाई नंबर काटा जाएगा। लेवल-2 में 80 नंबर का राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक ज्ञान, राजस्थान भाषा, 50 नंबर का राजस्थान का सामान्य ज्ञान, शैक्षिक परिदृश्य, निशुल्क एवं

- **कर्मचारी चयन बोर्ड ने जनवरी में 46,500 पदों पर होने वाली शिक्षक भर्ती परीक्षा का सिलेबस जारी किया**

अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम और सामयिक विषय, 120 नंबर का संबंधित विद्यालय का ज्ञान जिसमें हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, सिंधी, पंजाबी, ऊर्दू, गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन को शामिल किया गया है।

इसके साथ ही 20 नंबर का शैक्षणिक रीति विज्ञान जिसमें हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, सिंधी, पंजाबी,उर्दू, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन को शामिल किया गया है। वहीं 20 नंबर का शैक्षणिक मनोविज्ञान, 10 नंबर की तकनीकी को शामिल किया गया है। लेवल-1 में 100 नंबर का राजस्थान का भौगोलिक,ऐतिहासिक और सांस्कृतिक ज्ञान,राजस्थानी भाषा जिसमें भूगोल, इतिहास और संस्कृति,राजस्थानी भाषा को शामिल किया गया है। वहीं 80 नंबर का राजस्थान का सामान्य ज्ञान,शैक्षिक परिदृश्य,निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम और सामियक विषय को शामिल किया गया है।

इसके साथ ही 10 नंबर हिंदी, 10 नंबर अंग्रेजी, 10 नंबर गणित, 10 नंबर सामान्य विज्ञान, 10 नंबर सामाजिक अध्ययन, 8 नंबर शैक्षणिक रीति विज्ञान, 8 नंबर हिंदी, 8 नंबर अंग्रेजी, 8 नंबर गणित, 8 नंबर सामान्य विज्ञान, 8 नंबर सामाजिक अध्ययन के साथ ही 20 नंबर का शैक्षणिक मनोविज्ञान शामिल किया गया है। इसके साथ ही 10 नंबर का सूचना तकनीकी सिलेबस शामिल किया गया है। राजस्थान में ग्रेड थर्ड टीचर्स के कुल 46,500 पदों पर भर्ती होगी। इसमें लेवल-1 में 15,000 और लेवल-2 के 31,500 पद शामिल है।

# गुरूवार को फिर मदार नहर की क्षतिग्रस्त दीवार ढहकर पानी में गिरी

## रेती के कट्टे लगे हिस्से के आगे की दीवार भी पानी में गिरी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के नीमचखेड़ा पुलिया के समीप बुधवार को क्षतिग्रस्त हुई मदार नहर के दीवार का कुछ हिस्सा धंसने के बाद गुरूवार को हिस्से के आगे की दीवार भी ढहकर पानी में गिर गई। इधर पानी की आवक बढ़ने पर अब नहर का

- **विभाग ने गुरूवार को भी रेती के कट्टे लगाकर इतिश्री की**
- **मदार नहर में पानी की आवक बढ़ने पर कॉलोनियों में पानी घुसने का खतरा**

पानी कॉलोनियों में घूसने का खतरा बढ़ गया है। वहीं संबंधित विभाग द्वारा आज भी रेती के कट्टे लगाकर इतिश्री कर दी गई।

आज सुबह नीमचखेड़ा पुलिया के समीप बुधवार के धंसे हिस्से की दीवार भी ढह गई। जहां कट्टे लगाए



उदयपुर की मदार नहर के बुधवार को ढहे हिस्से की पूरी दीवार गुरूवार को भी धंस गई।

गए थे वे भी पानी में गिर गए। आज सुबह से शहर में हो रही बारिश को देखते हुए यदि पानी की आवक बढ़ेगी तो नहर की दीवार ढहने से इसका पानी पास ही स्थित कॉलोनी में घुसने का खतरा मंडरा रहा है। वहीं विभाग ने इसकी मरम्मत के लिए अभी तक कोई ठोस उपाय नहीं किए हैं।

उदयपुर विकास समिति के संयोजक प्रेम ओबरवाल ने बताया कि आगे तरफ भी नहर का हिस्सा कभी भी ढह सकता है और यहां से गुजरने वाले भारी डंपर, बसों और ट्रको की आवजाही पूरी तरह रोकनी होगा क्योंकि नहर के पास वाली सड़क मिट्टी की है जो कभी भी भारी वाहनों से टूट सकती है। उन्होंने प्रशासन से इसकी उचित मरम्मत व नहर की रखरखाव जो वर्षों से नहीं हुई उसे करने की मांग की है।

# मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों को हिरासत में लेने पर विरोध प्रदर्शन



घटना के विरोध में बंद पड़े खाटूश्यामजी के बाजार।

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** खाटूश्यामजी के मंदिर प्रवेश द्वार पर हुई भगदड़ में तीन श्याम भक्तों की मौत के बाद कांग्रेस नेता रामदेव सिंह खोखर द्वारा गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करवाया गया था। जिस पर एडिशनल एसपी रतन लाल भार्गव व जांच अधिकारी मदन लाल कड़वासरा ने पूछताछ के लिए श्रीश्याम मंदिर कमेटी के पदाधिकारी अध्यक्ष शंभूसिंह चौहान, मंत्री श्याम सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष कालू सिंह चौहान, ट्रस्टी प्रताप सिंह चौहान को दोपहर 12.15 बजे पूछताछ के लिए हिरासत में लिया और चार घंटे लम्बी पूछताछ की। इस दौरान सभी पदाधिकारियों से हादसे को लेकर बयान लिए।

दोपहर करीब 12.30 बजे बाद जैसे ही खबर आई कि मंदिर कमेटी पदाधिकारियों को हिरासत में ले लिया तो सभी व्यापारी मंदिर कमेटी के पक्ष में लामबंद हो गए और हिरासत में लेने को ग़लत ठहराते हुए बाजार में अपने

- **हिरासत में लेने को गलत ठहराते हुए बाजार में प्रतिष्ठान बंद किए**

प्रतिष्ठान बंद करके पुलिस थाने के बाहर एकत्रित हो गए। इसी दौरान प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा, प्रधान प्रतिनिधि प्रभूसिंह गोगावास, राजपूत समाज के जिलाध्यक्ष दयालसिंह, जितेन्द्र सिंह कारंगा सहित सैंकड़ों लोग पहुंच गए। राज्यमंत्री गुढ़ा ने एडिशनल एसपी से मामले की जानकारी ली और एडिशनल एसपी को कहा कि जब राज्य सरकार मामले की जांच करवा रही है तो कमेटी पदाधिकारियों को इस तरह बुलाना गलत है। इसके पश्चात सभी पदाधिकारियों को चार घंटे की पूछताछ के बाद छोड़ा गया तो थाने के गेट पर एकत्रित ग्रामवासियों ने श्याम बाबा के जयकारों के साथ स्वागत किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने जनमानस का आभार जताया।

# जयपुर में खाली जमीनों के फर्जी पट्टे बनाने वाले 6 शातिर बदमाश दबोचे

## बोगस ग्राहक बनकर सौदा करने पहुंची जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस, तब पकड़ी जा सकी गैंग

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । जयसिंहपुरा खोर पुलिस ने राजधानी जयपुर में फर्जी पट्टा बनाने वाले गिरोह के 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से एक हजार से अधिक फर्जी आवंटन पत्र, रसीद, साइट प्लान और करीब 34 गृह निर्माण सहकारी समितियों की 45 फर्जी मोहर बरामद की है।

डीसीपी उत्तर परिस देशमुख ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी दिनेश उर्फ कालू जेडीए कॉलोनी पालड़ी मीणा, महेन्द्र जैन कमला नेहरू नगर भांकरोटा, रवि सैन बस्सी, अब्दुल गनी ढाणी पडली खोह नागोरियान, नसीमुद्दीन उर्फ नसरू खोह नागोरियान नसरूद्दीन उर्फ उल्ला आजाद नगर जवाहर नगर ट्रांसपोर्ट नगर का रहने वाला है। 6 अगस्त को थाना जयसिंहपुरा खोर के कांस्टेबल ओमप्रकाश को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति जो जयपुर शहर में कई सोसायटियों के खाली पट्टे और मोहर साथ में रखता है और मौके पर फर्जी पट्टा बनाकर 20 से 25 हजार रुपए में दे देता हैं। इस पर पुलिस टीम ने डिकॉय ऑपरेशन की प्लानिंग की। इसी दौरान सूचना मिली थी कि प्लॉट का पट्टा बनाने वाला जयसिंहपुरा खोर इलाके में एल.एम.एन. आईटी कॉलेज के आगे से रूपा की नांगल जाने वाले रास्ते पर ग्राहक के इंतजार में खड़ा है। इस पर एक पुलिसकर्मी को बोगस ग्राहक भेज कर सौदा तय किया गया। पुलिस ने मित्तल कॉलेज के पास से एक आरोपी दिनेश उर्फ कालू को पकड़कर उसके कब्जे से आवंटन पत्र, रसीद, साईट प्लॉन और मोहर बरामद की।



जयसिंहपुरा खोर पुलिस ने जयपुर में फर्जी पट्टा बनाने वाले गिरोह के 6 बदमाशों को गुरूवार को गिरफ्तार किया।

पुलिस की सख्त पूछताछ में दिनेश उर्फ कालू ने फर्जी आवंटन पत्र बनाने वाले बाकी अभियुक्तों की भी जानकारी दी। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने महेन्द्र जैन को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी महेन्द्र ने बताया कि वह कई साल से शहर की विभिन्न सोसाइटियों के पट्टे स्वयं तैयार करता है। उसकी पारिवारिक प्रिन्टिग प्रेस है। महेन्द्र दौसा में स्टेशनरी की दुकान करने वाले रवि सैन से मोहर तैयार करवाकर अलग-अलग सोसाइटियों के कूट रचित पट्टे तैयार कर बेचता है।

थानाधिकारी सत्यपाल यादव ने बताया कि इन बदमाशों ने जयपुर शहर में बड़ी संख्या में फर्जी पट्टे बांटे है। फर्जी पट्टा लेने वालों में

- आरोपियों के कब्जे से एक हजार से ज्यादा फर्जी आवंटन पत्र और 34 गृह निर्माण सहकारी समितियों की 45 से ज्यादा मोहर, रसीद व साइट प्लान जब्त
- फर्जी पट्टे बनाकर खाली प्लॉट्स पर कब्जा करने और बैंकों से ऋण उठाने का काम करती है गैंग

नसीरूद्दीन उर्फ उल्ला, नसीमुद्दीन उर्फ नमरू, अब्दुल गनी उर्फ टोपा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से फर्जी आवंटन पत्र, रसीद, साइट प्लान सहित अन्य सामान बरामद किया है। आरोपी फर्जी पट्टों से खाली प्लॉटों पर कब्जा करने और पट्टों को गिरवी रखकर ऋण लेने का काम करते है। पुलिस इस मामले में गैंग से फर्जी आवंटन पत्र लेकर खाली प्लॉटो पर कब्जा करने और पट्टों को गिरवी रखकर लोन लेने वाले अन्य लोगों को चिन्हित करने में जुटी है, इसके बाद उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

इस गैंग को पकड़ने में हैड कांस्टेबल उमेश चन्द, कांस्टेबल ओमप्रकाश और मनोज कुमार की अहम भूमिका रही।

# पति से कहासुनी के बाद पत्नी ने किया आत्मदाह

- महिला ने सेनेटाइजर खुद पर उड़ेलकर लगाई थी आग, 80 प्रतिशत शरीर झुलस गया था

**जयपुर** (कासं)। मुहाना इलाके में एक महिला ने खुद पर सेनेटाइजर उडेलकर आग लगा ली। आग से झुलसती मां के चिल्लाने पर दौड़े बच्चों ने आग बुझाई। 80 प्रतिशत झुलसी हालत में महिला की इलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि लक्ष्मी नगर द्वितीय सांगानेर निवासी ममता (33) ने आत्मदाह किया है। वह पति दाऊजी, एक बेटी और दो बेटों के साथ यहां रहती थी। उसका पति प्लास्टिक सामान की शॉप करता है। 2 अगस्त को एक रिश्तेदार के घर जाने की बात को लेकर पति-पत्नी में कहासुनी हो गई। जिसके बाद पति अपने काम से चला गया। दोपहर को मां-बच्चे घर पर थे। ममता ने सेनेटाइजर उडेलकर खुद को आग लगा दी। चिल्लाने की आवाज सुनकर बच्चे दौड़े। मां को झुलसती देखकर तुरंत आग बुझाकर काबू पाने का प्रयास किया। पडौसियों की मदद से आग बुझाकर गंभीर झुलसी हालत में ममता को प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया। आग से ममता का शरीर करीब 80 प्रतिशत झुलस गया था, गंभीर देखते हुए उसे सवाई मानसिंह अस्पताल में रैफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान बुधवार को उसकी मौत हो गई।

# कल्याण ज्वैलर्स देगा ग्राहकों को डिस्काउंट

**नई दिल्ली/जयपुर** । कल्याण ज्वैलर्स ने 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' अभियान में शामिल होकर अपने विशेष स्वतंत्रता दिवस ऑफर्स को लांच करने की घोषणा की है। देशभर के ग्राहकों के लिए बंपर डिस्काउंट ऑफर होगा, जिससे ग्राहक अपनी ज्वैलरी खरीद पर तुरंत लाभ हासिल कर सकेंगे। ये ऑफर्स 11 से 15 अगस्त तक लागू है।

ज्वैलरी ब्रांड ने पहले ही 'कल्याण स्पेशल गोल्ड रेट' पेश किया था, जिससे देशभर में कंपनी के सभी शोरूमों में गोल्ड प्राइज का मानकीकरण किया गया, और साथ ही यह सुनिश्चित किया गया कि सोने की कीमत बाजार में सबसे कम रहे। स्वतंत्रता दिवस ऑफर्स के हिस्से के रूप में कल्याण स्पेशल बोर्ड रेट के अलावा, ग्राहक खरीदे गए प्रत्येक ग्राम सोने पर 75 रुपये की अतिरिक्त छूट का दावा कर सकेंगे। इसके साथ ही कल्याण ज्वैलर्स चुनिंदा आभूषणों की खरीददारी पर मेकिंग चार्ज पर 75 प्रतिशत की छूट प्रदान करेगा।

कल्याण ज्वैलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रमेश कल्याणरमन ने कहा, "दुनियाभर में अपनी मौजूदगी के साथ एक भारतीय ब्रांड के रूप में, हमने विशिष्ट हिंदुस्तानी कारीगरी और शिल्प कौशल का प्रदर्शन और प्रचार करते हुए हमेशा अपनी भारतीयता पर गर्व किया है। यहां तक कि जब हम देश के भीतर और बाहर आक्रामक रूप से अपने ब्रांड को आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं, तब भी हमारे डिजाइन के साथ-साथ हमारे लोकाचार और हमारे आदर्श हमेशा सच्चे भारतीय बने रहते हैं। इस साल, जब भारत अपनी आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है, कल्याण ज्वैलर्स भी गर्व से 'आजादी का अमृत महोत्सव' समारोह में शामिल हो रहा है।

## कन्हैया हत्याकांड का 9वां आरोपी 16 तक रिमांड पर

**जयपुर** । उदयपुर के कन्हैयालाल टेलर की नृशंस हत्या मामले में एनआईए मामलों की लिंक कोर्ट के जज ने गुरूवार को मुख्य आरोपी गौस मोहम्मद का साथ देने के आरोप में गिरफ्तार नौंवे आरोपी मुस्लिम मोहम्मद को 16 तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। एनआईए ने आरोपी को पेश कर कहा कि उससे मामले में अग्रिम अनुसंधान के लिए पूछताछ करनी है। वहीं उसके अन्य आरोपियों व संगठनों के साथ रहे कनेक्शन का भी पता लगाना है। मामले में अनुसंधान जारी है और इसलिए उसे पुलिस रिमांड पर भेजा जाए। जिस पर जज ने आरोपी मुस्लिम मोहम्मद को 16 तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया। गौरतलब है कि आरोपी मुस्लिम मोहम्मद प्रतापगढ़ के ग्रामीण इलाकों में कुरकुरे-बिस्किट सप्लाई करता है। एनआईए जांच में गौस मोहम्मद की कॉल डिटेल्स व बयानों में मुस्लिम मोहम्मद का नाम सामने आया था और गौस की मोहम्मद से बातचीत होती थी।

# करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद ग्रेटर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बेपटरी!

## ग्रेटर निगम ने मालवीय नगर व मुरलीपुरा में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का काम वी केयर एन्वायरो कंपनी को दिया, लेकिन यहां भी हूपर नियमित नहीं पहुंच रहे

**जयपुर** (कासं)। ग्रेटर नगर निगम प्रशासन करोड़ों रुपये खर्च करके भी सफाई व्यवस्था को पटरी पर नहीं ला पा रहा है। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए पिछले दिनों मुरलीपुरा और मालवीय नगर जोन में वी केयर एन्वायरो (जेवी) कंपनी के नए हूपर लगाने के बाद भी रोजाना दर्जनों शिकायतें नगर निगम प्रशासन को मिल रही है।

सूत्रों की मानें तो ग्रेटर नगर निगम में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की करीब 1365 शिकायतें लंबित पड़ी है। निगम प्रशासन ने पिछले दिनों ही मालवीय नगर जोन और मुरलीपुरा जोन में डोर - टू-डोर कचरा संग्रहण के नए टैंडर किए थे। इसके बाद कंपनी ने मालवीय नगर में 65 और मुरलीपुरा में 52 हूपर सफाई व्यवस्था में लगाने के लिए रवाना किए थे।

माना जा रहा था कि हूपर के लगने के बाद सफाई व्यवस्था पटरी पर आ पाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आज भी इन दोनों क्षेत्रों की कॉलोनियों से ग्रेटर निगम में कचरा उठाने वाला नहीं आने की शिकायतें मिल रही है।

- मालवीय नगर और मुरलीपुरा को छोड़कर शेष 5 जोन में घर-घर कचरा संग्रहण के टैंडर शेष, यहां ज्यादा हालत बदतर
- ग्रेटर निगम के कंट्रोलरूम में सफाई से जुड़ी 1365 शिकायतें लंबित है, लेकिन अफसरों का ध्यान ही नहीं

अगर जयपुर में सफाई खर्च की बात करें तो वित्तीय वर्ष 2021-22 में 373 करोड़ रुपए ग्रेटर नगर निगम ने स्वच्छता संरक्षण और अवशिष्ट प्रबंधन पर खर्च कर दिए। इसके बाद भी जमीनी हालात ठीक नहीं है।

दूसरी तरफ मालवीय नगर और विद्याधर नगर में भले ही डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के नये टैंडर कर दिये गए हो, लेकिन शेष 5 जोन झोटवाड़ा, जगतपुरा, सांगानेर, मानसरोवर के लोग आज भी सफाई व्यवस्था सुधरने की बाट जोह रहे है। हालांकि इन इलाकों में नगर निगम ग्रेटर अपने स्तर पर घरों से कचरा कलेक्शन कर रहा है। निगम के अधिकारी दावा कर रहे है कि हर घर पर नियमित रूप से निगम की गाड़ियां पहुंच रही है और कचरा कलेक्शन कर रही है, लेकिन लम्बित शिकायतें कुछ और ही सच्चाई बयां कर रही है। आमजन से लेकर पार्षद तक बिगड़ी सफाई से परेशान है।

## 'रक्षा के संकल्प का सबसे बड़ा पर्व है रक्षाबंधन'

**जयपुर** (कासं)। रक्षाबंधन का पर्व न केवल वात्सल्य और विश्वास का पर्व है, बल्कि यह रक्षा के संकल्प का भी सबसे बड़ा पर्व है। जैन परंपराओं में धर्म और मुनियों की रक्षा के लिए जाना जाता है। रक्षाबंधन पर्व को केवल भाई-बहनों तक सीमित न रखकर इस पर्व को देश, धर्म और समाज की रक्षा के पर्व के रूप में भी जानना चाहिए। प्रत्येक प्राणी रक्षाबंधन पर्व पर प्रेम और विश्वास की डोर स्थापित करे और देश, धर्म व समाज की रक्षा का संकल्प लेंवे। यह विचार गुरुवार को गणिनी आर्यिका गौरवमती माताजी ने श्यामनगर आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में व्यक्त किए। जैन धर्म के 11वें तीर्थंकर भगवान श्रेयांसनाथ स्वामी का मोक्षकल्याणक पर्व और आर्यिका गुप्तिमती माताजी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। इस दौरान श्रावक और श्राविकाओं ने मंदिर के प्रमुख द्वारों व आर्यिका संघ में विराजमान सभी माताजी की पिच्छीयों पर रक्षा सूत्र बांधकर रक्षा का संकल्प किया।

## सार-समाचार

### पार्षद लादूराम दुलारिया का स्वागत



**जयपुर** (कासं)। झोटवाड़ा स्थित मोदी कॉलोनी में नारी शक्ति जन कल्याण समिति की ओर से पार्षद लादूराम दुलारिया को साफा व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। पार्षद ने यहां अस्पताल के ऊपर काफी लंबे समय से लगे टावर को हटवाने के लिए काफी संघर्ष किया था। पार्षद ने कलेक्टर, नगर निगम और झोटवाड़ा पुलिस के सहयोग से इस आवासीय कॉलोनी से मोबाइल टावर हटवाया। जिस पर नारी शक्ति जन कल्याण समिति ने पार्षद लादूराम का स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर कैलाश शर्मा गुरुजी, राम कुमार शर्मा, छाजू लाल, ओम प्रकाश खंडेलवाल, महेंद्र कुमार साहू, कौशल शर्मा और उनकी सभी कार्यकारिणी मौजूद थी।

### छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**जयपुर** (कासं)। बजाज नगर इलाके में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे एक विद्यार्थी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कमरे में उसका शव फंदे से लटका मिला। बजाज नगर थाना पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर एसएमएस हॉस्पिटल की मॉच्यूरी भिजवाया। पुलिस ने बुधवार दोपहर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मृतक के पास मिली डायरी को जब्त किया है, जिसमें मरने से पहले उसका लिखा सुसाइड नोट मिला है। पुलिस ने बताया कि विज्ञान नगर सवाई माधोपुर निवासी अभिषेक (25) पुत्र कैलाश चंद ने सुसाइड किया है। वह रामद्वारा कॉलोनी दुर्गापुरा में रहकर कॉम्पिटिशन एग्जाम की तैयारी कर रहा था। मंगलवार रात उसने अपने कमरे में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। बुधवार सुबह कमरे से बाहर नहीं आने पर खिड़की से झांककर देखा। कमरे में अभिषेक फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने धक्का देकर गेट खोला। अंदर पहुंचकर अभिषेक के् शव को फंदे से उतारा। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से शव को हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भिजवाया। एएसआई मूलचंद का कहना है कि मृतक के कमरे से एक डायरी और उसका मोबाइल जब्त किया गया है। डायरी में मारने से पहले उसने इंग्लिश में सुसाइड नोट लिखा है।

### जेकेके में 'बाप रे बाप' नाटक का मंचन

**जयपुर** । जवाहर कला केंद्र में शुक्रवार को 'बाप रे बाप' नाटक का मंचन किया जाएगा। जेकेके की पाक्षिक नाट्यय योजना के तहत दिनेश प्रधान के निर्देशन में रंगमंच पर अभिनय प्रस्तुति होगी। रंगायन सभागार में शाम सात बजे नाटक शुरू होगा। प्रवेश शुल्क 50 रुपये तय किया गया है। प्रसिद्ध व्यंग्यकार के.पी. सक्सेना द्वारा लिखित 'बाप रे बाप' नाटक विशुद्ध रूप से हास्यास्पद है। किसी कारणवश मुखिया का छोड़कर चले जाना और उसके बाद कयासों का दौर कहानी में हलचल ला देता है। इसके बाद पचास हजार के इनाम की घोषणा से पैदा हुई ऊहापोह परिवार के लोगों को माथा पकड़ने पर मजबूर कर देती है। नाटक में खोये पिता के बहाने कई लोगों का चहरा बेनकाब हो जाता है। 'बाप रे बाप' एक सटीक व्यंग्य है जो समाज में व्याप्त लालच और व्यक्तिवादी मानसिकता को उजागर करता है।

### अदृश्य चित्रों की प्रदर्शनी आज से

**जयपुर** । जवाहर कला केन्द्र में आगामी 12 से 16 अगस्त तक अदृश्य चित्रों की एक अनूठी प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। ये अनूठा सृजन किया है डॉ. प्रशान्त शर्मा और उनके मित्र डॉ. नीरव कुलश्रेष्ठ ने। डॉक्टर प्रशांत शर्मा जयपुर के भगवान महावीर कैंसर अस्पताल में कैंसर रोग विशेषज्ञ सर्जन हैं। बचपन से ही उन्हें चित्रकारी का और बांसुरी वादन का शौक है। दूसरे कलाकार नीरव कुलश्रेष्ठ सृजन के क्षेत्र में इनसेन के नाम से जाने जाते हैं। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जयपुर में पहली बार आयोजित की जाने वाले अदृश्य चित्रों की यह प्रदर्शनी केन्द्र की सुरेख कला दीर्घा में आयोजित की जाएगी। इस प्रदर्शनी में जितने भी चित्र दिखाए जाएंगे वे अदृश्य हैं यानि दिन की रोशनी में नहीं दिखते हैं। इन्हें देखने के लिए कला दीर्घा की लाइटें बंद की जाती हैं। इसके बाद एक विशिष्ट रोशनी से इन चित्रों को जीवंत देखा जा सकेगा।

## 'डेनमार्क की जल प्रबंधन तकनीक का लाभ राजस्थान को भी मिलेगा'

**जयपुर** (कासं)। जलदाय मंत्री डॉ. महेश जोशी के नेतृत्व में डेनमार्क गये प्रतिनिधि मण्डल ने डेनमार्क की आरहूस नदी जल परियोजना मॉरसेलिस बॅर्न वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का अवलोकन किया। प्रतिनिधि मण्डल ने प्लांट से एनर्जी प्रोडक्शन की प्रक्रिया भी देखी। डॉ.जोशी ने कहा कि आरहूस नदी जल परियोजना वाटर मेनेजमेंट सिस्टम का एक बेहतरीन उदाहरण है।

डेनमार्क में जोशी एवं उनके साथ गये अधिकारियों के स्वागत में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डॉ. जोशी ने कहा कि पानी की बचत ही पानी का उत्पादन है। इसलिये हमें जल संरक्षण की दिशा में लोगों को जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि डेनमार्क के दौरे में यहां के पेयजल प्रबंधन एवं वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट में अपनाई जा रही तकनीक के बारे में जानने के अवसर मिला, उन्होंने उम्मीद जताई कि इन तकनीक का लाभ राजस्थान को मिलेगा। जलदाय मंत्री ने राजस्थान सरकार की चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, निशुल्क दवा योजना, पेयजल प्रबंधन व जल संरक्षण की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किये हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में प्रदेश में निवेश के अनूकूल माहौल बना है। राजस्थान निवेश हब बनने जा रहा है। उन्होंने डेनमार्क के निवेशकों को भी राजस्थान में निवेश के लिये आमंत्रित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी डॉ सुबोध अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव जल संसाधन आनंद कुमार, डेनमार्क में भारतीय राजदूत पूजा कपूर मौजूद थे।

## एचिंग से तैयार प्रिंट में दिखेगा तिरंगा

**जयपुर** । जवाहर कला केंद्र में शुक्रवार से प्रिंटिंग एग्जीबिशन की शुरुआत होने जा रही है। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जेकेके व राजस्थान यूनिवर्सिटी के ड्राइंग व पेंटिंग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 12 से 15 अगस्त तक यह आयोजन किया जा रहा है। सुकृति आर्ट गैलेरी में सुबह 11 से शाम 7 बजे तक प्रिंटेड डिजाइन का अवलोकन कर सकेंगे। ड्राइंग व पेंटिंग विभाग में एसोसिएट प्रो. व कोर्स कॉर्डिनेटर अमिता राज गोयल ने बताया कि बीते दिनों जेकेके में एचिंग प्रिंट मेकिंग पर सात दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया था। इस दौरान एम.ए सेकंड सेमेस्टर के 24 विद्यार्थियों ने एचिंग की बारीकियां सीखी। इसी के साथ हर घर तिरंगा थीम पर प्रिंट तैयार किए गए। 27 प्रिंट जिनमें हर घर तिरंगा अभियान के महत्व को दर्शाया गया है वे प्रदर्शनी में मौजूद रहेंगे।

## 1100 तिरंगे झंडे नि:शुल्क वितरित



आज़ादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में झोटवाड़ा क्षेत्र के वार्ड 48 में 'हर घर तिरंगा-हर दुकान तिरंगा' अभियान चलाया जायेगा। पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत के सहयोग से पार्षद कुमकुम शक्तावत ने अपने कार्यालय पर 1100 तिरंगे झंडे नि:शुल्क बांटे। इस मौके पर शक्ति सिंह मानपुरा, सीताराम सिंह, अशोक लाटा, गिरधारी सिंह, अजीत सिंह, वीरेन्द्र सिंह, दीपक माथुर, भवानी सिंह, विनोद महला, राजा राम सिंह, चिमनराम, मदन सिंह और नरेन्द्र सिंह मौजूद थे।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए राज्यपाल



राज्यपाल कलराज मिश्र गुरुवार दोपहर राष्ट्रपति भवन में आयोजित देश के 14वें उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित हुए। राज्यपाल मिश्र ने उप राष्ट्रपति धनखड़ को आगामी कार्यकाल के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी।

# वीर दुर्गादास राठौड़ की जयंती मनाई

**जयपुर** । वीर दुर्गादास राठौड़ स्मृति समिति जयपुर के तत्वावधान में राष्ट्रवीर एवं देशप्रेमी वीर दुर्गादास राठौड़ की 384वीं जयंती वीर दुर्गादास सर्किल के पास फतेह निवास झोटवाड़ा में मनाई गई। सबसे पहले समिति के अध्यक्ष गणपत सिंह राठौड़ ने वीर दुर्गादास राठौड़ सर्किल पर झंडारोहण किया।

जयंती समारोह में वीर दुर्गादास राठौड़ स्मृति समिति के अध्यक्ष गणपत सिंह राठौड़ ने झोटवाड़ा दुर्गादास सर्किल पर या राजधानी जयपुर में किसी भी उचित स्थान पर वीर दुर्गादास की आदमकद मूर्ति लगाने, मध्यप्रदेश की तरह राजस्थान में भी जयंती के दिन अवकाश घोषित करने एवं राजस्थान पाठ्यक्रम में सभी कक्षाओं में वीर दुर्गादास के पाठ जोड़ने की राज्य सरकार से मांग की। राठौड़ ने 60 पैसे की डाक टिकट, 100, 10 व 1 रुपए के सिक्के पुन: प्रचलित करने की भारत सरकार से मांग की जिससे नई पीढ़ी को देश के वीरों के बारे में जानकारी मिल सके। समारोह के दौरान नरेंद्र सिंह



राठौड़, भवानी निकेतन से जालम सिंह आसपुरा, कवि महेंद्र सिंह जाखली, नारायण सिंह जेसलान आदि कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर दुर्गादास पर जारी सिक्के, फिल्म, डाक टिकट, लकड़ी की कावड़, पाठ्यपुस्तकें, साहित्य चित्रों की भी प्रदर्शनी लगाई गई। समारोह में विजेता स्कूली छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।

समारोह में रामसिंह चंदलाई अध्यक्ष राजपूत सभा जयपुर, वीरेंद्र सिंह बाकावत आईएएस,आशु सिंह राठौड़ उपमहानिदेशक सीमा सड़क संगठन, राजेंद्र सिंह शेखावत आरएएस, ब्रिगेडियर जितेंद्र सिंह शेखावत, मार्कंडै सिंह चौहान, डिप्टी कमिश्नर जीएसटी सहित सर्व समाज के लोग उपस्थित थे।



## World Elephant Day

They're intelligent; family-oriented; have great memories and are capable of feeling a wide range of deep emotions, from intense grief to joy bordering on elation, as well as empathy and stunning self-awareness. They create complex, supportive societies much like ours. World Elephant Day is the perfect time to find out more about these amazing animals and what we can do to preserve and protect them so they do not go extinct like mammoths one of their ancestors.



#EXERCISE



Foot & ankle eversion with band.

# Foot and Ankle Exercises

Your foot is amazingly complex with 26 bones, more than a dozen muscles, and countless nerve endings.


When you think about working out and what set of muscles you're going to train today, what comes to mind? Back and shoulders? Legs? Arms? Core? How about one body region that is arguably unique of them all since it's the only body part that consistently makes contact with the ground -- the foot? The foot and ankle 'complex' - referred to, due to their strongly linked, interdependent relationship- that supports your entire body weight and is the platform for almost all movement.

Your foot is amazingly complex with 26 bones, more than a dozen muscles and countless nerve endings. It serves both as a flexible shock absorber for every step, a strong lever to propel you forward when walking or running, and is a rich source of sensory information that informs the brain about where the body is in space.

If that wasn't demand enough, the foot and ankle complex navigates force and movement in every direction, whether that's straight forward and back (sagittal plane), side to side (frontal plane), rotational (transverse plane) or a combination thereof. During any and all of these moments, the foot and ankle are absorbing force while bearing weight and as you step off they're unloading that force and stabilizing the foot and ankle in the air.

If you haven't thought about 'training' the foot and ankle like the rest of the body, don't worr, as you're very likely in the majority. To rectify that here are five research-proven exercises with progressions as well to improve foot and ankle strength and function.

### Toe curls with towel



Sit barefoot in a chair and place a bath towel (folded in half) on the floor in front of you. Put a book or sneaker at the end of the towel opposite you and place both feet on the end of the towel closest to you. Keeping your feet flat on the floor with the towel underneath, pull the weight closer to you by curling your toes to scrunch up the towel like an accordion.

### Foot & ankle eversion with band

Sit barefoot on the ground with your legs extended straight in front of you. Loop the end of a long resistance band around the ball of your left foot. Let it pass beneath the bottom of your right foot (as if you were standing on it), then hold both ends in your right hand. Flex your left toes toward your face as your rotate them outward then point them down as you rotate them inward.

### Balance

Stand on one leg for 30 seconds then repeat on the other side. Alternate between the two legs for three rounds. Once you can complete that with ease, repeat the progression on a soft surface like a pillow. For ad-



vanced balance training, repeat the sequence above and close your eyes.


This program helps build foundational strength, mobility, balance and feedback into your foot and ankle complex to better deal with the high demands of everyday life, activities and sports. Give it a shot and once you have it down, you can integrate it into your daily warm-up as well. Your feet and ankles will thank you.

### Seated heel and toe raises

Start sitting in a chair with your bare feet about shoulder-width apart and flat on the floor. Lift both heels off the ground while keeping the balls of your foot on the ground, and then slowly lower your heels back down. Reverse the movement with your toes and forefoot leaving the ground while the heels remains on the floor.

### Short Foot


Start sitting in a chair with your bare feet flat on the floor. Without curling your toes, lift the arches of your feet, while keeping the ball off the foot and heel on the ground.



Seated heel and toe raises.

# Mayush - Heartsick

Saxena Saheb roared with delight at Gudiya's profound expostulation. The atmosphere had by now considerably lightened and Chachi had cooled down. She permitted herself a laugh and asked Gudiya if she knew what mayush means. Gudiya replied that she certainly did. "Jo apni ma ko yad kar ansu bahaye wah mayush (one who weeps while remembering her mother is heartsick)."






Dr. Shri Gopal Kabra

*Veteran Doctor & Voracious writer on medical affairs*


Across the road and almost opposite our house, a decade back, lived a retired civil engineer, Saxena Saheb. He was older than me; therefore, to my granddaughter he was Bade Dada or great grandfather. Every morning and evening we saw him in his verandah, seated in a cushioned chair and reading a newspaper or a book. On a side table were neatly arrayed a flask of coffee, two coffee mugs, his favourite 'Nice' biscuits in a plastic jar, a water bottle with a tumbler and a portable radio. The second coffee mug was for any visitor who might happen to drop by.

His son and daughter-in-law would leave for work by 9 in the morning. The son was a government official and his wife a secondary school teacher. They would return home briefly for lunch before setting off again. After lunch, Saxena Saheb would have a nap, following which he pottered around in the house before heading to the verandah and his chair where he spent the rest of the afternoon awaiting the return of his son and daughter-in-law.

### The Plan

My granddaughter, whom Saxena Saheb called Gudiya Rani or Doll Queen, would wait for her school bus in front of Saxena Saheb's gate. Duly kitted out in her school uniform and carrying a satchel and a water bottle. Bade Dada, with his cane in hand, would walk down to the gate where she greeted him, "Bade Dada, pranam!" He would bless her and chat with her till her bus arrived. "What are you carrying in your tiffin today? Oh, you have a class test? Good luck! Where is your water bottle? Ask your English teacher how to say Bade Dada and Gudiya Rani in English.....". It's the typical banter heard every day in a million homes across the country between little children and old, retired folks and of which they never tire.

On some afternoons, after Gudiya completed her homework and Saxena Saheb his siesta, they would enjoy a game of Ludo in his verandah. On one such afternoon, he suddenly asked her, "do you like chocolate?" When she nodded vigorously, he confided to her that when her badi dadi, meaning his late wife, was alive she would always give him a piece of fresh, Muzaffarnagar special dry fruit laced jaggery (gud) after lunch. When Muzzafarnagar special was no longer available, she switched to a square of Cadbury's chocolate. After her death, his daughter-in-law, continued the practice but subsequently stopped it fearing he might develop diabetes. This decision was probably influenced by her discovering that he was surreptitiously taking an extra piece or two from the refrigerator when she was not looking.

He handed Gudiya a five hundred rupee note and said, "ask your Mummy to buy some Cadbury's chocolate. When you return from school and finish your lunch, take out two pieces, one for me and one for yourself. Only after I eat my share will I retire for my afternoon nap. Your grandmother will be happy in heaven and I assure you that I will not develop diabetes." When Gudiya broached the plan to her mother, she agreed, somewhat uneasily.

### Shaitan ki pudiya!

One day, Gudiya developed a fever and was confined to bed. After we finished our lunch and Gudiya was given some hot tomato soup, she requested her mother, "Mama, take a piece of chocolate from the refrigerator and give it to Bade Dada. He must be waiting in his verandah. Only after eating it will he have his nap. Tell him that I have taken my share." This is when I first learnt of the arrangement between Gudiya and her Bade Dada.

It was late in the afternoon and Gudiya was enjoying a game of Ludo with Saxena Saheb. The shadows were lengthening as his daughter-in-law returned from work. Forgetting the game, Gudiya said, "Lo Dada, Chachi aagayi. Garama garam chay banakar dengi (look, Dada, Chachi has come. She will prepare hot tea for you)."

That did not go down too well with Chachi who seemed to have had a trying day at school and did not hide her irritation. "Ghar me ghusi nahi aur farmaish chalu ho gayi. Saans to lene de. (I just return home and your demands start. Let me at least catch my breath)," she grumbled.

Gudiya was taken aback. She asked, "Kya hua Chachi? Aaj baccho ne bahut pareshan kiya kya? (What happened Chachi? Did the children bother you a lot today)?"

Chachi slamed her handbag on the table. She was most certainly not in a good mood. "Bache kya hai, afat ke parkale hai, saitan ki pudiya. (Children? They are a scourge! A flock of devils! Bundles of mischief)."

Gudiya was unperturbed. She raised her eyebrows. "Wah Chachi! " she applauded. Turning to Saxena Saheb, she asked, "Dada, what does shaitan ki pudiya mean?"

Dada burst out laughing."It means a packet full of mischief."

Gudiya paused awhile to absorb this. Then she spoke slowly and with great emphasis. "Chachi, bache apni teacher se bahut pyar karte hai. Unke pyar karne ka tarika yahi hota hai. Dekhna kabhi inhi ko yad kar mayus howogi (schoolchildren love their teacher a great deal and this is their way of demonstrating that love. I'm quite sure that one day you will remember them and feel heartsick - mayush)."

Saxena Saheb roared with delight at Gudiya's profound expostulation. The atmosphere had by now considerably lightened and Chachi had cooled down. She permitted herself a laugh and asked Gudiya if she knew what mayush means. Gudiya replied that she certainly did. "Jo apni ma ko yad kar ansu bahaye wah mayush (one who weeps while remembering her mother is heartsick)."

Chachi smiled. She was impressed. "My, my! You are certainly talking beyond your years! Who told you that?"

"My class teacher," replied Gudiya. "She was telling her junior not to be cross with the children when they misbehave and that one day she would remember them and cry."

Chachi was so taken aback that she was unable to leave. Shaking her head, she left for the kitchen and Dada was in splits. After a while she called out that Dada's tea was ready and added, "Gudiya, why don't you open my handbag and help yourself to some chocolate I have there?"

Gudiya was surprised. "Are wah Chachi, apko diabetes nahi hoti (won't you get diabetes)?"

Dada was uneasy. He sensed that Gudiya might spill the beans, causing their carefully crafted little scheme to come undone. Hastily, he gathered Gudiya and propelled her to the gate. "You are truly a bundle of mischief," he hissed in her ear with mock anger mixed with laughter. "Go, go! Your mummy is calling you. Go on!" Gudiya was puzzled but left all the same. Dada made sure she was well on her way home before he returned for his tea.


writetoarbit@rashtradoot.com


> Chachi was so taken aback that she was unable to leave. Shaking her head, she left for the kitchen and Dada was in splits. After a while she called out that Dada's tea was ready and added, "Gudiya, why don't you open my handbag and help yourself to some chocolate I have there?" Gudiya was surprised. "Are wah Chachi, apko diabetes nahi hoti (won't you get diabetes)?"

> One day, Gudiya developed a fever and was confined to bed. After we finished our lunch and Gudiya was given some hot tomato soup, she requested her mother, "Mama, take a piece of chocolate from the refrigerator and give it to Bade Dada. He must be waiting in his verandah. Only after eating it will he have his nap. Tell him that I have taken my share."

#WISDOM











#CELEBRATION

## International Youth Day

Kids are the future. Support youth activities, organizations and canters to help the young generation blossom and grow into brighter future.



Youth Day presents an opportunity for every country to assess their investment in and commitment to youth, as well as general education (both of and to youth).

Endorsed by the United Nations in 1999 after a recommendation was made by the World Conference of Ministers Responsible for Youth, the first International Youth Day took place in the summer of 2000. Although its purpose was certainly meant to inspire and encourage leaders of the countries to be aware of the issues related to youth. Its sentiment can be passed down far away from political leaders into the culture of each land's up and coming generations.

That means that International Youth Day should not only be engaged at a global level and national level, but also at a local level. And this can be done by the people who know and love the youth of their communities.

International Youth Day is meant to empower young people to participate in public life.

Celebrating and enjoying this day has everything to do with the awareness of the difficulties youth face today as well as working to help solve these problems for the leaders



of tomorrow.

Get involved and support youth activities around you. Take the opportunity to find out about local youth culture, their activities and education, and to get them involved in the wellbeing of the next generation of humanity.

Since youth difficulties and challenges can change from one town to another or from city to city. It's important to understand what is going on in the local community to understand what needs the youths of today are facing.

Show interest in young people's activities. For those who already have young children, this is an easy day to work a little harder at trying to get to know and understand them. It may take a bit slow and longer a bit to build trust, but on this day take a step to bond. Begin by showing an interest in what they are doing or thinking in these ways.

#TRIED&TASTED

# Stay Warm & Healthy This Monsoon

From a hot kahwa to a tangy apple toddy and comforting almond milk, these monsoon drink recipes will warm you up from inside out.

When it starts to pour outside all we want to do is curl up on the bed with a warm beverage for company. Although tea and coffee are undoubtedly a crowd favourite, what we really need is something that feels special and helps us relax. Here are some comforting monsoon drink recipes that are not just delicious but also nourishing.

## Rusty Oasis



### Ingredients

- 1 small cup honey
- 1 small cup unsalted butter
- 3 tsp apple juice
- 3 tsp orange juice
- 2 sticks cinnamon
- 4-5 pods of cardamom
- 8-10 cloves
- 4-5 star anise
- 2 vanilla pods (whole)

### Preparation

1. In a pan heat the unsalted butter to melt and combine with the honey. Stir for a minute.
2. Add the spice mix to it followed by the juices and mix well.
3. Turn off the heat and pour into a jug.
4. Serve hot in a chalice glass with an orange peel for garnish.

## Spiced Cranberry



### Ingredients

- 1.5 tbsp apple cider vinegar
- 1.5 tbsp dark cinnamon syrup
- 1.5 tbsp all spice cranberry reduction
- 1.5 tbsp fresh lime juice
- 2.5 tbsp apple juice
- A little over half cup water

### Preparation

1. Put all ingredients in a saucepan and heat it.
2. Once it comes to a boil switch off the gas; pour it into a brandy balloon glass.
3. Garnish with star anise and cinnamon.

## Badami Haalu

### Ingredients

- 5 cups full cream milk
- ½ cup almonds
- A few strands of saffron
- 6 dates, pureed
- ½ tsp green cardamom powder

For the garnish

- 1 tsp edible rose petals, dried
- 1 tbsp almonds, slivered
- A few strands of saffron, steeped in 1 tbsp. of lukewarm milk



### Preparation

1. Soak the almonds for at least 2 hours in water.
2. Peel and grind them with a little milk into a very smooth paste.
3. In a small glass bowl of lukewarm milk, steep the saffron strands to extract maximum flavour and colour.
4. Bring milk to a boil, in a heavy-bottomed, non-stick pan.
5. Add the almond paste. Simmer and stir continuously for 10 minutes. Now add the steeped saffron strands and puree of dates.
6. For another 5 minutes, simmer, stir and add the green cardamom powder.
7. Mix and bring it to a gentle boil and turn off the flame.
8. Serve it hot garnished with slivered almonds, steeped saffron strands and edible and dried rose petals.

## Hot Apple Toddy

### Ingredients

- 90 ml apple juice
- 20 ml honey
- 20 ml lime juice
- 5 ml apple cider
- 5 clove
- 3 cardamom
- 1 small stick cinnamon



### Preparation

1. Muddle all the spices in a pan. Add apple cider, apple juice, honey and hot water to the mix.
2. Stir them together. Then strain into a cognac glass and garnish with a slice of apple if you wish.

## Healing Kashaya

### Ingredients


- ½ tbsp cumin seeds
- ½ tbsp coriander seeds
- ½ tbsp fennel seeds
- 1/2 tbsp peppercorn seeds
- 1 cup water
- A small piece of jaggery



### Preparation

1. Dry roast all the spices. Let them cool and then grind into a smooth powder.
2. In a pan boil a cup of water and adjust the quantity of the spice powder as per your taste.
3. Kashaya tea is ready, filter it and add jaggery if you want to sweeten it.

## THE WALL





## BABY BLUES


By Rick Kirkman & Jerry Scott





## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# उदयपुर शहर में दो इंच बारिश हुई, पिछोला झील में दो फीट पानी आया



उदयपुर की पीछोला झील को भरने वाली प्रमुख नदी सीसारमा नदी तेज वेग से बह रही है।

- जलस्तर 9 फीट पर पहुंचा, लिंक नहर से शुक्रवार को भी मिलेगा पीछोला को पानी
- पीछोला दस फीट होने पर बंद करने पर होगा निर्णय
- पिछोला झील के दो दिन में छलकने की संभावना जताई

**उदयपुर,** (कासं)। झीलों के शहर में गुरूवार का दिन पिछोला झील के लिए खुशियां लेकर आया। इस मानसून में अभी तक अपने फ्लो से नहीं बहने वाली सीसारमा नदी में आज तेज प्रवाह दिखाई दिया। पिछोला झील में एक फीट की आवक हुई है। पिछोला का जलस्तर 9 फीट हो गया है और अब यह केवल दो फीट खाली है। यहीं आवक बनी रही तो पिछोला झील के दो दिन में छलकने की संभावना जताई है।

सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता (गिर्वा) निर्मल मेघवाल ने बताया कि मदार नहर से हो रही अतिरिक्त आवक जो लिंक नहर के जरिए पिछोला में जा रही है वह शुक्रवार को भी जारी रहेगी। पिछोला का जलस्तर 10 फीट होने के बाद लिंक नहर से अतिरिक्त पानी देने पर निर्णय लिया जाएगा। ऐसे में शुक्रवार शाम तक लिंक नहर के गेट बंद होने की संभावना है।

इस मानसून में पहली बार अपने वेग से बही सीसारमा नदी से पिछोला झील में तेज आवक हुई। सीसारमा नदी व लिंक नहर दोनों से हो रही आवक के चलते एक ही दिन में करीब दो फीट पानी की आवक हुई है। बुधवार को इसका जलस्तर 7 फीट 1 इंच था जो आज रात तक नौ फीट को छू जाएगा। शाम 5 बजे तक इसका जलस्तर 8 फीट 10 इंच हो गया था। सीसारमा नदी आज सुबह 3 फीट बही। इसके बाद सुबह 10 बजे के करीब यह साढ़े छह फीट बहने लगी और शाम को अब यह पांच फीट के वेग से बह रही है।

इधर, सिंचाई विभाग के बाढ़ नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार प्रात: 8 बजे समाप्त बीते 24 घंटों में उदयपुर शहर में 36 व सुबह 9 से शाम 6 बजे तक समाप्त बीते 12 घंटों में 16 मिमी (कुल 52 मिमी) दो इंच बारिश हुई है। वहीं शाम 6 बजे तक बीते 12 घंटों में नाई में 40, उदयसागर में 12 मिमी व वल्लभनगर में 19 मिमी बारिश हुई। शहर में सुहावने मौसम व पहाड़ियों पर चारों ओर छाए बादलों के बीच रूक-रूक कर बारिश का दौर भी जारी रहा।

# गाय को बचाने के प्रयास में कार पलटी, एक की मौत व छह घायल



भीलवाड़ा-अजमेर हाईवे पर बेरा चौराहे के निकट हादसे के बाद कार को क्रेन की मदद से हटवाया।

- डिवाइडर से कूदकर पूलिया से टकराने के बाद पलटी कार
- अजमेर से जियारत कर नासिक लौट रहा था परिवार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भीलवाड़ा-अजमेर हाईवे पर बेरा चौराहे के निकट अल सवेरे गाय को बचाने के प्रयास में एक कार बेकाबू हो गई और डिवाइडर से कूदकर पूलिया से टकराने के बाद पलट गई, इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई है जबकि 4 बच्चो सहित कुल 6 लोग घायल हुए हैं।

रायला पुलिस ने बताया कि अजमेर से जियारत कर नासिक लौट रहा सद्दाम हुसैन का परिवार हादसे का शिकार हुआ है, बताया गया है कि अजमेर भीलवाड़ा मार्ग पर रायला थाना अंतर्गत बेरा चौराहे के निकट सड़क पर अचानक गाय आ गई जिसे बचाने के प्रयास में चालक कार पर संतुलन खो बैठा और कार बेकाबू होकर डिवाइडर कूदने के बाद पुलिया से टकराती हुई पलट गई।

इस हादसे में हाजरा नामक महिला की मौत हुई है। जबकि 4 बच्चों सहित कुल छह लोग घायल हुए है। रायला पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनका उपचार किया।

## ऑनलाईन ठगी का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। पुराने सिक्के लेने के एवज में ऑनलाईन नकदी की ठगी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित सिरोहीवाडा कर्मशील मार्ग चांदपोल हाल बोहरा कॉलोनी रामपुरा हर्षनगर निवासी उमेशचन्द्र द्विवेदी पुत्र रामशंकर द्विवेदी ने अज्ञात अरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि सोशल साईड पर 50 वर्ष पुराने सिक्के लेने के एवज में करीब 40 लाख रूपये देने की जानकारी मिलने पर मौके पर दिए गए नंबरों पर दस दिन पूर्व संपर्क किया।

बातचीत के दौरान आरोपी के बताए अनुसार रजिस्ट्रेशन के 1050 रूपये जमा करवाए उसके बात बातचीत करते करते आरोपी के कहे अनुसार होने वाले विभिन्न के 83650 रूपये जमा करवाए। गत दिनों दुबारा संपर्क करने पर आरोपी 31 हजार रूपये की और मांग कर रहे हैं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

# अजमेर जेल में डकैत जगन गुर्जर की बिगड़ी तबीयत

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में बंद डकैत जगन गुर्जर की गुरुवार को तबियत बिगड़ गई। जिसे कड़ी सुरक्षा के बीच हथियारबंद जवानों के साथ जेएलएन हॉस्पिटल लाया गया। हॉस्पिटल के इमरजेंसी वार्ड में प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे कड़ी सुरक्षा के बीच वापस हाई सिक्योरिटी जेल भिजवा दिया गया। इस दौरान सिविल लाइंस व कोतवाली थाना पुलिस का जाब्ता भी मौजूद रहा। सूत्रों के अनुसार डकैत जगन गुर्जर की तबीयत पिछले 3 दिन से नाजुक बनी हुई है। गुरुवार को उसे तेज बुखार आने पर हॉस्पिटल में उपचार के लिए भिजवाया गया था।

हत्या, डकैती, लूट विभिन्न मुकदमों में डकैत जगन गुर्जर सजा काट रहा है। सूत्रों के अनुसार जगन गुर्जर पिछले 6 महीनों से हाई सिक्योरिटी जेल में बंद है।

# युवक से लूट का प्रयास

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के प्रताप नगर थाना इलाके में बेखौफ बदमाशों ने कुंभा सर्किल पर एक कार सवार युवक से लूट का प्रयास किया है। कार के पीछे से तीन बाइक सवार बदमाश आए और कार को रूकवाकर कांच तोड़ दिया। लोगों ने पुलिस को सूचना दी।भीड़ को बढ़ता देख बदमाश भी बाइक लेकर भाग गए। मौके पर पहुंची प्रताप नगर पुलिस ने पीड़ित से घटना की जानकारी ली। गाडरी खेडा गांधी नगर निवासी वरदीचंद गाडरी ने बताया कि बीती रात वह अपनी कार में गैस भरवाने के लिए आजाद नगर की तरफ निकला था। इस दौरान एक बाइक पर सवार होकर तीन बदमाश आए और कांच तोड़ दिया। यह देख वरदीचंद कार को भगाने लगा। इस पर बदमाशों ने पीछा कर उसकी कार के आगे बाइक लगा दी और कार के सभी कांच तोड़ने के साथ ही उसके साथ लूटपाट का प्रयास शुरू कर दिया। वरदीचंद मदद के लिए चिल्लाने लगा। इसके चलते मौके पर लोग इकट्ठा हो गए और बदमाश फरार हो गए। पीड़ित ने प्रताप नगर थाने में रिपोर्ट भी दर्ज करवाई है।

## धरना स्थल पर राखी बांधी

**भरतपुर,** (निसं)। स्कीम नम्बर 13 में अपनी मांगों को लेकर धरना दे रहे किसानों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। जहां पूरे देश में भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का त्यौहार रक्षाबन्धन हर्षोल्लास से मनाया जा रहा हैं वहीं गांव सोनपुरा, नगला वरसों, झीलरा मलाह के सभी किसानों ने इस त्यौहार को धरना स्थल पर बहनों से राखी बंधवाकर मनाया। इस मौके पर अमर सिंह एवं मोती मिह पार्षद ने धरना को सम्बोधित करते हुए किसानों की मांगों पर अपना पक्ष रखा। इस मौके पर वक्ताओं ने स्थानीय विधापक व मंत्री को भी चेताया और कहा कि जब तक किसानों के पट्टे जारी नहीं होंगे तब तक धरना चलता रहेगा। धरने पर किसान गंगादास, घनश्याम, करतार सिंह, राजबीर सिंह, सतीश, गजेंद्र, मुरारी सोनपुरा, लालाराम, दुलीचन्द, मोहनदास राजवीर झीलरा, निहाल मिह, प्रेम सिंह, महाराम सिंह, देवेंद्र अनाह, बन्टी झीलरा, बादाम श्रीनगर, वीरी सिंह मड़ौली, पदम सिंह आदि ने धरने को सम्बोधित किया।

# दो ट्रकों की भिड़ंत में खलासी की मौत, चालक घायल

- घटना के बाद लोगों ने फोन कर एम्बुलेंस बुलाकर श्रीनाथ अस्पताल राजगढ में भर्ती करवाया

**सादुलपुर,** (निसं)।राष्ट्रीय राजमार्ग हिसार सादुलपुर पर कस्बा राजगढ बाईपास पर हिसार की ओर से बोम्बे जा रहे ट्रोला के सामने से आ रहे ट्रोला द्वारा तेजगति व लापरवाही से ट्रोला चलाकर टक्कर मारने से ट्रोला में सवार खलासी की मौके पर ही मौत हो गई तथा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जो श्रीनाथ अस्पताल में उपचाराधीन है।

थानाधिकारी ने बताया कि कस्बा राजगढ में स्थित श्रीनाथ अस्पताल में उपचाराधीन घायल ट्रोला चालक मोहम्मद अशरफ पुत्र बरकत अली निवासी रहया मोड़ पीएस विजयनगर जिला साबा जम्मू ने पर्चा ब्यान देकर राजगढ थाने में इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि उसे 11 अगस्त को 12 चक्का ट्रोले में मक्खन भरकर हिसार होते हुए बोम्बे जाना था। मगर 11 अगस्त को समय करीबन 5.15 बजे अलसुबह वह राजगढ बाईपास एन.एच. 52 पर पहुँचा तो सामने से आ रहे ट्रोला के चालक ने तेजगति व लापरवाही से ट्रोला का चलाकर उनके ट्रोला के टक्कर मारता हुआ आगे निकल गया, जिससे उसके साथ ट्रोले में सवार खलासी मोहम्मद शाहिद पुत्र मोहम्मद युसूफ निवासी सरोबर जिला साबा जम्मू के गंभीर चोटें लगने से मौके पर मौत हो गई तथा उसके भी काफी चोटें लगी। घटना के बाद आसपड़ौस के लोगों ने फोन कर एम्बुलेंस बुलाकर उसे श्रीनाथ अस्पताल राजगढ में भर्ती करवाया, जहाँ पर वह उपचाराधीन है। पुलिस ने ट्रोला चालक की रिपोर्ट पर दुसरे ट्रोला के चालक के खिलाफ तेजगति व लापरवाही से ट्रोला चालकर दुघर्टना कारित करने के आरोप का मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

## डूबने से युवक की मौत

**बयाना,** (निसं)। निकट के गांव भवनपुरा में अपनी बहन के यहां रक्षाबंधन मनाने आए एक युवक की निकट के बंधबारैठा बांध में डूबने से मौत हो गई। इस हादसे से मृतक के परिजनों व उसकी बहन के परिवार में मातम छा गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना गढीबाजना पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से शव की तलाश करवाकर बांध में से निकलवाकर बयाना के अस्पताल की मोर्चरी में पहुंचाया। जहां उसका परिजनों की मौजूदगी में पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस एएसआई राजाराम ने बताया कि मृतक बयाना के गांव दमदमा निवासी भगवान सिंह उर्फ संजीव जाटव आयु 30 वर्ष है जो दिल्ली में मजदूरी करता था और वह अपनी बहन के यहां रक्षाबंधन मनाने गया हुआ था। गुरुवार को जब वह अपने भांजे विश्वेन्द्र व अन्य युवकों के साथ बंधबारैठा बांध पर नहाने व घूमने गया था। तब उसकी बांध में डूबने से मौत हो गई।

# देवनानी ने पशुपालकों को मुआवजा देने की मांग

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने लम्पी बीमारी से मृत पशुओं के मालिक पशुपालकों को प्रति पशु एक लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की है।

अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने कहा कि लम्पी बीमारी महामारी का रूप लेती जा रही है और सरकार इससे निपटने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। देवनानी ने कहा कि लम्पी नामक बीमारी से गायों की मौत पर अंकुश लगाने और बीमार गायों के इलाज के लिए विधायक कोष से पांच लाख रूपए देने की अभिशंसा की गई है।

उन्होंने गायों की मौत के लिए कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में गायों को इस जानलेवा बीमारी से बचाने के लिए बड़ी गौशालाओं में आइसोलेशन वार्ड बनाने, जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाने, व्यापक स्तर पर टीकाकरण अभियान चलाने और चिकित्सकों की समुचित व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता है।

अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने बताया कि विधायक कोष से स्वीकृत होने वाली राशि अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न गौशालाओं में गायों के गोटा पॉक्स टीका लगाने और दवाइयों पर खर्च की जाएगी। उन्होंने जिला प्रशासन और पशु चिकित्सा विभाग से ऐसी व्यवस्था करने को कहा है, जिससे इस क्षेत्र में अब एक भी गाय इलाज के अभाव में नहीं मरे।

## नकदी व जेवरात चोरी

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के सुखेर थाना क्षैत्र में स्थित सूने मकान का अज्ञात चोर ताला तोड़ कर जेवरात व नकदी चुरा ले गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित पुलक विहार सुखेर निवासी रामसिंह चौहान पुत्र अमरसिंह ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 9 अगस्त को मैं काम से अहमदाबाद गया था। दूसरे दिन लौटा तो मकान का ताला टूट हुआ एवं खिड़की की ग्रील टूटी हुई थी। अन्दर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। तलाशी ली तो सोने का नेकलेस, चूड़िया, चांदी के पायजेब तथा 25 हजार रूपये नकदी नहीं मिली। इस पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

# गैंगरेप के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

- पूछताछ के बाद विधी से संघर्षरत एक बाल अपचारी को डिटेन किया
- किसी को बताने पर महिला को जान से मारने की धमकी दी

**उदयपुर,** (कासं)। महिला का अपहरण कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया तथा विधी से संघर्षरत एक बाल अपचारी को डिटेन किया।

प्रकरण के अनुसार 4 अगस्त 2022 को पीड़िता ने गोवर्धन, तनु, संतोष व साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि तीन माह पूर्व आरोपी गोवर्धन मुझे अपने साथ ले गया। जहां एक मकान में आरोपी व साथियों ने मेरे साथ दुष्कर्म किया तथा किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक विकास कुमार शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर चन्द्रशीलन ठाकुर के सुपरविजन में पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के नेतृत्व में गठित दल ने गोवर्धन सिंह पुत्र नेनुसिंह, ख्याली लाल उर्फ संतोष पुत्र कपील कुमार को गिरफ्तार किया। जिनसे की गई पूछताछ के बाद विधी से संघर्षरत एक बाल अपचारी को डिटेन किया।

# गोगामेडी मेला ध्वजारोहण के साथ शुरू हुआ

**हनुमानगढ़,** (कासं)। सांप्रदायिक सद्भावना के प्रतीक उत्तर भारत के प्रसिद्ध गोगामेड़ी मेले का शुभारंभ बुधवार को देवस्थान, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत ने पूजा-अर्चना के बाद ध्वजारोहण कर विधिवत रूप से किया। ध्वजारोहण के बाद मंत्री रावत ने संभागीय आयुक्त व अन्य अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ गोगाजी के दरबार में समाधि का दर्शन कर चादर व पुष्प चढ़ाए।

इस दौरान केश कला बोर्ड के चेयरमैन महेन्द्र गहलोत, विधायक बलवान पूनिया, विधायक अमित चाचण, ग्राम पंचायत सरपंच एवं गोरख धूणा प्रन्यास के महंत रूपनाथ, नोहर प्रधान सोहन ढील, उप प्रधान बलवान फगेड़िया, जिला परिषद सदस्य मंगेज चौधरी, शबनम गोदारा, जिला अहिंसा बोर्ड के संयोजक श्रवण तंवर, सुनिता पूनिया, रफीक कुरैशी, अदरीश अली, संभागीय आयुक्त डॉ नीरज के. पवन, जिला कलेक्टर नथमल डिडेल, एसपी डॉ. अजयसिंह, देवस्थान विभाग के अति. आयुक्त ओ. पी. जैन, एडिशनल एसपी नोहर सुरेश जांगिड, नोहर उपखंड अधिकारी एवं गोगामेड़ी मेला मजिस्ट्रेट श्वेता कोचर, देवस्थान विभाग की सहायक आयुक्त डॉ प्रियंका गांधी, जतिन गांधी, सीओ नोहर सुनिल झांझड़िया, तहसीलदार जय कौशिक समेत सभी विभागों के आला अधिकारी मौजूद थे। समारोह को संबोधित करते हुए उद्योग एवं देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत ने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि गोगाजी के दर्शन आराम से करें, जल्दबाजी कतई ना करें। मेला शुभारंभ से पहले संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर, एसपी, मेला मंजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारियों ने गोगामेड़ी मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान देवस्थान विभाग उदयपुर मुख्यालय के अतिरिक्त आयुक्त ओ.पी. जैन ने बताया कि विभाग की ओर से श्रद्धालुओं के लिए मेला व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किये गए है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ट्रेन व अतिरिक्त बसों की व्यवस्था करवाई गई है।

# बिछड़ी बालिका को परिजनों से मिलवाया



करौली बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अनिल शर्मा ( दांये से प्रथम ) ने हिण्डौन से बिछड़ी बालिका को परिजनों के सुपर्द किया।

**करौली,** (निसं)। एकट बोधग्राम संस्था द्वारा चलाई जा रही चाइल्डलाइन की मदद से चित्तौड़गढ निम्बाहेडा की एक बालिका को उसके परिजनों से मिलाने में सफलता मिली है। संस्था के समन्वयक मनोज शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा संचालित चाइल्डलाइन पर रात 10 बजे सूचना मिली कि एक 6 साल की बालिका अकेली ट्रेन में बैठकर आ गई जो अभी रेलवे स्टेशन हिंडौन पर है।

सूचना मिलते ही चाइल्डलाइन टीम के सदस्य तुरंत मौके पर पहुंचे और रात को ही बालिका को साथ लेकर करौली आये बालिका अपना नाम तनु बता रही थी। बालिका के बताये अनुसार टीम ने कोटा, सवाईमाधोपुर, गंगापुर सहित आस-पास के ईलाकों में सोशल मीडिया और चाइल्डलाइन के कार्यकर्ताओं के माध्यम से परिजनों की तलाश शुरू की जिसमें दूसरे दिन परिजनों को ढूंढने में सफलता मिली। बालिका के परिजनों से सम्पर्क करने पर चित्तौड़गढ के सरला निम्बाहेड़ा से परिजन करौली पहुँचे। बालिका की मां से चाइल्डलाइन टीम ने जानकारी लेने पर बताया कि हम ट्रेन से शिवपुरी ग्वालियर जा रहे थे। हमको रात में नींद आ गई और बालिका हमसे बिछड़ कर हिंडोन स्टेशन पर पहुँच गई।

इसके बाद बालिका की काउंसलिग करते हुए परिजनों को साथ लेकर बालिका को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जहां से समिति के अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बालिका और परिजनों के दस्तावेज जांच कर भविष्य में ध्यान रखने की हिदायत देते हुए बालिका को उसके माता पिता के सुपुर्द किया। राखी के त्यौहार पर बालिका को पाकर परिजनों की आँखे भर आई । इस अवसर पर चाइल्ड लाइन की काउंसलर पायल शर्मा, नरेश शर्मा, सीमा चतुर्वेदी मौजूद रही बालिका को परिजनों से मिलवाने में चाइल्डलाइन के अलावा रेलवे पुलिस हिंडौन के हंसराज मीना, सुनील का सराहनीय सहयोग रहा।

# जेठानी और जेठ से झगड़ा करने के बाद युवती पानी की टंकी पर चढ़ी



कुम्हेर के पूंठ गांव में एक युवती ने जलदाय विभाग की टंकी पर चढ़कर हंगामा किया।

- एसडीएम वर्षा मीणा एवं एसआई गौरव कुमार की सूझबूझ से टला हादसा
- युवक के साथ लिव इन रिलेशिनशिप में रह रही थी मध्यप्रदेश की युवती
- पुलिस ने युवती को शांतिभंग के आरोप गिरफ्तार किया

**कुम्हेर** (निसं)। थाना क्षेत्र के पूंठ गांव में गत छह महीने से पूँठ निवासी युवक के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही मध्यप्रदेश की युवती ने जेठानी और जेठ से झगड़ा करने के बाद कुम्हेर कस्बे में स्थित जलदाय विभाग की आकाशीय पानी की टंकी पर चढ़कर डेढ़ घंटे तक हंगामा किया।

मौके पर प्रशासन की समझाइश के बाद उसे टंकी से नीचे उतारा। युवती के टंकी पर चढ़े होने की जानकारी मिलते ही कुम्हेर थाना पुलिस एसडीएम वर्षा मीणा की अगुवाई में उसे समझा कर नीचे उतारा गया। एमपी निवासी प्राची कौशल पूँठ निवासी पालेंद्र जाट पुत्र विजय सिंह के साथ लिव इन रिलेशनशिप में पूंठ गांव में रह रही है। सुबह 11 अगस्त को अचानक एमपी निवासी प्राची कौशल और उसकी जेठानी तारा, जेठ पिंटू के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। युवती ने पुलिस कंट्रोल रूम को झगड़े की सूचना देने के बाद पूंठ गांव से युवती अकेली ही थाने आ गई और पुलिस के डीओ से जेठ जेठानी द्वारा मारपीट करने की बात बताई। डीओ एसआई नौहबत सिंह ने उससे तहरीर लिखकर लाने को कहा तो एएसआई नौहबत सिंह से उस युवती ने अपने पति से फोन पर बात करा कर तहरीर लिखने की बात कही।

एएसआई नौहबत सिंह ने अपने फोन से उस युवती की बात उसके पति पालेन्द्र से करा दी। वह बिना बताए ही थाने से चली गई और कस्बे में जलदाय विभाग की आकाशीय पानी की टंकी पर जा चढ़ी और हंगामा करने लगी।

घटना की जानकारी मिलते ही एसआई गौरव अन्य पुलिस कर्मियों साथ उसे बातों में उलझाकर एसडीएम वर्षा मीणा को अवगत कराया। जब युवती टंकी पर ही ड्रामा करने लगी तो एसडीएम ने उसे छोटे लाउड स्पीकर से समझाने का प्रयास किया, परंतु युवती टंकी के अधिक ऊपर होने पर उसकी आवाज उपखंड अधिकारी वर्षा मीणा की समझ में नहीं आ रही थी।

फिर उपखंड अधिकारी ने उससे फोन पर बात करने की बात कही और नीचे से फोन चालू कर उसे ऊपर भेजने के लिए कहा। फिर युवती ने अपनी चुनरी फाड़ कर टंकी से नीचे भेज कर मोबाइल फोन लेकर उससे अपने प्रेमी से बात करने के बाद ही एसडीएम ने उसे समझाया तो फिर लड़की टंकी से नीचे उतरी। इस दौरान सिटी सीओ सतीश, तहसीलदार, जलदाय विभाग के सहायक अभियंता, हल्का पटवारी सहित अन्य लोगों की भीड़ जमा हो गई। बाद में पुलिस ने युवती को शांतिभंग के आरोप गिरफ्तार किया।

## संक्षिप्त

### चिकित्सा मंत्री कल बैठक लेंगे

**लालसोट, (निसं)।** आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर निकाले जाने वाली गौरव यात्रा को लेकर स्थानीय विधायक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा कल कार्यकर्ताओं की एक बैठक लेंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुदीप कुमार मिश्र ने बताया कि चिकित्सा मंत्री मीणा शनिवार को उपखंड मुख्यालय स्थित थाने के सामने संस्कृत महाविद्यालय परिसर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांदसेन एवं लालसोट कांग्रेसी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। चिकित्सा मंत्री मीणा इस बैठक के दौरान आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर आयोजित होने वाले भारत गौरव यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से रायशुमारी कर आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी करेंगे।

### भाजपा युवा मोर्चा की बैठक आज

**निवाई।** भाजपा युवा मोर्चा की बैठक शुक्रवार को डाक बंगले में आयोजित की जाएगी। संदीप गौड ने बताया कि बैठक में सभी मंडल के अध्यक्ष और महामंत्री शामिल होंगे। 13 अगस्त को तिरंगा रैली को लेकर सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। तिरंगा रैली निवाई शहर से होती हुई टोंक शहर पहुंचेगी। निवाई शहर में 200 मोटरसाइकिल का लक्ष्य दिया गया है। वहीं जिले भर से 500 मोटरसाईकिल रैली में शामिल होंगी।

### आशाराम डोई महामंत्री बने

**निवाई,(निसं)।** भाजपा देहात मंडल नटवाडा के अध्यक्ष दयाराम चौधरी ने प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा व जिला प्रभारी अशोक सैनी की सहमति से कार्यकारणी का विस्तार किया है। अध्यक्ष दयाराम चौधरी ने कार्यकारणी में आशाराम डोई निवासी बस्सी व सौभाग खंगार निवासी सिरस को महामंत्री के पद पर नियुक्त किया है। जिनको पद व गोपनीयता का शपथ दिलाकर संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए हैं।

# तीन दिवसीय श्रावणी झूला महोत्सव का समापन

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के डीडवाना ग्राम पंचायत मुख्यालय पर चल रहे 105 साल पुराने श्रावण झूला महोत्सव का गुरुवार को विधिवत समापन हुआ।

तीन दिवसीय आयोजित हुए इस श्रावणी झूला महोत्सव में बाहर से आए हुए कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की छटा बिखेर कर आने वाले दर्शकों को भावविभोर किया गया। झूला महोत्सव आयोजन कमेटी से जुड़े राकेश सामोत्या ने बताया कि इस तीन दिवसीय झूला महोत्सव के दौरान स्थानीय युवाओं ग्रामीणों की टोलियां द्वारा लगातार सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान जमा होने वाली भीड़ पर नियंत्रण रख कर इस कार्यक्रम को शांतिपूर्वक संपन्न कराया गया। वहीं तीन दिवसीय झूला महोत्सव के शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद आयोजन कमेटी से जुड़े लोगों द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

■ तीन दिन हुए सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम



लालसोट के डिडवाना ग्राम में आयोजित झूला महोत्सव के समापन कार्यक्रम में श्रोताओं की भीड़ उमड़ी।

प्राचीन काल में जब स्थानीय तौर पर व्यवसाय नहीं होने के कारण लालन-पालन के लिए ज्यादातर लोग कहीं दूर चले जाती थे। जहां बाहर व्यवसाय से सावन माह में ही लोग वापस लौटते थे एवं एक जगह लंबे समय से मिलने के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम झूला महोत्सव का आयोजन कर स्नेह मिलन आयोजित करते थे। वही वर्षों पुरानी इस झूला महोत्सव की परंपरा को आज भी ग्रामीण निभाते चले आ रहे। इस दौरान आयोजन समिति के संरक्षक राकेश सामोत्या, राकेश मेडिवाला, सीताराम सोनी, सूरजमल गुप्ता, मुरारी पाटीवाला, मुरारी सोनी, भागीरथ सोनी, हनुमानू शर्मा, प्रकाश, गंगा सहाय मुरारी, बृजमोहन थानेदार, प्रकाश चोपड्या, पंडित हेमु, शिवान्स गुप्ता, चौंथमल गुप्ता, मन्नू सोनी, प्रकाश पाटीवाला, अंगद, काल्या नापित, राममनोहर गुप्ता, आदि आयोजन समिति से जुड़े लोग एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आज

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** भारत की आज़ादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत शिक्षा विभाग के समस्त कार्मिकों और विद्यार्थियों द्वारा मिनट टू मिनट निर्धारित समय सारिणी अनुसार राउमावि श्रीमाधोपुर में 12 अगस्त शुक्रवार को प्रातः 10.15 बजे एक ही समय एक साथ देशभक्ति गीतों का सामूहिक गायन किया जाएगा, जिससे शिक्षा विभाग एक विश्व रिकॉर्ड स्थापित करेगा।

एसीबीईओ विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों में देश भक्ति की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ब्लॉक के समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों में कक्षा 10 से 12 के छात्र व छात्रायें अपने विद्यालय में देशभक्ति गीतों का सामूहिक गायन करेंगे, तथा ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन के दृष्टिगत श्रीमाधोपुर शहर के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों के चयनित कक्षा 9 से 12 के लगभग 2000 विद्यार्थी, महाविद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स तथा विद्यालयों के स्काउट और गाइड्स राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर के प्रार्थना स्थल पर एकत्रित होकर एक समान,एक लय और एक ताल में 6 देशभक्ति गीतों का गायन करेंगे।

# भगवान श्रेंयास नाथ के निर्वाण लड्डू चढ़ाया

**निवाई, (निसं)।** गणिनी आर्यिका विज्ञा श्री माताजी के सानिध्य में सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे भगवान श्रेंयास नाथ के मोक्ष कल्याणक दिवस पर गाजेबाजे के साथ निर्वाण लड्डू चडाया गया।

जिसमें संकुल कूट पर दिनेश झिलाय के परिवारजनों एवं श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना करके निर्वाण लड्डू चडाया। चातुर्मास कमेटी के प्रवक्ता विमल जौंला व राकेश संधी ने बताया कि निर्वाण महोत्सव से पूर्व श्रद्धालुओं ने भगवान शांतिनाथ के अभिषेक व शांतिधारा करके भगवान श्रेंयास नाथ की पूजा अर्चना कर आराधना की जिसमें उन्होंने निर्वाण लड्डू भी चडाया। गुरुवार को जिनसहस्त्रनाम विधान मे श्रद्धालुओं ने श्री फल अर्घय चडाकर पूजा अर्चना की। जौंला ने बताया कि श्रेंयास नाथ मोक्षकल्याणक वात्सल्य पर्व रक्षाबंधन के पर्व एवं आर्यिका विज्ञा श्री माताजी ससंघ का पडगाहन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अनेक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। जौंला ने बताया कि पडगाहन महोत्सव पर गुरुवार को अनेक परिवारजनों द्वारा पडगाहन विधि कार्यक्रम किया गया जिसमें सेकडो श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के तहत देव शास्त्र गुरु के समक्ष आकृषक राखी चडाई एवं आर्यिका माताजी संध की पिच्छीका पर श्रद्धालुओं ने स्वर्णमयी एवं रजतमयी राखियां बांधी गई। इस अवसर पर विष्णु बोहरा, हुकमचंद जैन, पारसमल जैन, अमित कटारिया, सुनील भाणजा, मनोज जैन, नरेश जैन, संजय सोगानी, पंकज जैन, विमल सोगानी सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे। इस अवसर पर आर्यिका विज्ञा श्री माताजी ने श्रद्धालुओं को सम्बोधित किया।

■ पडगाहन महोत्सव वात्सल्य के साथ मनाया



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी हैं। इस पवित्र पर्व पर बहन निर्मला ने सतीश पूनिया को राखी बांधकर उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और उन्नित की कामना की। इससे पहले ब्रह्माकुमारी बहनों ने सतीश पूनियां को राखी बांधकर उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और तरक्की का आशीर्वाद दिया।

# पुस्तक 'जर्नी ऑफ चायवालास' का विमोचन

**दौसा, (निसं)।** राजस्थान आवासन मंडल आयुक्त आईएएस पवन अरोड़ा, फिल्म डायरेक्टर इन्द्रजीत शर्मा ने युवा उद्यमी और चायवालास के नाम से पहचाने जाने वाले रोहित शर्मा की संघर्षमयी और असफलताओं से सफलता तक के सफर पर आधारित पुस्तक जर्नी ऑफ चायवालास पुस्तक का विमोचन किया। इधर फिल्म डायरेक्टर इन्द्रजीत शर्मा ने रोहित शर्मा पर फिल्म बनाये जाने का एलान किया है।

राजस्थान आवासन मण्डल के आयुक्त आईएएस पवन अरोड़ा ने कहा कि रोहित शर्मा की यह कहानी उन युवाओं के लिये प्रेरणादायक है जो नौकरी पाने की अंधी दौड़ में लगे हुए है। अगर वह चाहे तो स्वरोजगार के माध्यम से आगे बढ़ सकते हैं और सम्मान जनक जीवन जी सकते है। रोहित शर्मा ने बताया कि वह आईएएस पवन अरोड़ा को अपना आईडल मानते हैं उनका कहना है कि वो उनके डाईनेमिक व्यक्तित्व और दूरगामी सोच का अनुसरण करते है, वो उनमें एक श्रेष्ठ उद्यमी देखते हैं। क्योंकि रोहित की नजरों में उद्यमी वो है जो अपनी मेहनत से देश की अर्थ व्यवस्था को ऊँचाई पर ले जाने का प्रयास कर रहा है।

जिस प्रकार गर्त में जा रहे आवासन मंडल को उन्होंने 6 हजार करोड़ का फायदा पहुँचाया है वो प्रदेश की अर्थव्यवस्था में एक बड़ा योगदान है। इस दौरान रोहित ने पुस्तक के लेखक फिल्म निर्माता इंद्रजीत शर्मा का आभार जताया। प्रदेश का छोटा सा जिला दौसा से आने वाले रोहित की कहानी युवाओं के लिए एक मिशाल बन रही है।

### तिरंगा यात्रा आज व गौरव यात्रा कल

**मालपुरा, (निसं)।** आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित अमृत महोत्सव के अन्तर्गत क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी के नेतृत्व में 12 अगस्त को टोडारायसिंह में विशाल तिरंगा बाइक रैली का आयोजन होगा।

विधायक की अगुवाही में प्रातः 11 बजे नवीन बस स्टेण्ड से शहीद स्मारक तक आयोजित होने वाली तिरंगा बाईक रैली को लेकर विधायक गांव-ढाणी में भाजपा कार्यकर्ताओं से सम्पर्क कर आमंत्रण दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आजादी की गौरव यात्रा का मालपुरा में स्थान निर्धारित कर 13 अगस्त को विशाल कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया।

गौरव यात्रा के सफल आयोजन को लेकर आज शुक्रवार को प्रातः 11 बजे ब्लॉक कांग्रेस निर्वतमान अध्यक्ष रामदेव बैरवा की अध्यक्षता मे आवश्यक बैठक होगी।

# अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर आज से अनशन शुरू

**चौरु/उनियारा, (निसं)।** उनियारा उपखंड के बनेठा कस्बे में ग्राम सेवा सहकारी समिति के बाहर अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर सात दिनों से जारी धरना शुक्रवार से अनशन में परिवर्तन हो जायेगा वहीं धरना दे रहे लोगों ने गुरुवार को रक्षाबंधन का पर्व भी धरना स्थल पर ही मनाया।

धरने का नेतृत्व कर रहे किसान महापंचायत के युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी ने अतिक्रमी गाडिया लुहार परिवार पर उसके घर पर जाकर धमकियां देने तथा झूठे केस में फंसाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक, उपाधीक्षक उनियारा सहित प्रशासन को मेल के जरिए शिकायत भेजी है।

गौरतलब है कि गत सात दिनों से ग्राम सेवा सहकारी समिति के बाहर अतिक्रमण कर पक्के निर्माण को हटाने के लिए किसानों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा है मगर गुरुवार तक किसी भी प्रशासनिक अधिकारी ने मौके पर आकर मामले की जांच करने तक जहमत नहीं उठाई है मजबूरन किसानों को शुक्रवार से अनशन शुरू करना पड रहा है। धरने का नेतृत्व कर रहे किसान महापंचायत युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर चौधरी ने बताया कि शुक्रवार सुबह दस बजे से धरना अनशन में परिवर्तित हो जाएंगा। धरना स्थल पर ही कई व्यक्ति अनशन पर बैठेंगे। उन्होंने बताया कि गाडियां लुहार परिवार द्वारा उसके ठिकरिया ग्राम स्थित घर पर जाकर धमकीं दी जा रही है। सहकारी समिति द्वारा मैन गेट पर से उक्त अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन को शिकायत दे दी गई है मगर अब तक भी मैन गेट से अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा है।

### भाईयों ने बहिन की रक्षा का लिया संकल्प

**फागी, (निसं)।** कस्बे सहित चकवाडा, चोरू, निमेडा, रेनवाल मांजी, डाबीच, हरसूलिया सहित ग्रामीण क्षेत्र में गुरुवार को भाई बहन का प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व प्रेम व उमंग के साथ मनाया गया। रक्षाबंधन को लेकर बहनों में अधिक उत्साह देखने को मिला। बहनें सुबह से ही अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने की तैयारी में लग गयी थीं। वहीं भाई बहनों ने नये कपड़े पहने कुछ भाइयों ने अपने से दूर में रह रही बहनों के पास जाकर राखी बंधवाई तो कुछ बहनों ने अपने भाइयों के घर जाकर भाईयों के स्नेह की डोर बांधी। बहनों ने आरती सजाकर माथे पर अक्षत, द्रव्य व रोली का टीका लगाकर आरती उतारी तथा भाई के हाथ को राखी से दमका दिया। वही भाई को अपने हाथ से मिठाई खिलाकर उनके आने वाले दिनों में मिठास भर दी, तो भाई भी उन्हें उपहार देकर या फिर रुपए थमाकर उनके रक्षा का संकल्प लिया।

### रजवाड़ी झूला महोत्सव शुरू

**रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर श्रावण माह में आयोजित होने वाले पुरानी रजवाड़ी परंपरा के तहत चले आ रहे करीब ढाई सौ साल पुराने श्रावण झूला महोत्सव का आधा आज देर शाम गुरुवार को विधिवत पूजा अर्चना के साथ हुआ।

इस मौके पर सीताराम मंदिर में आकर्षक भव्य झांकी भी सजाई गई। रामगढ़ पचवारा क्षेत्र की यह श्रावण माह में होने वाले झूलो महोत्सव की परंपरा करीब ढाई सौ सालों से लगातार चली आ रही है। राज रजवाड़ों के समय से शुरू हुई इस परंपरा को आज भी स्थानीय लोग बखूबी परंपरागत तरीके से निभाते चले आ रहे हैं। श्रावण माह के आखिरी दिन आगाज हुए इस महोत्सव के दौरान दूरदराज से आए गायक कलाकार खुद की कला से दर्शकों का मन मोह लेते हैं। इस झूला महोत्सव के दौरान स्थानीय संगीत पद दंगल आकर्षण का केंद्र बनते हैं। झूला महोत्सव की शुरुआत मालीराम कामदार ने की थी जो राजा परिवार समय के जागीरदार थे। इस दौरान बस स्टैंड पर मीणावाटी गीतों का आयोजन भी होता है। इस दौरान सीताराम मंदिर पर व पंडा मंदिर मेन बाजार झूला चौक को रंगीन झालरों लाइट डेकोरेशन से आकर्षक तौर पर सजाया गया व मंदिरों में झांकियां सजाई गई और साथ ही झूला महोत्सव में दर्शकों की भारी भीड रही।

# पावटा में संत समागम व सम्मान समारोह आयोजित

**पावटा, (निसं)।** मंगलचंद प्रदीप कुमार द्वारा पावटा के समीप स्थित बावडी में त्रिवेणी धाम से रामरिछपाल दास महाराज, कालाकोटा धाम से बलदेव दास महाराज, सत्ताईसा साधु समाज अध्यक्ष खेड़की मान दास महाराज, छारसा धाम से चित्रदास महाराज, हरी दास महाराज, भीवा दास महाराज, डॉ. राघवाचार्य महाराज, मंगलदास महाराज, कृष्णदास महाराज, सूरजदास महाराज, कृष्णदास महाराज खेडकी के सानिंध्य में आयोजित संत समागम व सम्मान समारोह में जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड ने कहा कि जो सच्चे संत होते हैं उनके मुख से निकला एक एक शब्द सत्य वाणी बन जाता है।

संत समागम में उन्होंने गुरु व शिष्य के रिश्तों को परिभाषित करते हुए कहा कि जिस प्रकार संत रविदास को संत शिरोमणि की उपाधि से विभूषित किया है उसी तरह मीरा को भी भक्त शिरोमणि की उपाधि से विभूषित किया गया है। हम जिस संत अथवा गुरु का सानिध्य लेना चाहते हैं हमें उनके प्रति पूरी तरह से समर्पित होना पड़ेगा तभी उनकी कृपा उनका आशीर्वाद हमें मिलेगा। साधु संतो ने संतुलित जीवन दर्शन के बारे में बताते हुए सभी से राष्ट्र हित में एकजुट होकर शब्द मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। संत समागम में अनेक आध्यात्मिक विभूतियां संतो व महंतों को सम्मानित किया गया। वही महाराज ने अपने आशीष वचनों में धर्म की स्थापना पर बल देते हुए लोगों से सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी। इस दौरान सांस्कृतिक पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। संत समागम में मौजूद संतों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि तीनों लोकों पर ऐसी कृपा नहीं होती है जितनी भारत भूमि पर है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम का भव्य व दिव्य मंदिर बन रहा है। जल्दी ही मथुरा व काशी भी भव्य बनेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इस बार यूपी को ऐसे मुख्यमंत्री मिले जो सभी को राम राज्य की ओर ले जा रहे हैं। संतों ने पर्यावरण से छेड़छाड न करने की अपील करते हुए कहा कि एक पौधा अवश्य लगाएं और पॉलिथीन की जगह कपड़े के थैले का इस्तेमाल करें। वही आयोजन कर्ता मंगलचंद प्रदीप कुमार ने कहाँ कि बच्चों को सदैव माता-पिता का आदर करने के साथ-साथ उनके आदेशों का पालन भी करना चाहिए, क्योंकि शास्त्रों में ही यह लिखा है कि साधु संतों व बड़ों का सम्मान करने वाले लोग ही समय-समय पर महान बने हैं। कार्यक्रम में इससे पूर्व जयपुर ग्रामीण व आस पास के क्षेत्रों से पधारे संत महात्माओं को भी सम्मानित किया गया व जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस संत समागम के चलते पूरा शहर धार्मिकता व भगवा रग में रंगा प्रतीत हो रहा था।




पावटा में आयोजित संत समागम समारोह में अनेक आध्यात्मिक विभूतियों, संतो व महंतों को सम्मानित किया गया।

■ सम्मेलन में उमड़ा संतों का सैलाब

### मोक्ष कल्याणक मनाया

**फागी, (निसं)।** कस्बे सहित परिक्षेत्र के चकवाडा, सुल्तानिया, चोरू, नारेड़ा, मंडावरी, मेंदवास, नीमेडा सहित परिक्षेत्र के सभी जिनालयों में जैन समाज ने जैन धर्म के 11वें तीर्थंकर भगवान श्रेयांसनाथ का मोक्ष कल्याणक हर्षोल्लास से मनाया। जैन समाज के मीडिया प्रवक्ता राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि इससे पूर्व प्रातः आदिनाथ जिनालय,बीचला मंदिर, मुनिसुव्रतनाथ मंदिर, पार्श्वनाथ मंदिर, चंद्रप्रभु नसियां सहित कस्बे के सभी जिनालयों में अभिषेक, शांतिधारा, अष्ट द्रव्यों से पूजा के बाद भगवान श्रेयांसनाथ नाथ का विभिन्न मंत्रोचारणों के द्वारा सामूहिक रूप से जयकारों के साथ मोक्ष कल्याणक का लाडू चढ़ाया गया। कार्यक्रम समाजसेवी सोहनलाल झंडा ने अवगत कराया कि आज यह पर्व धर्मावलंबियों द्वारा साधु संतों , जिनवाणी तथा जैन धर्म की रक्षा के लिए संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाता है। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीर झंडा ने अवगत कराया कि श्रावण शुक्ला पूर्णिमा के दिन राजा बलि द्वारा हस्तिनापुर में 700 साधु-संतों पर अत्याचार किए थे। इस अत्याचार एवं उपसर्ग को महामुनि विष्णु कुमार ने ब्राह्मण का रूप धारण कर दूर किया था, उन्होंने साधु-संतों को आहार करवा कर स्वयं ने आहार किया था ,इसलिए इस दिन जैन धर्मावलंबी रक्षाबंधन के पर्व को प्रतिवर्ष साधु संतों की रक्षा के संकल्प दिवस के रूप में मनाते हैं।

## सार-समाचार

### शहीद की मूर्ति पर रक्षा सूत्र बांधा



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** शहीद शिवपाल राम जाट निवासी ग्राम खेल गांव डेरावाली कोटडी सीमारला की मूर्ति पर रक्षाबन्धन के पावन पर्व पर बहन कमला देवी ने राखी बांधकर भाई की शहादत को सलाम किया। वहीं कस्बे के वार्ड नंबर 34 स्थित ढाणी पीपलावाली में शहीद शक्ति सिंह सैनी मूर्ति स्थल पर तस्वीर के समक्ष रक्षा सूत्र चढ़ाकर रक्षा बंधन पर्व मनाया। जिस त्यौहार का इंतजार प्रत्येक बहन को सालभर से रहता है वह त्यौहार भारत वर्ष में बडी धूमधाम से मनाया जा रहा है। रक्षाबंधन पर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को अटूट बनाए रखता है ,लेकिन 13 नवम्बर 2020 को दीपावली के दिन जब ढाणी पीपलावाली वार्ड नंबर 34 पोलादास मंदिर के सामने स्थित सैनिक लांस नायक शक्ति सिंह सैनी शहीद होकर तिरंगे में लिपटकर घर लौटे तो उनकी बहनों मंजू ,ममता, अंजू, बबीता का भाई की कलाई पर राखी बांधने का सपना हमेशा हमेशा के लिए टूट गया। और फिर जब शहीद शक्ति सिंह सैनी के मूर्ति स्थल स्मारक बनकर तैयार हुआ तो इन बहनो को थोडी उम्मीद जागी। शहीद शक्ति सिंह सैनी की बहनो की तो बस इतनी सी इच्छा है की शहीद भाई की मूर्ति अगर स्मारक स्थल पर लग जाए तो वो भी रक्षाबंधन का त्योहार पहले की तरह भाई को राखी बांधकर मना सके ।

### संयोजक व सह संयोजक नियुक्त

**सांभरझील, (निसं)।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ जयपुर देहात (दक्षिण) विधानसभा मण्डल संयोजक व सह संयोजक के पदों पर तीन वकीलों की नियुक्ति की गई है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया के निर्देशानुसार भाजपा जयपुर देहात दक्षिण के जिलाध्यक्ष रामानन्द गुर्जर व विधि प्रकोष्ठ राज. प्रदेश संयोजक प्रवीण खण्डेलवाल की सहमति से भाजपा विधि प्रकोष्ठ मण्डल संयोजक एवं सह संयोजक पद पर नरैना देहात से एडवोकेट दीपक कुमावत को संयोजक, एडवोकेट पवन कुमावत व एडवोकेट खेमराज कुमावत को सह संयोजक बनाया गया है। भाजपा विधि प्रकोष्ठ जयपुर देहात दक्षिण के जिला संयोजक अर्जुन सिंह राजावत के द्वारा उक्त पदों पर इन्हें मनोनीत किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, जिला अध्यक्ष रामानन्द गुर्जर, महामंत्री बृजेश लाटा, अजयपाल सिंह नाथावत, कैलाश नागरवाल, प्रदेश भाजपा विधि प्रकोष्ठ संयोजक प्रवीण खण्डेलवाल, सह संयोजक सौरभ सारस्वत, भुवनेश शर्मा, नाथू सिंह, नरेन्द्र सिहं, निधी खण्डेलवाल,राजेन्द्र सिंह का आभार व्यक्त किया है।

### देशभक्ति गीतों के गायन का कार्यक्रम

**अलवर, (निसं)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने आजादी के अमृत महोत्सव के कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत 12 अगस्त को आयोजित होने वाले देशभक्ति गीतों के गायन कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के संबंध में आज इंदिरा गांधी स्टेडियम में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अंतिम रूप देने के लिए दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि कार्यक्रम स्थल पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रहे। मेडिकल टीम एवं एम्बुलेंस आवश्यक संसाधनों के साथ उपस्थित रहे। साथ ही अन्य व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत 12 अगस्त को प्रातः 10 बजे से जिला मुख्यालय पर स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में करीब 4 हजार विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीतों के गायन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। साथ ही जिला कलक्टर ने बताया कि 12 अगस्त को इसी समय जिले के सभी विद्यालयों में देशभक्ति गीतों का गायन होगा।

### रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया

**दौसा, (निसं)।** जिले भर में गुरुवार को रक्षाबंधन का पर्व बडे ही हषोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाईयों की कलाई में रक्षासूत्र बांधकर सुरक्षा का वचन लिया। वहीं दूसरी ओर रक्षाबंधन पर्व पर बाजारों में जबरदस्त रौनक रही बहिनों ने भाईयों के लिए मिठाई एवं राखियां खरीदी। इधर भीड के चलते दौसा शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित रही। आज पूरे दिन राखी बांधने का शुभ मुहुर्त होने के कारण प्रातः से ही पूजा अर्चना के बाद बहिनो से राखी बांधना शुरु कर दिया था। घर.घर में खीरए पूरी सहित अन्य पकवान भी बनाये गये। उधर पिछले एक माह से श्रावण कर रहे लोगो ने आज अंतिम दिन भगवान भोलेनाथ के बिल्व.पत्र व जलाभिषेक कर श्रावणी पर्व पर पूजा अर्चना कर मनोकामना पूरी करने की प्रार्थना की।

### ईमानदारी का परिचय दिया



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के श्रीमाधोपुर आगार के परिचालक मुकेश चौधरी, चालक श्योपाल की वाहन संख्या 9666 में गुरुवार को चौमू बस स्टैंड से रवाना होने के पश्चात परिचालक को बस में 2500 रुपये मिले, परिचालक द्वारा बस में पूछने पर महिला यात्री ने अपने हाथ से गिर जाना बताया, परिचालक द्वारा रुपए को केंद्रीय बस स्टैंड श्रीमाधोपुर पर कार्यरत कर्मचारी जयसिंह मीना, सुनीता,सुमित्रा एवम अन्य की मोजुदगी में वापस महिला यात्री को लौटाया। यह जानकारी श्रीमाधोपुर आगार के मुख्य प्रबंधक प्रबंधक दीपक कुमावत ने दी।

### रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया

**चौमू / कालाडेरा, (निसं)।** चौमू उपखण्ड में रक्षाबंधन का त्यौहार बडे ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाईयों को रोली और चावल से तिलक किया, भाइयों की आरती उतारी, उनकी कलाई पर राखी बांघी, मुहं मीठा कराया और उनकी लम्बी आयु के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। भाईयों ने बहनों को इस अवसर पर उपहार भेंट किये और उनका हर मुश्किल घड़ी में साथ देने का वचन दिया। रक्षाबंधन के त्यौहार पर भाई को राखी बांधने आयी बहन रेखा जांगिड़ ने बताया कि रक्षाबन्धन का त्यौहार श्रावण माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह त्यौहार भाई-बहन को स्नेह की डोर में बांधता है। इस दिन बहन अपने भाई के मस्तक पर टीका लगाकर रक्षा का बन्धन बांधती है, जिसे राखी या रक्षासूत्र कहा जाता है। कहा कि यह त्यौहार बहनों के लिए खुशियों भरा सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार होता है जिसका वह साल भर इंतजार करती है।

### पेड़ों के रक्षा सूत्र बांधे

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** स्वतंत्रता सेनानी पंडित बंशीधर शर्मा नांगलका राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में गुरुवार को रक्षाबंधन को संस्कृत दिवस पर विद्यालय परिवार एवं आगंतुक अतिथियों ने पेड़ों के रक्षा सूत्र बांधकर प्रकृति एवं संस्कृत को बचाने का संकल्प लिया। उत्सव प्रभारी महेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी बंशीधर शर्मा के सुपुत्र गांधीवादी विचारक पंडित घनश्याम शर्मा के मुख्य आतिथ्य सामाजिक कार्यकर्ता बलदेव सैनी के विशिष्ट आतिथ्य एवं संस्था प्रधान अशोक तिवाड़ी मऊ की अध्यक्षता में मां शारदे की पूजा अर्चना से शुरू हुए संस्कृत दिवस समारोह में वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति और संस्कारों के सरंक्षण के लिए संस्कृत को अपनाने का आव्हान किया तथा प्रकृति एवं संस्कृत को बचाने का सामूहिक संकल्प लिया।

## संक्षिप्त

### कुत्तों के हमले से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

**पावटा, (निसं)।** पावटा प्रागपुरा नगरपालिका में वार्ड न. 15 मीणों का मोहल्ले में राष्ट्रीय पक्षी मोर अवारा कुत्तों का शिकार हो गया। मौत के बाद पावटा प्रागपुरा नगरपालिका के कर्मचारियों ने मोर को बेअदबी के साथ दफन किया। दरअसल पानी में मोर पूरी तरह भीग गया था। भीगने की वजह से मोर के पंख भारी हो गए थे। जिस वजह मोर उड नहीं पाया। इसी का फायदा उठाकर आवारा कुत्तों ने मोर पर अटैक कर दिया। इस दौरान कुत्तों के हमले से मोर बुरी तरह घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। जिस पर सुमित मीणा, अनिल मीणा, अशोक मीणा सहित ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग व पावटा प्रागपुरा नगरपालिका को दी। सूचना मिलते ही पावटा प्रागपुरा नगरपालिका के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। मृत मोर को लेकर बडी ही बेअदबी के साथ मोर को दफना दिया।

### बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांधी

**चाकसू, (निसं)।** गुरुवार को रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांध सुरक्षा का वचन लिया। इस बार कई लोगों ने पेड़ों को राखी बांधकर उसकी रक्षा का संकल्प लिया। कस्बे में सुबह से ही बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधना प्रारंभ कर दिया। सुबह होते ही रंग-विरंगे परिधानों में नन्हें-मुन्ने बच्चों की खुशियां देखते बन रही थी। बहन ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और मंगल कामनाएं की। उनको तिलक लगाए और आरती उतारी। भाइयों ने भी इस मौके पर बहनों को उपहार दिए तथा सुरक्षा का वचन दिया। गुरुवार को दिन भर बाजारों में रौनक रही। मिठाई, दूध की दुकानों पर भीड़ लगी रही।

### 38वीं पदयात्रा आज

**टोंक, (निसं)।** श्रीराम सेवा मण्डल द्वारा लोक देवता बाबा रामदेव के लिए 38 वीं पदयात्रा जिला मुख्यालय से शुक्रवार को गाजे-बाजे के साथ रवाना होगी। पदयात्रा संचालक गुलाबचंद महावर एवं पूर्व पार्षद अशोक महावर ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीराम सेवा मण्डल द्वारा लोक देवता बाबा रामदेव के लिए 38 वीं पदयात्रा 12 अगस्त को जिला मुख्यालय के रामकृष्ण मंदिर, चंदन चौक, नोशे मियां का पुल, पटेलों की गुवाडी, बाबा रामदेव मंदिर से रवाना होकर घण्टाघर कोली समाज के हनुमान मंदिर से बनास नदी पुलिया वैष्णों देवी मंदिर से सोहेला होती हुई प्रस्थान करेगी। पदयात्रा जिला मुख्यालय से होने वाली बाबा रामदेव की पदयात्रा 15 दिवसीय में 500 किलीमोटर की दूरी तय करेगी।

### मठ महादेव मंदिर में जागरण

**रींगस, (निसं)।** शहर के प्राचीन मठ महादेव मंदिर में भोले नाथ का भव्य श्रंगार किया गया। इस दौरान बुधवार रात को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। भगवान शिव के भजनों पर भक्त भाव विभोर हो गये। बाबू लाल बावडिका ने बताया कि इस मौके पर नीलकंठ का भव्य श्रंगार किया गया। विशेष आरती आयोजित की गई। वहीं बुधवार रात को भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु भाव विभोर हो गये। इस दौरान अरूण बावडिका, विनोद, जगदीश कुमावत, डॉ प्रहलाद कुमावत, सुनिल कुमावत सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# बहनों ने भाई की कलाई पर प्यार व रक्षा का बंधन बांधा

**टोंक, (निसं)।** जिला मुख्यालय सहित जिलेभर में रक्षाबंधन का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया, पकवान पके तो कहीं घेवर का आंनद के बीच में बहनों ने भाई की कलाई पर प्यार एवं रक्षा का बंधन बांधा। वहीं राजस्थान सरकार की घोषणा के अनुसार बहनों ने राजस्थान रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा की।

जिला मुख्यालय पर रक्षाबंधन के पर्व पर सुबह से सजी राखियों एवं मिठाईयों की दुकानों पर बहिनें अपने भाईयों की कलाई सजाने के लिए

■ बहनों ने राजस्थान रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा की

जमकर खरीददारी करती हुई नजर आईं। वहीं रोडवेज बस स्टेण्ड, डिपो, सवाईमाधोपुर चौराहे पर रोडवेज बसों में महिलाओं की भीड़ अधिक नजर आई, जिन्होंने अपने पीहर जाकर भाईयों के राखी बांधी। शहर में दिनभर बहने अपने-अपने भाई को राखी बांधने के लिए इधर से उधर जाती हुईं नजर आईं, तो कई भाई अपनी बहन के ससुराल जाकर राखी बंधवाने गए। बहनों ने भाईयों के रक्षा सूत्र बांधने से पूर्व श्रवण की पूजा अर्चना की, साथ ही अपने ईष्ट देवों की पूजा अर्चना कर राखी बांधी, उसके बाद दोपहर श्रेष्ठ में मुहूर्त में भाईयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधे और उनका मुंह मीठा करवाया, नारियल व गौले भेंट किए, वहीं भाईयों ने बहिनो की रक्षा करने का वादा करते हुए उन्हे उपहार भेंट किए। इधर रक्षाबंधन में अपने भाई से दूर बहिनों ने डाक के राखी भेजी, मोबाइल व सोशल साइट से बधाई संदेश दिए। वहीं बहिनों से दूर रहे भाई अपनी बहिन को याद करते रहे।



रक्षाबंधन पर रोडवेज बसों में महिलाओं के लिए निशुल्क यात्रा होने पर लगी भीड़।

## बाइक तिरंगा यात्रा निकाली

**पावटा, (निसं)।** हर घर तिरंगा अभियान रंगत पकड़ने लगा है। अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान की जागरूकता के लिए बालाजी पावटा मंडल की तरफ से प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा के आदेश अनुसार पूर्व विधायक डॉ. फूलचंद भिंडा व जिला कोषाध्यक्ष हरी बलीवाल के नेतृत्व में शहर के विभिन्न मार्गो से बाइक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें पावटा भाजपा बालाजी मंडल पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व लोगों ने बढ-चढकर हिस्सा लिया। लोगों ने तिरंगे को सेल्यूट कर समान प्रदर्शित किया। दोपहर 2.3० बजे से ही विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के लुहाकाना से किशनपुरा बाइक तिरंगा यात्रा निकालने का दौर शुरू हो गया। जहां जहां से तिरंगा यात्राएं निकली लोग उसमें शामिल होते गए। लोगों में तिरंगा यात्रा के प्रति काफी उत्साह नजर आ रहा था। बालाजी पावटा मंडल के पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओ सहित सामाजिक संस्थाओं से जुडे लोग व व्यापारी लुहाकना में एकजुट हुए। उसके बाद उन्होंने सूरजपुरा बहादूरपूरा, जयसिंहपुरा, ठिकरिया, तुलसीपुरा, लाडाकाबास, बागावास अहिरान बजरंगपुरा, कैरली के मुय मार्गो से यात्रा निकालते हुई आंतेला में समापन किया गया।

## दिन भर चला रक्षाबंधन पर्व, बाजार रहे गुलजार

**लालसोट/ रामगढ़ पचवारा/ मंडावरी, (निसं)।** इस बार रक्षाबंधन का त्यौहार घर-घर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रामगढ़ पचवारा व लालसोट उपखंड क्षेत्र सही तो मंडावरी नगर पालिका क्षेत्र में इस बार रक्षाबंधन के पावन पर्व के शुभ अशुभ के मुहूर्त के दर्शनों के बीच दिनभर भाई बहन के प्यार के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व को धूमधाम के साथ सेलिब्रेट किया गया।

इस बार चर्चाओं का दौर 1 दिन पहले से ही जारी रहा कि रक्षाबंधन के दिन सुबह के समय के बाद शाम तक भद्राकाल रहेगा एवं बहन द्वारा भाई के राखी बांधने में शुभ मुहूर्त नहीं है। वही रक्षाबंधन के पर्व पर दिनभर चर्चित भद्रा काल के दौरान भी लोगों को रक्षाबंधन का पर्व पूरी शिद्दत के साथ मनाते हुए देखा गया। वहीं कई लोगों द्वारा दिनभर भद्राकाल की चर्चा होने के चलते चर्चित मुहूर्त पर ही भाई-बहन द्वारा राखी बंधवा कर रक्षाबंधन के पर्व को मनाया गया।

भाई बहन के मजबूत रिश्ते के प्रति इस रक्षाबंधन पर्व पर बहन ने भाई के हाथ पर रक्षा सूत्र बांधकर महीनों के रक्षा का संकल्प दिलाया। रक्षाबंधन पर्व के दौरान कोर्णाक आर्केड बाद पहली बार बाजारों में रौनक देखने को मिली वहीं इस बार बाजार भीड़ से गुलजार रहे।

रक्षाबंधन की पूर्व संध्या से खासकर राशियों एवं मिठाई की दुकानों पर पैर रखने तक को जगह नहीं मिली बाजारों में बेशुमार भीड़ देखी गई। वहीं क्षेत्र में एक मुस्लिम परिवार व हिंदू परिवार द्वारा साथ मनाया गया रक्षाबंधन के पर्व अपने भाईचारे की मिसाल कायम करते हुए एक बड़ा संदेश भी दिया। जहां एक मुस्लिम भाई ने हिंदू बहन से रक्षा सूत्र बंधवा कर सामाजिक समरसता एवं बहन की रक्षा का संकल्प लिया।

# चाकसू में 700 महामुनि राज का पूजन किया

**चाकसू, (निसं)।** श्री दिगम्बर जैन मंदिर बड़ा कोट चाकसू में चातुर्मास कर रहे आचार्य शशांक सागर जी महाराज के सानिध्य विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय जैन परिवार इसका लाभ ले रहे हैं।

गुरूवार को आचार्य शशांक सागर महाराज के सानिध्य में 700 महामुनि राज की पूजा अर्चना 700 श्रीफल से की गई। महापूजा में चाकसू के सम्पूर्ण जैन समाज ने हर्षोल्लास पूर्वक भाग लेते हुए इस अवसर पर आयोजित वात्सल्य भोजन का भी आनन्द लिया। पूजा कार्यक्रम में मुख्य 14 परिवारों द्वारा महा अर्चना 1500 श्रीफल द्वारा पूजा की गई। मुख्य सोधर्म इंद्र एवं शांति धारा का सौभाग्य कैलाश, गोविंद शरण, सिंगल सांवलिया परिवार को प्राप्त हुआ साथ ही भगवान श्रेयांसनाथ का आज मोक्ष कल्याण के उपलक्ष में राजेंद्र कुमार मनीष कुमार बजाज को मोक्ष कल्याणक का लड्डू चढ़ाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आज के विधानचार्य प्रकाश शास्त्री जयपुर द्वारा संपन्न करा गया संगीत मय भक्ति भाव से महा अर्चना की गई।



महामुनि राज की पूजा अर्चना में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया

**चाकसू, (निसं)।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत कस्बा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्रों द्वारा अधीन भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ के अवसर पर रैली का आयोजन किया। विद्यालय के नोडल प्रधानाचार्य रामलाल मीणा ने बताया कि बालकों द्वारा सर्व धर्म प्रार्थना बोली तत्पश्चात मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी चाकसू हनुमान सहाय मीणा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने के लिए कस्बे वासियों को प्रेरित किया गया बालक हाथ में तिरंगा लहराते हुए भारत माता के जय कारे लगाते बड़े ही हर्षोल्लास के साथ कस्बे से रैली निकाली गई। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार हुकम चंद निराला मुकेश कुमार बेनीवाल जितेंद्र राव मोहनलाल चौधरी दिनेश कुमार शर्मा राम प्रकाश शर्मा सुमन गुर्जर कमलेश मीणा स्वर्ण लता शर्मा वसुधा शर्मा परवीन सहित कई लोग मौजूद रहे।

# संक्रमित गौवंश को चौसला में क्वारंटाईन किया जायेगा

**मालपुरा, (निसं)।** गौवंश में फैल रहे लम्पी स्कीन बीमारी के संक्रमण से संक्रमित गौवंश को क्वारंटाईन किये जाने को लेकर गुरूवार को एसडीएम रामकुमार वर्मा व डॉ. अनिल परतानी ने चौसला ग्राम पंचायत प्रशासन के सहयोग से चौसला चरागाह में स्थान निर्धारित किया।

एसडीएम आरके वर्मा व डॉ. परतानी के साथ मौजूद सरपंच प्रतिनिधि दयाल दास ने पंचायत चरागाह में संक्रमित गौवंश के लिए सुरक्षित स्थान का चयन कर बड़े भाग पर तारबंदी करवा चारे-पानी की माकुल व्यवस्था का निर्णय लिया। एसडीएम ने बताया कि चिन्हित स्थान पर संक्रमित गौवंश को क्वारंटाईन कर अन्य जानवरों के सम्पर्क से दूर रखा जायेगा जिससे कि संक्रमण फैलने पर रोक के साथ-साथ सभी संक्रमित गौवंश का पशु चिकित्सा विभाग की टीम द्वारा समुचित उपचार किये जा सकेंगे। विधित रहे कि बीते एक पखवाड़े में मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र में 160 से अधिक गौवंश लम्पी स्कीन बीमारी से संक्रमित हो चुके है। डॉ. परतानी ने बताया कि संक्रमित गौवंश मिलने वाले स्थान से 5 किलोमिटर के दायरे में टीकाकरण नहीं किया जा सकता। पशु पालन विभाग द्वारा पशुओं को संक्रमण से बचाने के लिए अब तक गाईडलाईन व एंटीबाईटिक दवाईयां सरकारी अस्पतालो मे उपलब्ध करवाई गई है। टीकाकरण को लेकर अभी तक कोई टीका स्वीकृत नहीं किया गया है।



एसडीएम आरके वर्मा व डॉ. अनिल परतानी ने लम्पी स्कीन बीमारी से संक्रमित गौवंश के लिए चौसला में क्वारंटाईन स्थान चिन्हित किया।

## गौशाला में दवाई का छिड़काव करवाया

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम बनेठी स्थित श्री गोपाल गौशाला में सामाजिक कार्यकर्ता रतनलाल शर्मा के नेतृत्व में लम्पी बीमारी से बचाव हेतु दवाई का छिडकाव करवाया गया। इस दौरान समाजिक कार्यकर्ता शर्मा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से गौवंश में लम्पी बीमारी का प्रकोप फैल रहा है। जिससे गौवंश को बचाने के लिए गौशालाओं में निरन्तर दवाई का छिडकाव करवाया जा रहा है। सरपंच प्रतिनिधि देवी सिंह तंवर ने रतनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि शर्मा ने टीम के साथ मिलकर जो संकल्प लिया है उससे सभी गौभक्तों को मिलकर पूरा करना चाहिये। हमारा पहला धर्म गौमाता की रक्षा करना है। इस दौरान गौशाला अध्यक्ष मानसिंह, गोपाल मंगल, कोषाध्यक्ष बलवीर वर्मा, पशु चिकित्सक जयसिंह यादव, अनिल यादव, पवन कुमावत, राजेन्द्र कुमार, सचिन, शान्तनु, दुर्गा प्रसाद, शिम्भूदयाल, मनमोहन सिंह, मानाराम, मदनलाल, नेकीराम, राजकुमार, मिन्टू सिंह, सुनील व सुरेश सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## शहीद की प्रतिमा को राखी बांधी

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** शाहजहांपुर कस्बे के नजदीकी गांव फौलादपुर में शहीद हवलदार जगदीश प्रसाद की बहनों ने रक्षाबंधन का पर्व प्रतिमा को रक्षाबंधन का सूत्र बांधते हुए मनाया। एक तरफ बहनें अपने भाइयों के हाथ में रक्षासूत्र बांधकर व मिठाई खिलाकर उनकी लम्बी उम्र की कामना कर रही थीं, वहीं भाई भी बहनों को मनचाहा उपहार देने के साथ रक्षा का संकल्प ले रहे थे। वहीं दूसरी तरफ देश की रक्षा में शहीद हुए सैनिकों की बहनें भी उनकी प्रतिमाओं को राखी बांधकर पर्व की परंपरा को निभा रही थी।

फौलादपुर में शहीद हवलदार जगदीश प्रसाद की प्रतिमा पर को बहन रत्ना देवी ,सुशीला देवी बेरवाल हरियाणा से रक्षासूत्र बांधने पहुंची वहीं वीरांगना सितारी देवी के साथ पहुंची रत्ना देवी व सुशीला देवी ने पहले शहीद की प्रतिमा को तिलक लगाकर रक्षासूत्र बांधा और फिर मिठाई खिलाकर आरती की।

# सरपंच ने रक्षाबंधन पर रक्तदान शिविर लगवाया

**बहरोड़/मुंडावर, (निसं)।** मुंडावर तहसील की ग्राम पंचायत जसाई के सरपंच वीरेंद्र कुमार शर्मा ने अनूठी पहल करते हुए रक्षाबंधन के पावन पर्व पर रक्तदान शिविर आयोजित करते हुए 91 यूनिट रक्त एकत्रित कर समाज तथा राष्ट्रहित में योगदान देकर मिसाल कायम की। सरपंच के कार्यालय पर लगे रक्तदान शिविर में कोटपूतली के जीवनदाता ब्लड बैंक टीम ने 91 यूनिट रक्त का संग्रहण किया वहीं सभी रक्तदाताओं को सरपंच वीरू पंडित ने हेलमेट व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

युवा भगत सिंह सेना के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि वीरू सरपंच ने कहा कि रक्तदान महादान एवं मानव जीवन के लिए अमूल्य धरोहर है। दुर्घटनाओं व गंभीर बीमारियों के समय रक्त ही जीवन बचाने में सहयोग करता है। सभी स्वास्थ लोगों को अधिकाधिक रक्तदान करने में सहयोग करना चाहिए। इस दौरान रक्तदान शिविर में सहयोग करने वालो में यादवेन्द्र उपाध्याय, रामकुमार पूर्व सरपंच, राजेन्द्र मास्टर , डॉक्टर फूल सिंह चौधरी, सतेन्द्र चौधरी, महेश मीणा, नरेन्द्र चौधरी, कपूर डांगी, आशीष गुलिया, राहुल चौधरी, कप्तान सिंह, मनीष चौधरी सोनू सूखा, देवा पण्डित, आलोक उपाध्याय जसवीर चौधरी, करण खरिया , नरेन्द्र चौधरी सहित ग्रामपंचायत के युवा मौजूद रहे।



शिविर में 91 यूनिट रक्त एकत्रित कर समाज तथा राष्ट्रहित में दान किया।

## मोक्ष कल्याण पर्व मनाया

**टोंक, (निसं)।** श्री दिगंबर जैन नसिया में अमीरगंज टोंक में गुरुवार को श्रावकों ने आदिनाथ भगवान के समक्ष रक्षा सूत्र बांधे और रक्षा करने का संकल्प लिया। समाज के प्रवक्ता पवन कंटान ने बताया कि इस दिन अकंपनाचार्य सहित 700 मुनिराजों पर उपसर्ग हुआ था। जिसको विष्णु कुमार मुनिराज ने उपसर्ग को दूर करके उनकी रक्षा की थी, जब से ही जैन समाज में उस उपलक्ष में रक्षा बंधन मनाया जाता है जैन धर्म के 11वें तीर्थंकर श्रेयांसनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक पर्व मनाया गया।

इसी तरह बडा तख्ता जैन मंदिर में जैन धर्म के 11वें तीर्थंकर श्रेयांसनाथ भगवान का मोक्षकल्याणक पर्व बडे धूमधाम से हर्ष उल्लास के साथ बडे भक्ति भाव से मनाया गया। इस मौके पर प्रात काल अभिषेक, शांतिधारा नित्य नियम पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात निर्वाण कांड बोलकर निर्वाण लड्डू चढाया गया। इस मौके पर भागचंद फुलेता, जेके जैन जयपुर, सुरेश मलारना, कमल सर्राफ, सोनू पासरोटीया, नरेंद्र ,राहुल आदि समाज के लोग उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### भगवान शिव का जलाभिषेक किया



**फुलेरा, (निसं)।** पुराना फुलेरा स्थित प्राचीन मन्दिर श्रीठाकुर जी महाराज परिसर में श्रावण मास के अन्तिम दिवस पर पण्डित शिवनारायण शर्मा एवं पण्डित नरनारायण शर्मा के सानिध्य में भगवान शिव का जलाभिषेक आयोजित करवाया गया। इस अवसर पर पूजा अर्चना के दौरान मुख्य यजमान के रूप में सत्यनारायण जोशी एवं राजेन्द्र जोशी रहे। वहीं पण्डित गोपाल शरण शर्मा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। शिव परिवार का पुष्प मालाओं से श्रंगार कर भव्य झांकी सजाई गई। इस अवसर पर यादराम जोशी, जुगल किशोर शर्मा, शकुन्तला देवी, ब्रजेश, आशा देवी, पिंकी जोशी, हनी, शुभम शर्मा, कमलेश जोशी, महेन्द्र शर्मा, मिथिलेश शर्मा, नटवर लाल शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### भाई की कलाई पर प्यार बांधा



**निवाई, (निसं)।** रक्षा बंधन के पर्व को लेकर गुरूवार को हर चेहरे पर चमक और हर कलाई पर बंधी रंग बिरंगी राखियां बहन भाई के अटूट प्रेम की कहानी बयां कर रही थी। सभी भाईयों के मन में रक्षा की उमंग बंधन से जुडी हुई थी। हर भाई के ललाट पर लगा चमकता हुआ तिलक यश और ओजस्वी का प्रतीक बना हुआ था। रक्षा बन्धन के पर्व पर हर घर में थाल सजे, थाल में मिठाईयों से भरपूर भरा प्यार बहन भाईयों के संसार को सजोए हुए था। रक्षा बन्धन के त्यौहार पर घर-घर में बहनों ने अपने भाईयों के राखी बांधकर उनका जीवन प्रकाशमय रहने की मनोकामना की, तो भाईयों ने बहिनों की रक्षा करने का संकल्प लिया। जिसके चलते शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गुरूवार को भाई-बहन के प्यार का प्रतीक रक्षा बंधन का पावन पर्व हर्षोल्लास एवं परम्परागत रूप से उत्साह के साथ मनाया। रक्षाबन्धन के त्यौहार को लेकर घरों एवं बाजारों में गुरूवार की सुबह से ही चहल पहल देखी गई तथा बहनो ने अपने भाईयों के तिलक लगाकर उनकी कलाई पर राखी बांधकर मिठाई से मुंह मीठा किया तथा परम्परानुसार बहनों ने अपने भाईयों की समृद्घि के लिए भगवान से प्रार्थना की तो भाईयों ने बहनों को उपहार स्वरूप आभूषण एवं ड्रेस दिए। इस अवसर पर खरीददारी को लेकर बाजारों व मिठाईयों की दुकानों पर दिन भर भीड देखी गई।

### नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आज

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** आई रिसर्च सेंटर सोसायटी द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति अंधता जयपुर के सहयोग से लायंस क्लब श्रीमाधोपुर की ओर से 12 अगस्त को सहाय हॉस्पिटल जयपुर के सानिध्य में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा। लायंस क्लब के सदस्य डॉक्टर नीलकंठ कयाल एवं अध्यक्ष सीताराम सैनी के अनुसार शिविर में नेत्र रोगों की जांच कर अनुभवी डॉक्टरों द्वारा आधुनिक तकनीक से बिना टांके मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा व मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाने वाले रोगियों को चश्मा ,भोजन व रहने की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी । शिविर में चयनित नेत्र रोगियों को ऑपरेशन हेतु जयपुर ले जाने व वापस श्रीमाधोपुर पहुंचाने की व्यवस्था भी नि:शुल्क होगी। मरीजों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने साथ अपने आधार कार्ड की फोटो स्टेट कॉपी लावे। क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी, सचिव सागरमल हलवाई,कोषाध्यक्ष रेवत सिंह शेखावत आदि ने क्षेत्रवासियों से शिविर का अधिकाधिक लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### पुलिस अधीक्षक की आमजन से अपील

फुलेरा, (निसं)। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल के द्वारा इस रक्षाबंधन पर सुरक्षा को लेकर आमजन से की अपील गई। थानाधिकारी रघुवीर सिंह राठौड़ ने बताया कि इस रक्षाबंधन पर बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा करते हुए उन किसी भी प्रकार की हिंसा, दुर्व्यवहार अथवा भेदभाव की सूचना पुलिस को देने की अपील की है। वहीं आये दिन सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मृत्युदर को कम कर उन पर लगाम कसने के लिए दो श्लोगन पेश किये है। उक्त श्लोगन 'वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें, आप सुरक्षित तो आपकी बहना भी सुरक्षित', 'बहन का भाई की रक्षा का यदि है इरादा, तो रक्षाबंधन पर दुपहिया वाहन चलाते समय भाई से मांगे हेलमेट पहनने का वादा'।

### राखी लेने जा रहे पति-पत्नी कार की टक्कर से गंभीर घायल

**मालपुरा, (निसं)।** पचेवर थाना क्षेत्र के स्याह गांव निवासी पति-पत्नी राखी लेने जाते समय तेज रफ्तार कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हें चिन्ताजनक हालत में मालपुरा से जयपुर रैफर किया गया। गुरूवार को दूदू छाण स्टेट हाईवे पर पचेवर के पास हुए हादसे में घायल मोहन पुत्र मदन बावरी ने बताया कि गुरूवार को पचेवर बाजार से राखी खरीदने के लिए वो अपनी पत्नी जसोदा बावरी के साथ बाइक से आ रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसा इतना जोरदार था कि दोनों पति-पत्नी के घुटनों से ऊपर पांव टूट गये। राहगीरों ने घायलों को मालपुरा के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर किया गया तो हादसे के बाद कार चालक मौके से भाग छूटा।

### भगदड़ में मरे भक्तों को श्रद्धांजलि

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** खाटूश्यामजी में एकादशी के अवसर मंदिर प्रवेश द्वार मची भगदड़ में मरी तीन महिला श्याम भक्तों की आत्मा की शांति के लिए खाटूश्यामजी के व्यापारियों व ग्रामवासियों ने मुख्य बाजार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर भाजपा नेता पवन पुजारी ने कहा कि यह एक दुखद घटना है। बाबा श्याम तीनों महिला श्याम भक्तों को अपने चरणों में स्थान दें तथा उनके परिजनों को असमय हुए इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।सभा में प्रधानाचार्य श्याम सुंदर शर्मा, चैयरमेन ममता मुण्डोतिया,भजन गायक पप्पू शर्मा ने भी सम्बोधित कर संवेदना व्यक्त की।इस मौके पर उपस्थित लोगों ने दो मिनट का हरि कीर्तन व दो मिनट का मौन रखकर कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।इस दौरान पार्षद राजू माटोलिया,रवि स्वामी,श्याम सुंदर पूनिया,सुरेश हरनाथका, रमजान खान, ओमप्रकाश हरनाथका,राजवीर सिंह,नरेश रामू का,रमेश स्वामी सहित व्यापारी व ग्रामवासी मौजूद रहे।

### अग्निपथ योजना को निरस्त करने की मांग

**सांभरझील, (निसं)।** केन्द्र की एनडीए सरकार की ओर से लाई गयी अग्निपथ योजना को युवाओं के भविष्य के साथ छलावा बताते हुयेइसे निरस्त किये जाने की मांग को लेकर भूतपूर्व सैनिक कमेटी, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष मनोज कुल्हरी ने राष्ट्रपति से गुहार लगाते हुयेएक अभ्यावेदन सांभर एसडीएम जयन्त चौधरी को सौंपा है। अभ्यावेदन में बताया गया कि केन्द्र की इस योजना के विरूद्धदेश का युवा वर्ग उद्लित होकर आवाज उठा रहा है क्योंकि आनन फानन में लायी गयी इस योजना से देश की सेना के गौरव, अनुशासन व प्रतिष्ठा पर गहरा आघात लगा है। अभ्यावेदन सौंपने के दौरान काफी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।



कल सिनसिनाटी के लिये उड़ान भरूंगा। सिनसिनाटी में खेलने को लेकर बहुत खुश हूं।

- राफेल नडाल

शीष टेनिस खिलाड़ी, पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण कनाडा ओपन हटने के बाद सिनसिनाटी में खेलने को लेकर।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी — विजेंदर सिंह



भारत के स्टार मुक्केबाज विजेंदर सिंह पिछले साल पेशेवर सर्किट पर मिली पहली हार को भुलाकर बुधवार को रिंग में वापसी करेंगे और उनका कहना है कि वह हर मुकाबले को अपने पहले मुकाबले की तरह खेलते हैं। विजेंदर ने 2015 में पेशेवर सर्किट पर खेलना शुरू किया था और पिछले साल मार्च तक 12 मुकाबले जीत चुके थे। मार्च में उन्हें गोवा में हुए मुकाबले में रूस के एर्टिश लोपसान ने हराया। यह सब खेल का हिस्सा है। अब उनका सामना पश्चिम अफ्रीका मुक्केबाजी संघ चैम्पियन घाना के एलियासू सुले से 17 अगस्त को होगा।

**क्या आप जानते हैं ?...** अपनी टेस्ट जीवन की पहली श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भारत के सुनील गावस्कर के नाम है। गावस्कर ने 1970-71 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 775 रन बनाए।

## केएल राहुल पूर्णतः स्वस्थ, जिम्बाब्वे दौरे पर करेंगे टीम की कप्तानी

मुंबई, 11 अगस्त। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज़ केएल राहुल ज़िम्बाब्वे दौरे पर टीम की कप्तानी करेंगे। बीसीसीआई ने गुरुवार को यह घोषणा की। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने ज़िम्बाब्वे दौरे के लिये टीम की घोषणा करते हुए कहा, बीसीसीआई चिकित्सीय टीम ने केएल राहुल की स्थिति का जायज़ा लिया है और उन्हें ज़िम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला के लिये स्वस्थ बताया है।

बोर्ड ने कहा, चयनकर्ता समिति ने उन्हें टीम का कप्तान चुना है और शिखर धवन को उपकप्तान की ज़िम्मेदारी दी है। इसके अलावा वाशिंगटन सुंदर और दीपक चहर को भी पूर्णतः स्वस्थ होने के बाद टीम में शामिल किया गया है। इस दौरे पर टीम के वरिष्ठ खिलाड़ियों को आराम दिया गया है जो 28 अगस्त से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले एशिया कप के लिये तैयारी करेंगे।

**तीन एकदिवसीय मैचों के लिए**



**भारतीय टीम :** केएल राहुल (कप्तान) शिखर धवन (उप-कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, अवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर।

### भारत के खिलाफ श्रृंखला के लिये जिम्बाब्वे टीम की घोषणा

हरारे, 11 अगस्त। ज़िम्बाब्वे के कप्तान क्रेग इर्विन, ब्लेसिंग मुज़रबानी, टेंडई चटारा और वेलिंगटन मसाकाड्ज़ा भारत के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला में टीम का हिस्सा नहीं रहेंगे। बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय शृंखला में टीम की कमान संभालने वाले रेगिस चकबवा इर्विन की अनुपस्थिति में एक बार फिर कप्तान का किरदार निभाते नज़र आयेंगे। इर्विन हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण टीम से बाहर हैं।

**जिम्बाब्वे टीम बनाम भारत :** बर्ल रयान, चकबवा रेगिस (कप्तान), चिवांगा तनाका, इवांस ब्रैडली, जोंगवे ल्यूक, कैया इनोसेंट, कैटानो ताकुदज़्वानाशे, मदांडे क्लाइव, मधेवेरे वेस्ली, मारुमानी तदिवानाशे, मसारा जॉन, मुनयोंगा टोनी, नगारवा रिचर्ड, न्याउची विक्टर, रजा सिकंदर, शुंभा मिल्टन, तिरिपानो डोनाल्ड।

## संन्यास का संकेत देने के बाद पहला मैच हारी सेरेना



टोरंटो, 11 अगस्त। सेरेना विलियम्स पेशेवर टेनिस से संन्यास का संकेत देने के बाद जब पहली बार कोर्ट पर उतरी तो उन्हें हार का सामना करना पड़ा। दर्शकों ने 23 वर्षीय सेरेना का खड़े होकर अभिवादन किया लेकिन इस स्टार खिलाड़ी ने न मुस्कान बिखेरी ना हाथ हवा में लहराया। दर्शक इस बीच अपने मोबाइल फोन से उनकी तस्वीरें लेते रहे। अमेरिका की इस 40 वर्षीय खिलाड़ी को नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में बेलिंडा बेनसिच ने 6-2, 6-4 से हराया। बेनसिच का सामना दो बार के ठौंडस्लैम चैंपियन गार्बिने मुगुरुजा से होगा, जिन्होंने काया कानेपी को 6-4, 6-4 से हराया। एक अन्य मैच में बियांका आंद्रीस्कु ने अलिज़े कॉर्नेट को 6-3, 4-6, 6-3 से पराजित किया।

## अहलावत सिंगापुर गोल्फ में 19वें जबकि चौरसिया, शुभंकर और संधू 26वें स्थान पर

सिंगापुर, 11 अगस्त। युवा गोल्फर वीर अहलावत सिंगापुर इंटरनेशनल सीरीज गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ 19वें स्थान पर हैं जबकि एसएसपी चौरसिया, शुभंकर शर्मा और अजितेश संधू संयुक्त 26वें स्थान पर हैं।

दिन में खेल जल्दी शुरू करने वालों में शामिल अहलावत ने तीन अंडर 69 का स्कोर बनाया। बोगी से अंत करने के बावजूद वह सभी भारतीयों में शीर्ष पर बने हुए हैं। दूसरी तरफ चौरसिया ने लगातार दो बर्डी से समापन किया जिससे उन्होंने दो अंडर 70 का स्कोर किया। शुभंकर और संधू ने भी दो अंडर 70 का कार्ड खेला।

स्कॉट विंसेंट ने शुरुआती दौर में आठ अंडर 64 का स्कोर बनाया जिससे पहले दौर के बाद उन्होंने एक शॉट की बढ़त हासिल की। भारत के अन्य खिलाड़ियों में अमन राज और राशिद खान पार 72 का स्कोर बनाया जिससे वह संयुक्त 62वें स्थान पर हैं। पिछले सप्ताह के विजेता गगनजीत भुल्लर ने एक ओवर 73 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 78वें स्थान पर है।

जिन अन्य भारतीय खिलाड़ियों ने 73 का स्कोर बनाया उनमें शिव कपूर, ज्योति रंधावा और हनी बैसोया शामिल हैं। एस चिक्कारंगप्पा ने 74 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 100वें से स्थान पर हैं। एमेच्योर यश मजूमदार (75), राहिल गंगजी (76), जीव मिल्खा सिंह (78), विराज मडप्पा (79) और चिराग कुमार (81) पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा है।

## यूएई आईएलटी 20 में भाग लेंगे पोलार्ड, पूरण और ब्रावो

दुबई, 11 अगस्त। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान कीरोन पोलार्ड, मौजूदा कप्तान निकोलस पूरण और सुपरस्टार ड्वेन ब्रावो ने अंतरराष्ट्रीय लीग टी20 (आईएलटी20) में खेलने के लिए करार किया है। एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड के तत्वाधान में आयोजित किए जा रहे इस टूर्नामेंट की अधिकतर टीम इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी ने खरीदी हैं। इसका पहला टूर्नामेंट जनवरी 2023 में होने की संभावना है। आईएलटी20 की यहां जारी मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार "हाल में टी20 क्रिकेट में कुछ सबसे बड़े नामों की घोषणा करने के बाद लीग ने मार्की खिलाड़ियों की सूची में और अधिक प्रभावशाली नाम जोड़े हैं। इनमें कीरोन पोलार्ड, निकोलस पूरण, ड्वेन ब्रावो, दासुन शनाका, ओली पोप और फजलहक फारूकी शामिल हैं।

## रॉस टेलर ने न्यूज़ीलैंड क्रिकेट में नस्लवाद का आरोप लगाया

**'अपने करियर के ज्यादातर हिस्से में मैं एक अपवाद था। गोरे लोगों की टीम में एक सांवला चेहरा। इसके साथ चुनौतियां जुड़ी होती हैं, जिनमें से कई आपकी टीम के साथियों या क्रिकेट देखने वाली जनता को नहीं दिखतीं। क्योंकि क्रिकेट में पोलिनेशियन समुदाय का प्रतिनिधित्व बेहद कम है, मुझे आश्चर्य नहीं होता था जब लोग मुझे माओरी या भारतीय समझ लेते थे।'**

वेलिंगटन, 11 अगस्त। न्यूज़ीलैंड के पूर्व बल्लेबाज़ रॉस टेलर ने अपनी आत्मकथा 'ब्लैक एंड व्हाइट' में आरोप लगाया है कि उन्हें अपने करियर के दौरान नस्लवाद का सामना करना पड़ा था। टेलर ने अपनी किताब में लिखा है कि न्यूज़ीलैंड में क्रिकेट गोरे लोगों का खेल था, जिसका कुछ हिस्सा न्यूज़ीलैंड हेराल्ड ने गुरुवार को प्रकाशित किया।

न्यूज़ीलैंड हेराल्ड के अनुसार टेलर ने लिखा, अपने करियर के ज्यादातर हिस्से में मैं एक अपवाद था। गोरे लोगों की टीम में एक सांवला चेहरा। इसके साथ चुनौतियां जुड़ी होती हैं, जिनमें से कई आपकी टीम के साथियों या क्रिकेट देखने वाली जनता को नहीं दिखतीं। क्योंकि क्रिकेट में पोलिनेशियन समुदाय का प्रतिनिधित्व बेहद कम है, मुझे आश्चर्य नहीं होता था जब लोग मुझे माओरी या भारतीय समझ लेते थे।

इसी साल क्रिकेट से रिटायर हुए टेलर अपनी मां की तरफ से समोआ से संबंधित थे। उनका कहना है कि उनके साथ होने वाली नस्लवादी टिप्पणियों को ज्यादातर 'मज़ाक' ही समझा जाता था। उन्होंने कहा, कई मायनों में, ड्रेसिंग रूम मजाक का मापदंड होता है।



टीम का एक साथी मुझसे कहता था, 'रॉस, तुम आधे अच्छे आदमी हो, लेकिन कौन सा आधा हिस्सा अच्छा है? आप नहीं जानते कि मैं कौनसे हिस्से को अच्छा कह रहा हूं।' मुझे पूरा यकीन था कि मैं जानता था। अन्य खिलाड़ियों को भी अपनी जातीयता पर आधारित टिप्पणियां बर्दाश्त करनी होती थीं।

टेलर ने कहा, ज़ाहिर है, एक पाकेहा न्यूज़ीलैंड का श्वेत व्यक्ति इस तरह की टिप्पणियों को सुनकर सोचता होगा, 'ओह, यह ठीक है, यह सिर्फ एक मजाक है।' लेकिन वह इसे गोरे व्यक्ति के रूप में सुन रहा है और यह मज़ाक उसके जैसे लोगों के साथ नहीं हो रहा। इसलिए इस पर कोई ऐतराज़ नहीं जताता था। कोई उन्हें समझाता नहीं था।

2006 में अपने करियर की शुरुआत करने वाले टेलर ने आगे सवाल किया, आप सोचते हैं कि क्या ऐसे लोगों से बात करनी चाहिये, मगर फिर यह चिंता रहती है कि कहीं आप कोई बड़ी समस्या न खड़ी कर दें, या आप पर मज़ाक को नस्ल से जोड़ने का आरोप न आ जाये। इन सब बातों को नज़रंदाज़ करना और इनका आदी हो जाना आसान है, लेकिन क्या यह करना ठीक है? टेलर ने 16 साल के अपने करियर में न्यूज़ीलैंड के लिये 112 टेस्ट, 236 एकदिवसीय और 102 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले।

न्यूज़ीलैंड क्रिकेट (एनज़ेडसी) ने न्यूज़ीलैंड हेराल्ड के यह खबर प्रकाशित करने के बाद जवाब में कहा, एनज़ेडसी नस्लवाद का विरोध करता है, और न्यूज़ीलैंड मानवाधिकार आयोग के 'गिव नथिंग टू रेसिज़्म' अभियान का कड़ा समर्थक है। हमें बेहद अफसोस है कि रॉस को इस तरह के बर्ताव का सामना करना पड़ा। हम इस मामले पर चर्चा करने के लिये रॉस से संपर्क करेंगे।

## पदक के साथ घर लौटना खास अनुभव : संगीता कुमारी

नयी दिल्ली, 11 अगस्त। बर्मिंघम 2022 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी संगीता कुमारी ने अपने पहले राष्ट्रमंडल अनुभव के बारे में कहा कि एक पदक के साथ घर लौटना बेहद खास अनुभव था। उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 के कांस्य पदक मैच में पिछली बार की स्वर्ण पदक विजेता न्यूज़ीलैंड को हराकर राष्ट्रमंडल पदक के 16 साल के सूखे को समाप्त किया था।

20 वर्षीय संगीता ने इसके बारे में कहा, एक पदक के साथ घर लौटना बेहद ही खास एहसास है। घर में त्योहार जैसा माहौल है। हमारे गांव में सभी लोग बेहद खुश और उत्साहित हैं। वह कहते हैं कि यह झारखंड के लिये गौरव का क्षण है। मेरा खयाल है कि पोडियम पर खड़े होने के अनुभव को भूलने में कुछ समय लगेगा।

उन्होंने पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेने के बारे में कहा, मैं पहले-पहल काफी दबाव में थी, लेकिन टीम के वरिष्ठ खिलाड़ियों ने कहा कि इस तरह महसूस करना आम बात है, खासकर एक बड़े खेल आयोजन में। मैं उनके समर्थन की आभारी हूं।

भारतीय टीम ने बर्मिंघम 2022 खेलों में अपने अभियान की शुरुआत पूल-ए में घाना के खिलाफ 5-0 की जीत के साथ की थी। इसके बाद उन्होंने वेल्स (3-1) पर जीत दर्ज की, लेकिन इंग्लैंड (1-3) से हार गये। इसके बाद टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिये इंग्लैंड को करीबी मुकाबले में 3-2 से मात दी थी। सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन देने के बावजूद टीम शूटआउट में 0-3 से हार गयी थी। सविता पूनिया की टीम ने इस निराशाजनक नतीजे से उभरते हुए कांस्य पदक मैच में न्यूज़ीलैंड को शूटआउट (2-1) में मात दी।

संगीता ने सेमीफाइनल की हार के बारे में कहा, हमने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन दुर्भाग्यवश नतीजा हमारे पक्ष में नहीं रहा। आसान शब्दों में कहूं तो वह हमारा दिन नहीं था। बहरहाल, हमें ऑस्ट्रेलिया के प्रदर्शन को नहीं भूलना चाहिये जो शानदार था। हम इन नतीजों से निराश हैं लेकिन अपनी गलतियों से सीखकर भविष्य में बेहतर करना चाहते हैं।

झारखंड की युवा खिलाड़ी ने अपने भविष्य के बारे में कहा, मैं इस युवा उम्र में यह अवसर पाकर बेहद खुश हूं। मैं जानती हूं कि मुझे अपने खेल पर काम करने की ज़रूरत है। मुख्य कोच और अपने टीम के साथियों की मदद से मैं अपने कौशल को सुधारते हुए टीम की नियमित सदस्य बनने पर काम कर रही हूं।

## टेस्ट में रूट को पहले पायदान से उतार सकते हैं बाबर : महेला जयवर्धने

दुबई, 11 अगस्त। श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने ने कहा है कि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आज़म आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में जो रूट का वर्चस्व समाप्त कर पहला स्थान हासिल कर सकते हैं। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट इस दशक में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं, और 2021 में उन्हें आईसीसी टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर भी चुना गया था।

जब जयवर्धने से आईसीसी रिव्यू के नये एपिसोड में पूछा गया कि टेस्ट में रूट को पहले पायदान से से कौन उतार सकता है, तो उन्होंने कहा, यह एक मुश्किल सवाल है, लेकिन मेरे अनुसार बाबर आज़म के पास एक मौका है। वह तीनों प्रारूपों में अच्छा खेले हैं और यह उनकी रैंकिंग में भी देखा जा सकता है। वह स्वाभाविक रूप से प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, हर परिस्थिति में खेलते हैं और अपने खेल को स्थिति के अनुसार ढाल भी लेते हैं। उन्होंने कहा, यह इसपर निर्भर करेगा कि कौन, कब और कितना क्रिकेट खेलता है, लेकिन बाबर ऐसा कर सकते हैं।



महेला जयवर्धने

गौरतलब है कि बाबर एकलौते बल्लेबाज हैं जो तीनों प्रारूपों की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष तीन में शामिल हैं। एकदिवसीय और टी20 क्रिकेट में जहां वह पहले स्थान पर हैं, वहीं टेस्ट रैंकिंग में वह तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। टेस्ट क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बीच बाबर ने तीनों प्रारूपों में नंबर-1 बनने की मंशा भी जताई है। जयवर्धने ने बाबर पर विश्वास जताते हुए कहा है कि वह इस मुश्किल कार्य को पूरा करने की क्षमता रखते हैं।

जयवर्धने ने कहा, अंतरराष्ट्रीय टी20 और एकदिवसीय क्रिकेट में पहले स्थान पर बने रहना मुश्किल है क्योंकि बहुत से अच्छे खिलाड़ियों को एक समान रहना पड़ता है। जब तक वह ऐसा कर सकते हैं, वह सीमित ओवरों में अपने स्थान पर बने रह सकते हैं और टेस्ट में सुधार कर सकते हैं।

उन्होंने कहा, उन्होंने श्रीलंका में बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। मेरे अनुसार उनकी लड़ाई प्रभात जयसूर्या से थी, जिन्होंने बाबर को चार में से तीन पारियों में आउट किया। यह लड़ाई देखने में शानदार थी। बाबर ने पहले मैच में एक बेहतरीन शतक भी जड़ा। वह लगातार अपने प्रदर्शन को बेहतर करने की ओर काम करते रहेंगे। हाल ही में उनके कुछ साक्षात्कारों में सुना है कि वह हर प्रारूप में शीर्ष पर जाना चाहते हैं।

जयवर्धने ने कहा कि बाबर ने बतौर कप्तान भी जिम्मेदारी संभाली है और साथ-साथ अच्छा प्रदर्शन किया है जो आसान काम नहीं है। उन्होंने कहा, मैं कम से कम कुछ समय के लिये तीनों प्रारूपों का नंबर एक बनने के लिये उनपर दांव लगाऊंगा, लेकिन विश्व में और भी अच्छे खिलाड़ी हैं जो उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिये प्रेरित करते रहेंगे।

## जनवरी 2023 में वापसी करेगा टाटा मुंबई मैराथन

मुंबई, 11 अगस्त। एशिया का बहुप्रतीक्षित और प्रतिष्ठित टाटा मुंबई मैराथन नये साल के तीसरे रविवार को वर्ल्ड एथलेटिक्स एलीट लेबल रोड रेस आयोजित करने की पिछले 15 सालों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 15 जनवरी 2023 को आयोजित किया जाएगा। प्रोकैम इंटरनेशनल ने टाटा मुंबई मैराथन के 18वें संस्करण के पंजीकरण की तारीखों की घोषणा करते हुए कहा है कि मैराथन के लिए पंजीकरण 11 अगस्त 2022 को सुबह 7:00 बजे 'टाटा मुंबई मैराथन डॉट प्रोकैम डॉट इन' पर शुरू किया जाएगा। यह सभी वर्चुअल रन श्रेणियों के लिए भी खुला रहेगा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, टाटा मुंबई मैराथन शहर की भव्यता, लचीलेपन और स्पर्धात्मक वृत्ती का प्रतीक है। टीएमएम महामारी के बाद वापसी कर रहा है और यह न केवल धावकों के लिए बल्कि पूरे देश के लिए रोमांचक खबर है। इस कार्यक्रम की मेजबानी करना और दुनिया का हमारे दरवाजे पर स्वागत करना हमारे लिए गर्व की बात है।

## बोर्ड की चेतावनी के बाद शाकिब ने बेटविनर के साथ अनुबंध रद्द किया



ढाका, 11 अगस्त। बांग्लादेश के शीर्ष ऑल-राउंडर शाकिब अल हसन ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की चेतावनी के बाद गुरुवार को सट्टेबाज़ी वेबसाइट बेटविनर के साथ अनुबंध रद्द करने का फैसला किया। बीसीबी अध्यक्ष नज़मुल हसन ने इसकी जानकारी दी। नज़मुल ने कहा, मुझे अभी पता चला है कि उन्होंने बोर्ड को पत्र लिखा है। मैंने अभी वो पत्र नहीं पढ़ा, लेकिन मुझे पता चला है कि उन्होंने बोर्ड की सभी शर्तों को मान लिया है। उन्होंने कहा है कि वह हमारी सब बातें मानने के लिये तैयार हैं।

उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में हर तरह की सट्टेबाज़ी प्रतिबंधित है। शाकिब ने पिछले हफ्ते सोशल मीडिया पर कैरिबियन की सट्टेबाज़ी कंपनी बेटविनर न्यूज़ के साथ साझेदारी की घोषणा की थी, जिसके बाद क्रिकेट प्रशासकों ने उनसे इसका कारण पूछा था। बीसीबी के अध्यक्ष नज़मुल हसन ने गुरुवार को जारी बयान में कहा था कि वह शाकिब की ओर से जवाब की अपेक्षा कर रहे थे और इसपर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यदि शाकिब बेटविनर के साथ अनुबंध रद्द नहीं करते हैं तो उन्हें टीम से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा।

उन्होंने कहा था, इसमें कोई दोराय नहीं है। उन्हें इस अनुबंध से बाहर आना होगा वरना वह टीम का हिस्सा नहीं रहेंगे। इसके बाद शाकिब ने बीसीबी को सूचित किया है कि वह बेटविनर के साथ आज समझौते को समाप्त कर देंगे।

## वियतनाम, सिंगपुर के साथ दोस्ताना मैच खेलेगा भारत

नयी दिल्ली, 11 अगस्त। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम सितंबर में फील्ड पर वापसी करते हुए सिंगापुर और वियतनाम के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना मैच खेलेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

भारतीय टीम 22 सितंबर को वियतनाम का दौरा करेगी। वहां भारतीय टीम पहले 24 सितंबर को सिंगापुर का और फिर 27 सितंबर को मेज़बान वियतनाम का सामना करेगी। भारत इस समय फीफा पुरुष विश्व रैंकिंग में 104वें स्थान पर है, जबकि वियतनाम 97वें और सिंगापुर 159वें पायदान पर है। एशियाई फुटबॉल संघ के एशियाई कप 2023 के लिये क्वालीफाई कर चुकी भारतीय टीम इन दो मुकाबलों में शीर्ष आयोजन के लिये तैयारी करना चाहेगी। भारतीय टीम के कोच इगोर स्टिमैक ने कहा, हम आगामी चुनौतियों को लेकर खुश हैं, और हम अपने अच्छे प्रदर्शन को जारी रखने के लिये तैयार हैं। कोच ने कहा कि टीम को तैयारी शिविर प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही वह वियतनाम जाने से पहले केरल ब्लास्टर्स के खिलाफ अभ्यास मैच के लिए भी आशान्वित हैं।

## निराशाजनक बल्लेबाजी के कारण हारी विंडीज

जमैका, 11 अगस्त। रोमारियो शेफर्ड (31) और ओडियन स्मिथ (27) के प्रयासों के बावजूद वेस्ट इंडीज़ को न्यूज़ीलैंड के खिलाफ बुधवार को पहले टी20 मैच में 13 रन से हार का सामना करना पड़ा। न्यूज़ीलैंड ने सबीना पार्क में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 185 रन बनाये, जिसके जवाब में विंडीज 172 रन ही बना सकी। कीवी टीम की ओर से डेवन कॉनवे ने 43 (29), केन विलियमसन ने 47 (33) और जेम्स नीशम ने 33 (15) रन बनाये, जबकि गेंदबाजी में मिशेल सैंटनर (तीन विकेट) ने टीम की अगुवाई की। दूसरी ओर, विंडीज़ की निराशाजनक बल्लेबाजी उनकी हार का मुख्य कारण रही। वेस्ट इंडीज़ ने 186 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पहले 10 ओवर में 68 और 15 ओवर में 108 रन ही बनाए थे। उन्होंने अंतिम तीन ओवरों में पारी की रफ्तार बढ़ाते हुए 47 रन जोड़े लेकिन इसके बावजूद भी 20 ओवर में 172 रन ही बना सके। पारी की शुरुआत करते हुए काइल मेयर्स (1), डेवन थॉमस (1) और शिमरन हेटमायर (2) जहां महत्वपूर्ण योगदान देने में असफल रहे।

## अर्जुन तेंदुलकर ने मुंबई से मांगी एनओसी, अगले सत्र में गोवा के लिए खेल सकते है

नयी दिल्ली, 11 अगस्त। दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के पुत्र अर्जुन मुंबई की टीम को छोड़ने के लिए तैयार हैं और पूरी संभावना है कि वह अगले घरेलू सत्र में गोवा की तरफ से खेल सकते हैं। बाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस का हिस्सा था। उन्होंने 2020-21 में मुंबई के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हरियाणा और पुदुचेरी के खिलाफ दो मैच खेले थे। पता चला है कि जूनियर तेंदुलकर ने मुंबई क्रिकेट संघ से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) देने के लिए आवेदन किया है। एसआरटी स्पोर्ट्स मैनेजमेंट ने बयान में कहा, "अर्जुन के लिए अपने करियर के इस मुकाम पर मैदान पर अधिक से अधिक समय बिताना महत्वपूर्ण है। हमारा मानना है की दूसरी जगह से खेलने पर अर्जुन को अधिक प्रतिस्पर्धी मैच खेलने का मौका मिलेगा। वह अपने क्रिकेट करियर के एक नए चरण की शुरुआत कर रहा है।" अर्जुन तेंदुलकर ने तीन सत्र पहले श्रीलंका के खिलाफ भारत अंडर-19 की तरफ से दो मैच खेले थे। उस समय वह मुंबई की सीमित ओवरों की संभावित टीम में भी शामिल थे। अर्जुन के लिए सबसे बड़ी निराशा यह रही उन्हें खुद को साबित करने का मौका मिले बिना इस सत्र में मुंबई की टीम से बाहर कर दिया गया। गोवा क्रिकेट संघ (जीसीए) के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि राज्य के संभावित खिलाड़ियों में अर्जुन तेंदुलकर को शामिल किया जा सकता है।

## निक किर्गियोस ने मांट्रियल में दानिल मेदवेदेव को हराया

मांट्रियल, 11 अगस्त। आस्ट्रेलिया के 37वीं रैंकिंग वाले निक किर्गियोस ने गत चैम्पियन दानिल मेदवेदेव को नेशनल बैंक ओपन टेनिस में 6.7, 6.4, 6.2 से हरा दिया। पिछले सप्ताह वाशिंगटन में सातवां एटीपी टूर खिताब जीतने वाले किर्गियोस का मेदवेदेव के खिलाफ रिकॉर्ड 3.1 का है और उन्होंने पिछले 15 में से 14 मैच जीते हैं। एकमात्र पराजय विम्बलडन फाइनल में नोवाक जोकोविच से मिली थी। इससे पहले अमेरिका के टॉमी पॉल ने दूसरी वरीयता प्राप्त स्पेन के कार्लोस अलकारेज को 6.7, 7.6, 6.3 से मात दी। चौथी वरीयता प्राप्त नॉर्वे के कैस्पर रूड ने स्लोवाकिया के एलेक्स मोल्कैन को 7.6, 6.3 से मात दी जबकि छठी वरीयता प्राप्त मांट्रियल फेलिक्स आगर एलियासिमे ने जापान के योशिहितो निशिओका को 7.6, 6.4 से हराया। इटली के यानिक सिनेर ने फ्रांस के एड्रियन मानारिनो को 2.6, 6.4, 6.2 से मात दी। वहीं आठवीं रैंकिंग वाले पोलैंड के हुबर्ट हुरकाज ने फिनलैंड के एमिल रूसुवुओरी को 6.3, 6.7, 6.2 से हराया।

## एमआई केपटाउन ने रबाडा, राशिद, लिविंग्स्टन को किया शामिल

मुंबई/केप टाउन, 11 अगस्त। दक्षिण अफ्रीका की घरेलू टी20 लीग में मुंबई इंडियन्स की टीम 'एमआई केप टाउन' ने गुरुवार को लीग के पहले संस्करण के लिए कगिसो रबाडा और डेवाल्ड ब्रेविस सहित पांच खिलाड़ियों को अनुबंधित करने की घोषणा की। एमआई केप टाउन ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि प्री-ऑक्शन साइनिंग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी कगिसो रबाडा और एक अनकैप्ड खिलाड़ी डेवाल्ड ब्रेविस के अलावा अफगानिस्तान के राशिद खान, इंग्लैंड के सैम करन और लियाम लिविंगस्टोन को शामिल किया गया है।

रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने इसकी घोषणा करते हुए कहा, हमने 'एमआई केप टाउन' का आगाज़ कर दिया है, इस शुरूआत से हम उत्साहित हैं। मुझे एमआई परिवार में राशिद, रबाडा, लियाम, सैम का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। डेवाल्ड भी हमारे साथ होंगे। मुझे यकीन है कि एमआई केपटाउन, अन्य दो टीमों की तरह निडर क्रिकेट खेलेगी। उन्होंने कहा, अनुबंधित किए गए खिलाड़ी वर्षों से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और अनकैप्ड डेवाल्ड ब्रेविस 2022 में मुंबई इंडियंस के साथ एक सफल सीजन खेल चुके हैं।

### द हंड्रेड में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने विल स्मीड

बर्मिंघम, 11 अगस्त। बर्मिंघम फ़ीनिक्स के सलामी बल्लेबाज़ विल स्मीड द हंड्रेड में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज़ बन गये हैं। द हंड्रेड एक फ्रेंचाइज़ी आधारित क्रिकेट टूर्नामेंट है जहां एक पारी में 100 गेंदें होती हैं और इसके नियम मुख्यधारा के क्रिकेट से भिन्न होते हैं। 20 वर्षीय विल ने बुधवार को बर्मिंघम फ़ीनिक्स और सदर्न ब्रेव के बीच खेले गये मैच में इस प्रतियोगिता का पहला शतक जड़ा।

# मालिकाना हक होते हुए भी कोटपूतली में लोगों को बेदखल किया जा रहा है

## ना पट्टों की वैल्यू ना रजिस्ट्री की, नगर परिषद ने अवैध कब्जे बता तोड़ डाले मकान, दुकान

- अब लोगों में इतना खौफ की खुद ही अपने घर, दुकान तोड़ रहे हैं।
- परिषद आयुक्त ने वर्तमान में जारी पट्टों से लेकर खेतड़ी रियासत द्वारा जारी पट्टों तक के लिए कहा कि, ये गलत जारी हुए हैं।

कोटपूतली, 11 अगस्त (निसं)। कोटपूतली प्रशासन के समक्ष उनके द्वारा ही जारी किये गये पट्टों एवं रजिस्ट्रियों की कोई कीमत नहीं है, कोटपूतली प्रशासन इन सभी कागजातों को भी संभवत: अवैध व गैरकानूनी मान रहा है।

कोटपूतली में मास्टर प्लान 2011-2031 के अनुरूप कस्बे के मुख्य चौराहे से लेकर नगरपालिका तिराहा तक 80 फीट व पूर्वा सिनेमा से पुतली कट तक 60 फीट सड़कों के चौड़ाईकरण को लेकर मुख्य चौराहे से लेकर अग्रसेन तिराहा, पुराने नगरपालिका भवन के सामने व नेहरू बाजार में जहां विगत 6 अगस्त को अल-सुबह करीब 5 बजे स्थानीय नगरपरिषद् प्रशासन ने भारी पुलिस बल के साथ जेसीबी व पोकलैण्ड मशीनों द्वारा कई इमारतों, दुकानों को इकतरफा कार्रवाई ध्वस्त कर दिया। इस एक तरफा कार्रवाई से पीड़ित लोग हताश है क्योंकि मालिकाना हक होते हुए भी उन्हें सरकार द्वारा अपनी ही निजी प्रोपर्टियों से बिना भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही किये बेदखल किया जा रहा है।

गौरतलब है कि, गतवर्ष 14 व 15 दिसम्बर 2021 को नगरपालिका मण्डल कोटपूतली ने कुछ नागरिकों को नोटिस दिये कि चिन्हित जगह के दोनों तरफ के नागरिक अपने मकान, दुकान एवं अन्य निर्माणों को तीन दिवस के अन्दर हटा लेवें एवं अपने-अपने भूखण्ड से सम्बन्धित दस्तावेजात नगरपालिका मण्डल कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा नोटिस में दी गई समयावधि के पश्चात उनके निर्माण को ध्वस्त कर दिया जायेगा। इसी प्रकार इसी आशय का एक नोटिस 23 दिसम्बर 2021 को भी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया गया था।

लेकिन नगरपालिका कोटपूतली ने जिन व्यक्तियों को इस प्रकार के नोटिस प्रदत्त किये हैं उनमें से अधिकांश अपनी पीढ़ी दर पीढ़ी इन परिसरों पर पट्टे, लीज डीड के माध्यम से भूधारी एवं भूस्वामी है। परन्तु नगरपालिका कोटपूतली ने हठधर्मितापूर्वक इन तथ्यों को नजर अंदाज किया एवं भूस्वामियों को अतिक्रमी की श्रेणी में माना है, जबकि नगरपालिका मण्डल कोटपूतली को कोई भी विधिक अधिकार प्राप्त नहीं था।

इससे भयाकुल नागरिकों ने राजस्थान उच्च न्यायालय की शरण ली, परन्तु दुर्भाग्य से उच्च न्यायालय में 22 दिसम्बर 2021 से 3 जनवरी 2022 तक शीतकालीन अवकाश पर था, परन्तु राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र सुनवाई हेतु अवकाशकालीन न्यायपीठ की तुरन्त स्थापना करते हुए 23 दिसम्बर को सुनवाई करते हुए नगरपालिका कोटपूतली की कार्यवाही पर तुरन्त प्रभाव से रोक लगाई एवं शीतकालीन अवकाश के पश्चात सुनवाई निश्चित की। इसी क्रम में 7 जनवरी 2022 को राजस्थान उच्च न्यायालय की नियमित खण्ड पीठ ने पीड़ित याचिकाकर्ताओं की सुनवाई करते हुए नगरपालिका कोटपूतली के नोटिस की क्रियान्विती पर तुरन्त प्रभाव से रोक लगाते हुए निर्देशित किया कि वह प्रत्येक याचिकाकर्ता के भूखण्ड के स्वामित्व से सम्बन्धित दस्तावेजों की समीक्षा करे एवं प्रत्येक याचिकाकर्ता को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर प्रदान करें।

तदुपरान्त उक्त 25 याचिकाकर्ताओं में से कुछ याचिका-कर्ताओं ने 7 जनवरी 2022 के निर्णय के विरूद्ध राजस्थान उच्च न्यायालय की खण्डपीठ में अपील प्रस्तुत की। जिसपर 25 फरवरी 2022 को खण्ड पीठ ने एकल न्यायपीठ के निर्णय की विस्तृत व्याख्या करते हुए राजस्थान सरकार सहित अधिशाषी अधिकारी कोटपूतली एवं मण्डल अध्यक्ष कोटपूतली को यह निर्देश दिया कि, नगरपालिका कोटपूतली का नोटिस अपास्त एवं खण्डित किया जाता है। उपरोक्त निर्देशों के उपरान्त भी नगर परिषद कोटपूतली के आयुक्त ने मंत्री एवं स्थानीय विधायक राजेन्द्र यादव की कार्यशैली के चलते 6 अगस्त को याचीगणों एवं नागरिकों के विधि सम्मत् निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

इसी बीच याचिगणों ने पुन: राजस्थान उच्च न्यायालय में राहत हेतु गुहार लगाई लेकिन इस बार भी स्वतंत्रता दिवस के अवकाश होने के कारण 18 अगस्त को सुनवाई किया जाना निश्चित किया गया है।

इस कार्रवाई को लेकर लोगों का कहना है कि, जिन मकान और दुकानों को नगरपरिषद् प्रशासन ने अवैध मानते हुए तोड़ा है या चिन्हित किया है उन मकान दुकानों में काबिज रहते उनकी सदियां गुजर गई हैं। लेकिन उन्हें बिना मुआवजा राशि तथा पुनर्वास की व्यवस्था किये ही तुगलकी फरमान जारी कर वहां से बेदखल किया जा रहा है।

इधर नगर परिषद् आयुक्त फतेहसिंह मीणा ने लोगों के वर्तमान में बने पट्टों से लेकर खेतड़ी रियासत तक के पट्टों को गलत जारी हुआ माना है। जिस पर लोगों का कहना है कि, पट्टे चाहे वर्तमान में जारी हुए हों या पूर्व में लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ही जारी नहीं किया गया बल्कि रजिस्ट्रार द्वारा उन्हें रजिस्टर्ड भी किया गया है। ऐसे में दुकान व मकान मालिकों का हक छीनना नियम विरूद्ध है। उक्त कार्यवाही के बाद अब लोगों में भय का माहौल है जिसके चलते लोगों ने अपनी सम्पतियों को तोड़ना शुरू कर दिया है। इधर प्रभावित लोग प्रशासन व सरकार से अपनी सम्पतियों के नुकसान के मुआवजे व पुनर्वास की भी मांग कर रहे हैं।

# बांदा में यमुना नदी में नाव डूबी

बांदा, 11 अगस्त (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में गुरुवार को यमुना नदी में एक नाव डूबने की दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी और 17 लापता हैं, जबकि 15 अन्य को गोताखोरों ने सुरक्षित बचा लिया है। इस नाव में कुछ बहनें भी सवार थीं तो माइके अपने भाइयों को राखी बांधने जा रही थीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन को राहत एवं बचाव कार्य तेज गति से चलाने के निर्देश दिये हैं। बांदा के पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि आज दोपहर बाद लगभग तीन बजे यमुना नदी में फतेहपुर से बांदा की ओर आ रही एक नाव बांदा जिले के मरका थाना क्षेत्र में डूब गयी। उन्होंने बताया कि इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरु कर दिया।

उन्होंने बताया कि तेज हवा चलने के कारण नाव असंतुलित होकर पलट गयी। गोताखोरों ने अब तक दो महिलाओं और एक बच्चे का शव बरामद कर लिया है।

## बार...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

व मई, 2022 के सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए इस संबंध में सभी बार एसोसिएशन को पत्र लिखा है। बीसीआर की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि, बार एसोसिएशन का हर सदस्य चुनाव से कम से कम दो दिन पहले शपथ पत्र पेश कर घोषणा करेगा कि उसने किसी अन्य बार एसोसिएशन में वोट नहीं डाला है। वहीं यदि यह घोषणा झूठी पाई गई तो ऐसे सदस्य की सदस्यता स्वत: ही तीन साल के लिए निलंबित हो जाएगी। इसके अतिरिक्त, यदि बार एसोसिएशन ने निर्देशों की पालना नहीं की गई तो एसोसिएशन की संबद्धता को भी रद्द किया जा सकता है। इसके अलावा बार काउन्सिल ने सभी बार एसोसिएशन्स को मतदाताओं की अपडेट की गई सूची भी भेजने को कहा है। गौरतलब है कि, राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान हाई कोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन, जोधपुर व अन्य बनाम बीसीआर व अन्य मामले में बार एसोसिएशनों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे। हाईकोर्ट के इन निर्देशों को कुछ संशोधनों के बाद सुप्रीम कोर्ट ने भी बहाल रखा था।

# बाराती बनकर आयकर विभाग ने 4 कंपनियों पर छापा मारा

## किसी को भनक ना लगे इसलिए 260 अधिकारियों की टीम सजी-धजी 120 कारों में सवार होकर छापा मारने पहुंची

- इतना बड़ा काफिला देखकर किसी को शक ना हो जाये इसलिए सभी कारों के ऊपर ''दुल्हन हम ले जायेंगे'' के स्टिकर लगाये गये थे।
- पूरी कार्रवाई इतने गुप्त तरीके से की गई कि, तीन दिन तक छापामारी चली, लेकिन स्थानीय पुलिस तक को भनक नहीं लगी।
- इतनी बड़ी मात्रा में मिली नकद राशि को गिनने के लिए यह सारा रुपया स्थानीय स्टेट बैंक की शाखा में ले जाया गया, जहां इसे गिनने में कुल 13 घंटे लगे।

मुंबई, 11 अगस्त। महाराष्ट्र के जालना व छत्रपति शंभाजी महाराज नगर (औरंगाबाद) जिले में आयकर विभाग के अधिकारी बाराती बनकर पहुंचे। एक सप्ताह तक छापे की कार्रवाई की। शुरुआत तीन दिन तक स्थानीय पुलिस को भी भनक नहीं लगी। अब तक करीब आधा दर्जन व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से 390 करोड़ की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। आयकर सूत्रों के अनुसार, उन्हें स्टील कारोबार व फैक्ट्रियों के एक बड़े केंद्र जालना की चार कंपनियों छत्रपति शंभाजी महाराज नगर के व्यवसायी व प्रापर्टी डीलर द्वारा आयकर चोरी की भनक लगी थी। ठोस सूचनाओं के आधार पर आयकर विभाग के 260 अधिकारियों की बड़ी टीम 120 कारों में छापा मारने इन कंपनियों में जा धमकी। इन 120 कारों के काफिले में हर कार पर 'दुल्हन हम ले जाएंगे' का स्टीकर लगा था, ताकि देखने वालों के लगे कि कोई बारात जा रही है। तीन अगस्त को इनमें से एक टीम जालना के बाहरी इलाके में स्थित एक फार्म हाउस पर पहुंची और छापे की कार्रवाई शुरू की। जिन कंपनियों पर छापे मारे गए उनके नाम हैं-कालिका स्टील एलाय प्रालि, श्री राम स्टील, फाइनेंसर विमल राज, एक डीलर प्रदीप बोरा व जालना का एक सहकारी बैंक। जिन स्टील कंपनियों पर छापे पड़े हैं, उनमें से एक की स्थापना 2003 में एवं दूसरी की 1985 में हुई थी। एक साथ इतने प्रतिष्ठानों पर छापेमारी के बावजूद स्थानीय पुलिस को तीन दिन तक इन छापों की भनक तक नहीं लग पाई। करीब आधा दर्जन प्रतिष्ठानों, उनके मालिकों व कर्मचारियों के विभिन्न ठिकानों व उनके बैंक लाकरों से आयकर विभाग को 58 करोड़ रुपए नकद, 32 किलो सोना तथा कई बेनामी संपत्तियों के कागजात बरामद हुए हैं। इनकी कुल कीमत अब तक 390 करोड़ बताई जा रही है। इतनी बड़ी मात्रा में मिली नकद राशि को गिनने के लिए यह सारा रुपया स्थानीय स्टेट बैंक की शाखा में ले जाया गया, जहां इसे गिनने में कुल 13 घंटे लगे। तीन अगस्त से शुरू हुई छापे की यह कार्रवाई आठ अगस्त तक चली।

## आंध्र को...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

फोस्टर प्लस पार्टनर्स लिमिटेड को भुगतान नहीं करने के लिए नोटिस दिया। कम्पनी ने अमरावती को कोर कैपिटल क्षेत्र का मास्टर प्लान बनाया था।

चीफ जस्टिस एन.वी. रमना की दो सदस्यीय बैंच, जिसमें जस्टिस कृष्ण मुरारी भी शामिल हैं, ने यू.के. की आर्किटैक्ट कम्पनी की याचिका स्वीकार की है जिन्होंने डिजाइन वर्क के बकाया भुगतान के लिए राज्य सरकार के साथ हुए विवाद में मध्यस्थता करने की मांग की है। अगली सुनवाई 26 सितम्बर को होगी।

फोस्टर प्लस पार्टनर्स कम्पनी ने वर्ष 2018 में अमरावती के राजधानी क्षेत्र का मास्टर प्लान और इमारतों के डिजाइन बनाए थे। इन इमारतों में विधानसभा भवन, हाईकोर्ट परिसर व अन्य प्रशासनिक भवन शामिल हैं।

जगनमोहन सरकार, जिसने मई 2019 में राज्य की सत्ता संभाली थी, ने अमरावती कैपिटल प्लान को त्याग दिया और सभी काम रुकवा दिया साथ ही सभी भुगतान भी रुकवा दिए। तीन साल इंतजार करने के बाद कम्पनी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और मध्यस्थता के जरिए मामला सुलझाने की इच्छा जताई है।

# क्या ममता बनर्जी भी मायावती की...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

- ममता बनर्जी के मंत्रिमण्डल के वरिष्ठ मंत्री पार्थो चटर्जी का प्रकरण, इन्कम टैक्स के अभियान का पहला एपिसोड है। उसके बाद बीरभूम के तृणमूल के जिलाध्यक्ष अनुब्रत मण्डल व उनके गैंग के खिलाफ बंगलादेश में मवेशी भेजने व बेचने के पुख्ता सबूत इकट्ठा करके सी.बी.आई. ने मंडल को गिरफ्तार कर लिया है तथा इनके पास भी अरबों की सम्पत्ति होने की चर्चा है।
- क्या इन प्रकरणों ने ममताजी को प्र.मंत्री मोदी व भाजपा के प्रति नरम होने को बाध्य किया है?

यहां यह दिलाना जरूरी है कि यशवंत सिन्हा के नाम का प्रस्ताव तृणमूल कांग्रेस ने ही किया था तथा उसे आगे बढ़ाया था तथा उन्हें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का पूरा समर्थन प्राप्त था।

2007 से 2012 तक, जब मायावती उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री थीं, उस समय सेवानिवृत्त आई.ए.एस. नेतराम उनके सबसे ज्यादा करीब माने जाते थे। वे पांच साल तक मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव रहे थे।

इस बीच, जाति के दलित, नेतराम महत्वपूर्ण पदों पर रहे। वे कृषि विभाग में प्रधान सचिव रहे। इसके अलावा, वे एक्साइज़, गन्ना, खाद्य तथा नागरिक आपूर्ति में भी सर्वोच्च पद पर रहे।

सूत्रों का कहना है कि ममता तक यह संदेश पहुंचा दिया गया कि वे संयुक्त विपक्ष का हिस्सा बनने से दूर रहें, अन्यथा इसके परिणाम मायावती जैसे ही होंगे। टी.एम.सी. में कम से कम एक दर्जन ऐसे नेता हैं, जिनकी परिसम्पत्तियाँ, उनकी आय के ज्ञात स्त्रोतों की तुलना में अनेक गुना ज्यादा हैं तथा इस मामले में एक याचिका कलकत्ता उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, जिसका निबटारा शीघ्र ही कराया जा सकता है।

राष्ट्रपति चुनावों में, यशवंत सिन्हा से कह दिया गया था कि वे पश्चिमी बंगाल में अपना प्रचार नहीं करें तथा इसका कारण यह बताया गया था कि उनके राज्य में आने से तथा टी.एम.सी. द्वारा उनकी उम्मीदवारी का खुला समर्थन किये जाने से आदिवासी मतदाता पार्टी से दूर छिटक जायेंगे तथा सिन्हा कोलकाता नहीं गये।

उनके आमतौर से रहने वाले आक्रामक तेवरों में स्पष्ट बदलाव उपराष्ट्रपति चुनाव में दिखाई दिया, जब ममता ने कहा कि उनकी पार्टी मतदान से दूर रहेगी। खासतौर से उस स्थिति में, जब सत्तारूढ़ एन.डी.ए. के प्रत्याशी वही जगदीप धनखड़ थे, जिनके साथ, जब वे पश्चिम बंगाल के राज्यपाल थे, ममता की लड़ाई चलती रहती थी, उनका विपक्ष की प्रत्याशी मार्गरेट अल्वा का समर्थन न करने तथा मतदान तक से दूर रहने के निर्णय को क्या माना जाये। मतदान से दूर रहने का मतलब था-अप्रत्यक्ष रूप से एन.डी.ए. का समर्थन करना। पुराने तथा धीर-गंभीर राजनैतिक पर्यवेक्षकों को चकित कर देने वाली बात यह थी कि भाजपा तथा मोदी सरकार के प्रति प्राय: दिखाई देते रहने वाली उनकी उग्र आक्रामकता गायब हो गई थी। खासतौर से ध्यान देने योग्य बात यह है कि उनकी हाल की ही दिल्ली यात्रा के दौरान, जहाँ उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट की तथा नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी शिष्टाचार भेंट की, वहीं वे किसी भी विपक्षी नेता से नहीं मिलीं।

सूत्रों के अनुसार, मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा के प्रति उनकी पूर्व राजनैतिक आक्रात्मकता से ममता के दूर होने का कारण इस साल 14 जनवरी को दार्जलिंग में हुई वह मीटिंग थी, जिसमें उनके अलावा राज्य के गवर्नर धनखड़ तथा असम के मुख्यमंत्री हिमान्ता बिस्वा सरमा शामिल थे। हालांकि इस मीटिंग को एक शिष्टाचार मीटिंग का नाम दिया गया, जिसमें कोई राजनैतिक चर्चा नहीं हुई, लेकिन सूत्रों का कहना है कि उन्हें यह संक्षिप्त संदेश दे दिया गया था कि वे स्वयं को राज्य की राजनीति तक ही सीमित रखें, अन्यथा उसके परिणाम उनके सामने आ जायेंगे। उनसे यह कह दिया गया बताते हैं कि उनके पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी पर मारे गये छापे तो एक छोटी सी शुरूआत हैं, आगे और बहुत कुछ हो सकता है।

आज केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने पशु तस्करी केस में तृणमूल कांग्रेस के एक और नेता अणुव्रत मंडल को गिरफ्तार कर लिया।

सैन्ट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सी.बी.आई.) की टीम तृणमूल के बीरभूमि जिलाध्यक्ष को गिरफ्तार करने के लिये उनके घर पहुँची। सी.बी.आई. के साथ केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान भी थे। इससे पहले मंडल के वकील ने कहा था कि उन्हें पूछताछ के लिये उपस्थित होने से पहले, कम से कम दो सप्ताह का समय चाहिये।

एक बहुत बड़ा प्रश्न यह भी पूछा जा रहा है कि क्या यही स्थिति आठ बार बिहार के मुख्यमंत्री रह चुके नीतीश कुमार की भी होनी है, जिन्होंने विपक्ष के खेमे में पहुँच कर, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व पर करार प्रहार किया है।

## तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मंडल के वकीलों ने सी.बी.आई. से कहा था कि उन्हें सी.बी.आई. के समक्ष उपस्थित होने के लिये 14 दिन का समय चाहिये, क्योंकि उन्हें फिस्टुला का ऑपरेशन कराना है। एक बार तो राज्य के एस.एस.के.एम. अस्पताल के बदनाम डॉक्टरों ने कह दिया था कि उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की वस्तुत: कोई जरूरत नहीं है।

बंगाल की राजनीति ने प्लासी के युद्ध के दिनों से लेकर अभी तक सम्भवत: चोरी तथा चरित्रहीनता का ऐसा खुला प्रदर्शन एवं कारनामे नहीं देखे हैं। रोजाना ही, सत्तारूढ़, तृणमूल कांग्रेस के सदस्य जनता की खुली लूट, धोखाधड़ी तथा भ्रष्टाचार के ऐसे उदाहरण पेश करते रहते हैं।

गिरफ्तारी से पहले, अणुब्रत मण्डल ने मवेशियों को तस्करी से बाँग्लादेश भेजने के मामले में सी.बी.आई. के समक्ष उपस्थित होने के 10 पूर्व सम्मनों की अनदेखी कर दी थी। उनके निजी सिक्योरिटी गार्ड सैगल होसेन को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जाता है कि होसेन ने अनेकानेक सम्पत्तियों के ढ़ेर लगा रखे हैं, जिनकी कीमत करोड़ों रूपयों में है।

अणुब्रत के करीबी समर्थक तथा सहायक करीम खान एवं जिआउल हक़ भी गिरफ्तार कर लिये गये हैं। इसके अतिरिक्त, एक पत्थर-व्यापारी, तुलू मण्डल के निवास पर भी छापा मारा गया है। इन छापों तथा गिरफ्तारियों में 17 लाख नकद रूपये जब्त कर लिये गये, इसके अलावा, ऐसे दस्तावेज भी जब्त किये गये हैं, जो विभिन्न लेन-देन दर्शाने वाले हैं। कुछ पैन ड्राइव तथा कम से कम 10 मोबाइल फोन भी जब्त किये गये हैं।

सी.बी.आई. ने कोर्ट को शिकायत की कि, अनुब्रत मण्डल ने जांच के दौरान सहयोग नही दिया तथा केस के संबंध में उनकी जांच के सारे प्रयासों को टाल रहे हैं। जिले में उनके कई वफादारों को सी.बी.आई. ने गिरफ्तार भी किया है। अभी 19 संदिग्ध व्यक्ति और लाइन में हैं। इनमें से कुछ ने जिनमें ब्रातेबासू और फिराद हासिम जैसे प्रसिद्ध लोग भी शामिल हैं, प्रैस कॉन्फ्रेंस आयोजित करके कहा कि, सी.बी.आई. तथा ई.डी. गलत हैं।

- मज़े की बात यह है कि, अनुब्रत मंडल के कुछ नज़दीकी साथियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके, सी.बी.आई. की इस कार्यवाही का विरोध जताया। ये वो ही सब बातें करते रहे प्रेस कॉन्फ्रेंस में, जो ममता बनर्जी ऐसे मौकों पर सदा से कहती रही हैं। ''यह केन्द्रीय सरकार की साजिश है तथा वो राज्य सरकार को कमजोर व बदनाम करना चाहती है। केन्द्रीय सरकार डरा कर तृणमूल नेताओं को राजनीति छोड़ने या भाजपा से जुड़ने का दबाव बना रही है।''

ये लोग वही बात दोहरा रहे हैं, जो राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हमेशा कहती हैं कि, केन्द्र विपक्ष के नेताओं को धमकाने व भयभीत करने के लिए केन्द्रीय एजेन्सियों का उपयोग कर रहा है तथा इन्हें फुसला रही है, विपक्ष को छोड़कर भाजपा के साथ आने के लिए।

सत्तारूढ़ व्यवस्था भीतर तक भ्रष्ट साबित हो रही है तथा हर संभव अनियमितता बरत रही है, जिसमें मुख्यमंत्री के सबसे करीबी लोग भी शामिल हैं।

प्रश्न यह है कि: कैबिनैट शैली की सरकार में, जो सामूहिक जिम्मेवारी पर आधारित है, क्या अब समय नहीं आ गया कि मुख्यमंत्री जिम्मेवारी लें और इस्तीफा दें। ऐसा हो जाता, बहुत पहले ऐसा हुआ होता, यदि राजनेताओं में ज़रा भी शर्म व आत्म सम्मान होता।

# 'किश्त नहीं चुकाई तो जमा राशि पर कटौती जायज'

## जयपुर की स्थायी लोक अदालत ने आवासन मंडल के पक्ष में फैसला सुनाया

- लोक अदालत ने कहा कि, परिवादी ने कई रिमाइंडर भेजे जाने के बाद भी किश्त जमा नहीं करवाई थी, इसलिए आवासन मंडल जमा राशि से नियम अनुसार कटौती कर शेष राशि बिना ब्याज लौटाए।

जयपुर, 11 अगस्त (का.सं.)। जिले की स्थाई लोक अदालत ने तय शर्तो के अनुसार किश्त नहीं चुकाने पर फ्लैट का आवंटन रद्द करने और जमा राशि में से कटौती करने की आवासन मंडल की कार्रवाई को सही माना है। अदालत ने कहा कि, परिवादी ने जानबूझकर किश्त जमा नहीं कराई, जबकि, उसे बोर्ड ने किश्त चुकाने के लिए कई पत्र भेजे थे। ऐसे में आवासन मंडल जमा राशि में से नियमानुसार राशि कटौती कर शेष राशि बिना ब्याज लौटाए। अदालत ने यह आदेश अविनाश कुंभज कि याचिका पर दिया है।

मामले के अनुसार परिवादी ने फरवरी 2013 में हाउसिंग बोर्ड की जगतपुरा स्थित इंदिरा गांधी आवासीय योजना में फ्लैट के लिए 2,96,000 रुपए पंजीकरण राशि जमा करवाकर आवेदन किया। बोर्ड ने फ्लैट की अनुमानित आरक्षण राशि 29.60 लाख रुपए तय कर उसे आरक्षण पत्र जारी कर दिया और सात किश्तों में राशि जमा करवाने के लिए कहा, लेकिन उसने राशि का भुगतान नहीं किया और 8 जुलाई 2014 के बोर्ड नोटिस पर अंतिम भुगतान सहित कुल 7,53,720 रुपए ही दिए। हाउसिंग बोर्ड ने किश्त नहीं देने पर फ्लैट का आवंटन रद्द कर दिया।

वहीं परिवादी ने हाउसिंग बोर्ड से जमा राशि वापस मांगी। इस पर बोर्ड ने नियमानुसार जमा में से बीस प्रतिशत राशि कटौती कर उसे शेष राशि रिफंड देने की बात कही। इसे परिवादी ने स्थाई लोक अदालत में चुनौती दी।

## उपराष्ट्रपति ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

राष्ट्रपति भवन में शपथ दिलाई।

शपथ लेने से पहले सुबह धनखड़ राजघाट गए और महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। उन्होने ट्वीट किया राजघाट के पवित्र शांत माहौल में पूज्य बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भारत की सेवा में तत्पर रहने के लिए स्वयं को धन्य व प्रेरित महसूस किया। अपने वकालत कैरियर में धनखड़ सबसे युवा थे, जिन्हें 1987 राजस्थान हाई कोर्ट बार ऐसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया था। एक वर्ष बाद वे 1988 में वे राजस्थान बार काउन्सिल के सदस्य भी बने। उन्हे 30 जुलाई 2019 को पश्चिम बंगाल का राज्यपाल बनाया गया तथा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ उनके रिश्ते हमेशा तल्ख रहे।

## 'चुनाव के समय...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कहा कि अर्थव्यवस्था पर इनके ''साइड इफैक्ट्स'' का आकलन किया जाना चाहिए।

आम आदमी पार्टी के वकील सिंघवी ने कहा, इम समझते हैं कि आपने गंभीर मुद्दा उठाया है। ''फ्रीबी'' शब्द का बहुत ग़लत तरीके से इस्तेमाल हो रहा है। बैंच ने कहा ''हम सजग हैं कि हम किस हद तक जा सकते हैं।''

सिंघवी ने आग्रह किया कि याचिकाकर्ता का आवेदन है कि राजनैतिक पार्टियों को कोई भी वादा या दावा करने से प्रतिबंधित करने के लिए जिस तरीके से आदेश चाहा जा रहा हैं वह ना केवल मुश्किल है बल्कि अनुचित भी है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया से समाजवादी व लोक कल्याणकारी एजेंडा को निकाल फेंकने से याचिकाकर्ता जातिवाद व सांप्रदायिकता पर आधारित राजनीति करेगा। आम आदमी पार्टी ने कहा कि याचिका, जिसमें से ''मुफ्त सौगातों'' हल्का सा जिक्र है, स्पष्ट रूप से आर्थिक विकास के एक खास मॉडल के खिलाफ न्यायिक कार्यवाही चाहती है। वे मुख्य रूप से समाजवादी कल्याणकारी साधनों पर होने वाले खर्च पर अंकुश लगाना चाहते हैं।'' विकसित देशों द्वारा अपनाई गई कल्याणकारी योजनाओं का हवाला देते हुए आपने कहा कि स्कैंडिनेवियन देशों के समाजवादी व लोक कल्याणकारी मॉडल के कारण इन देशों ने विकास के क्षेत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है।

कमेटी का सुझाव सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दिया जिसमें केन्द्र सरकार का सचिव, राज्य सरकार का सचिव, विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया, नीति आयोग, नैशनल टैक्स पेपर्स एसोसिएशन प्रतिनिधियों को शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा अगर मुफ्त सौगातों के लोक कल्याण मान लिया गया तो यह विनाशकारी होगा। पूर्व सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने माना था कि गरीबों को मदद की आवश्यकता है।

# वरिष्ठ वकील व सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

- दुष्यन्त दवे का कहना था कि, मुख्य न्यायाधीश बैंचों के गठन के बारे में निर्णय लें तथा इस बात को भी निश्चित करें कि, कौन सी बैंच किस विषय (सब्जैक्ट) पर मुकदमे सुनेगी। पर, इसके आगे ऑटोमैटिकली, कम्प्यूटर द्वारा ''डिसाइड'' होना चाहिये, किसी आदमी द्वारा नहीं।

एक इन्टरव्यू में दवे ने कहा, ''मुख्य न्यायाधीश बैंचों की संरचना/गठन के बारे में निर्णय ले सकते हैं, वे उन बैंचों को सब्जैक्ट मैटर्स के आवंटन का भी निर्णय ले सकते हैं, लेकिन एक बार ऐसा हो जाने के बाद, कम्प्यूटर को उसके स्वयं के हिसाब से काम करते हुये, विभिन्न बैंचों के पास मुकदमे भेजते रहना चाहिये। इस मामले में रजिस्ट्रार या मुख्य न्यायाधीश द्वारा होने वाला मानवीय हस्तक्षेप बहुत क्षुब्ध कर देने वाला है।''

दवे ने उदाहरण देते हुए कहा कि किस प्रकार से एक विशेष कॉर्पोरेट हाउस के केस एक खास बैंच को ही आवंटित किये जाते थे।'' इसके अलावा इसका और क्या स्पष्टीकरण हो सकता है कि एक बहुत बड़े कॉर्पोरेट प्रतिष्ठान के नौ केसों का फैसला न्यायमूर्ति अरूण मिश्रा की बैंच द्वारा ही दिये गये? मेरे जून, 2019 में लिखे गये पत्र, जिसके लिखे जाने तक केवल चार ही केस उस बैंच के पास गये थे, के बावजूद मुख्य न्यायाधीश गोगोई ने 5 केस उसी बैंच को और सौंपे थे.....। यह उदाहरण आपको क्या बताता है? जब न्यायमूर्ति गोगोई की पुस्तक लॉन्च हुई तो उन्होंने उस पुस्तक के विमोचन समारोह में उस कॉर्पोरेट हस्ती का सपरिवार स्वागत किया था। यह घटना आपको क्या बताती है? ऐसा होते देखना वास्तव में बहुत व्याकुल कर देने वाला है कि इस प्रकार की घटनाएं घटित होती हैं और सर्वोच्च न्यायालय का हर व्यक्ति अपनी आंखें बंद किये रखना चाहता है। आखिर जज क्या कर रहे हैं? सर्वोच्च न्यायालय में अनिवार्यत: बहुत अच्छे जज होते हैं। लेकिन ये अच्छे जज खामोश क्यों बने रहते हैं? क्या सर्वोच्च न्यायालय की कोई खास बैंच किसी खास कॉर्पोरेट घराने के लिये बनी है? ऐसा लंबे समय से, बहुत लंबे समय से हो रहा है। मुझे अच्छी तरह याद है कि बहुत पहले, जब केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पर अभियोग चला था, या ऐसा कुछ था, उस समय मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बालकृष्णन थे, मुकदमा केवल पहली पांच बैंचों को सौंपा जाना था, लेकिन यह प्रकरण 9 या 10 नम्बर की अदालत के पास भेज दिया गया तथा तुरन्त ही अंतरिम आदेश जारी कर दिये थे। ऐसा प्राय: हो रहा है।

दवे ने रजिस्ट्रार एक कामकाज को लेकर भी अपनी चिंताएं साझा कीं। उन्होंने कहा, ''बहुत सारे युवा वकीलों में यह भावना पुष्ट होती जा रही है कि उनके केस महीनों-महीनों तक सूचीबद्ध नहीं किये जाते तथा कुछ प्रभावशाली एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड के केस अचानक सूचीबद्ध हो जाते हैं, कभी-कभी तो ऐसा ठीक उसी फैसले से हो जाता है, जिसके लिए किसी अन्य एडवोकेट ऑन-रिकॉर्ड सर्वोच्च न्यायालय में इससे पूर्व याचिका दाखिल की होती है। इन चीजों से बहुत ही बुरा संदेश जाता है।''दवे ने कहा, ''जब मैं बार का अध्यक्ष था, तब मैंने इस मामले में प्रत्येक मुख्य न्यायाधीश से बात करने की कोशिश की थी, और मुझे कहना ही होगा कि न्यायमूर्ति ठाकुर ने इस व्यवस्था को सुधारने का उल्लेखनीय प्रयास किया था तथा उनसे मेरी काफी बातचीत हुई थी।

उन्होंने शिकायतों के समाधान के लिये एक खास किस्म के जज तथा वकीलों का ग्रुप बनाया था, लेकिन दुर्भाग्य का विषय था कि जैसे ही वे मुख्य न्यायाधीश सेवानिवृत्त हुये, अगले जज ने उस शिकायत-समाधान तंत्र की तरफ ध्यान ही नहीं दिया। एक व्यवस्था होनी ही चाहिये। आज, जज सर्वेसर्वा हैं। बार जजों से यह कहने की स्थिति में नहीं है कि आखिर यह सब हो क्या रहा है।'' दवे चाहते हैं कि सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री में आ रहा क्षय रूके। उन्होंने कहा, ''युवा वकील वास्तव में बहुत परेशान हैं। सीधे-साधे वादी वास्तव में परेशान हैं। प्रभावशाली वादियों के केसों का नम्बर पहले आ जाता है तथा उन्हें अनुकूल स्लॉट भी मिल जाता है।'' आघात पहुंचाने वाली बात यह है कि रजिस्ट्रार कार्यालय के अधिकारियों का युवा वकीलों तथा अपेक्षाकृत कम सफल वकीलों की परेशानियों और तकलीफों की तरफ ध्यान ही नहीं है। दवे ने पूछा कि अगर उच्च न्यायालयों में दर्ज केस अगले ही दिन सूचीबद्ध हो सकते हैं, तो सर्वोच्च न्यायालय में ऐसा क्यों नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि अगर आप उच्च न्यायालय में कोई केस दायर करते हैं, तो वह 2-3 दिनों में सूचीबद्ध हो जायेगा। ऐसा इसलिये हो जाता है कि उच्च न्यायालयों में उनके बोर्डों पर अदालत का पूरा नियंत्रण होता है, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय में ऐसा नहीं होता।

सर्वोच्च न्यायालय के बहुत से जज, जो उच्च न्यायालयों से आये हैं, या तो इन स्थितियों को सुधारने के इच्छुक नहीं है, या फिर वे उनकी पूरी तरह उपेक्षा करते रहना चाहते हैं। बार के युवा वकीलों को कोर्ट में उपस्थित होने के एक या दो अवसर ही मिल पाते हैं, लेकिन उन्हें अपने मुकदमे एक, दो या तीन दिन में सूचीबद्ध करा पाने में मुश्किल आती है, जबकि प्रभावशाली एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड एक महीने 50 केस तक दर्ज करा लेते हैं। दवे चाहते हैं कि सर्वोच्च न्यायालय को इन युवा तथा महिला वकीलों का सहयोग करना चाहिये क्योंकि उनके मुवक्किलों को न्याय की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि अगर कोई मुकदमा लंबे समय तक सूचीबद्ध नहीं होता, तो वे विभिन्न राज्यों से अदालत में आने वाले वकीलों के आगे क्या प्रदर्शित कर सकते हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908